सूर्योदय 7:1 सूर्यास्त 6:09

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 15.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.2 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76171.08 |
| निफ्टी | 23045.25 |
| सोना 86,620 | चांदी 96,933 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



एचआरटीसी हिमाचल की लाइफलाइन, लोगों को मिल रही बेहतर सुविधाएं : पंकज चड्ढा

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 13 फरवरी 2025 | 2 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 46, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के अध्यक्ष को हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) के अध्यक्ष को उनके पद से इस्तीफा देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति कानून के अनुसार नहीं है। कर्नाटक हाईकोर्ट के एक आदेश को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने डॉ. अनिल खुराना को एक सप्ताह के भीतर पद छोड़ने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी को तत्काल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना चाहिए। तत्काल से हमारा तात्पर्य आज से एक सप्ताह के भीतर है, ताकि वह अपना कार्य पूरा कर सकें। हालांकि, इसमें वित्त से जुड़ा कोई भी नीतिगत निर्णय शामिल नहीं है। अध्यक्ष के पद की नियुक्ति के लिए नई प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

### पीएम मोदी के विमान पर हमला करने की धमकी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान पर अटैक की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई, जिसमें चेतावनी दी गई कि आतंकवादी प्रधानमंत्री मोदी के विमान पर हमला कर सकते हैं। मुंबई पुलिस ने इस बारे में सभी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया था। हालांकि, बुधवार को पुलिस ने चेंबूर इलाके से एक शख्स को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया- पकड़ा गया शख्स मानसिक रोगी है। पिछले 4 महीने में प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी का यह दूसरा मामला है।

### सीईसी-ईसी की नियुक्ति पर 19 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम न्यायालय ने 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए बुधवार को 19 फरवरी की तारीख तय की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि इस बीच कुछ भी घटित होता है, तो उसके परिणाम अवश्य भुगतने होंगे। एक गैर सरकारी संगठन की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ को बताया कि पहले इन याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन अब इन्हें 19 फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### दिल्ली परिवहन विभाग के 6 अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली परिवहन विभाग के छह अधिकारियों को भ्रष्टाचार और रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के हाल में दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह पहली बड़ी कार्रवाई है। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी को विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी से पहले शिकायतों की निगरानी और सत्यापन करने का निर्णय लिया गया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- छटा में निखार, ऊपर से सालाना 90 लाख से ज्यादा कमाई की भी तैयारी -पेज 2
- हिमाचल में सूखे जैसे हालात, टूरिस्ट मायूस -पेज 3
- सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे -पेज 4
- मोदी और मैक्रों के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति -पेज 13
- चैंपियंस ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया की कप्तान बने स्टीव स्मिथ -पेज 14

# भारत में भ्रष्टाचार बढ़ा, 3 पायदान गिरकर 96वें रैंक पर पहुंचा

## ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने जारी की 180 देशों की लिस्ट, चीन 76 और पाकिस्तान 135वें नंबर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ट्रांसपेरेंसी** इंटरनेशनल संस्था की ओर से जारी 180 देशों की करप्शन रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है। भारत 2024 की लिस्ट में 3 पायदान गिरकर 96वें नंबर पर आ गया है। 2023 में भारत 93वें नंबर पर था। भारत में करप्शन बढ़ा है।

पड़ोसी देश चीन 76वें नंबर पर बरकरार है, उसकी रैंकिंग में 2 साल से बदलाव नहीं आया है। वहीं, पाकिस्तान में भी करप्शन बढ़ा है। वह 133 से 135वें नंबर पर आ गया है। श्रीलंका 121वें और बांग्लादेश 149वें नंबर पर है। डेनमार्क पहले नंबर पर बना हुआ है। वहां सबसे कम भ्रष्टाचार है। फिनलैंड दूसरे और सिंगापुर तीसरे नंबर पर है। साउथ सूडान (180) सबसे करप्ट देश है। जारी की गई रैंकिंग में 1 नंबर पर रहने वाले देश में कम भ्रष्टाचार है और 180वें नंबर पर रहने वाले देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है। रिपोर्ट में भारत का स्कोर 38 निर्धारित किया है। 2023 में यह स्कोर 39 और 2022 में 40 था। सिर्फ एक नंबर के कम होने से भारत 3 पायदान खिसक गया है। वैश्विक औसत सालों से 43 बना हुआ है, जबकि दो-तिहाई से अधिक देशों ने 50 से नीचे स्कोर किया है।

### एशिया के देशों में भ्रष्टाचार की स्थिति

- एशिया के देशों में पिछले 5 सालों में सीपीआई स्कोर 45 के आसपास बना हुआ है। इस साल 44 है। बहुत कम देशों में ही भ्रष्टाचार में कमी आई है। एशिया के अधिकतर देशों में धीरे-धीरे भ्रष्टाचार बढ़ा है।
- भारत समेत एशिया के 71 देशों का स्कोर यहां के औसत स्कोर (45) से नीचे है। रिपोर्ट में दावा किया कि इन देशों के नेताओं ने भ्रष्टाचार के मुद्दों को गंभीरता से नहीं लिया है। साथ ही इन देशों में स्वतंत्र प्रेस पर भी हमले हुए हैं। इससे भ्रष्टाचार के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

### 2006-07 में सुधरी थी रैंकिंग, 2013 में फिर खराब

**2005** से लेकर 2013 तक यूपीए की सरकार और मौजूदा एनडीए सरकार की तुलना की जाए तो स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। 2006-07 में करप्शन के मामले में जरूर रैंकिंग सुधरी है। उस दौरान भारत 70वें और 72वें स्थान पर था। 2013 में भारत 94वें स्थान पर लुढ़क गया। वहीं एनडीए के कार्यकाल में सबसे अच्छी स्थिति 2015 में रही, तब भारत वर्ल्ड रैंकिंग में 76वें स्थान पर पहुंचा था।

### भ्रष्टाचार जलवायु कार्रवाई के लिए एक बड़ा खतरा

सीपीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भ्रष्टाचार दुनिया के हर हिस्से में एक खतरनाक समस्या है। रिसर्च में सामने आया है कि भ्रष्टाचार क्लाइमेट एक्शन के लिए बड़ा खतरा है। यह इमिशन को कम करने और ग्लोबल हीटिंग के न टाले जा सकने वाले असर की प्रोग्रेस में समस्या खड़ी करते हैं। दरअसल, जलवायु नीतियों के लिए आवंटित धन भ्रष्टाचार के कारण सही जगह नहीं पहुंचता, जिससे प्रोजेक्ट पूरे नहीं हो पाते। साल 2012 से 32 देशों ने अपने भ्रष्टाचार के स्तर को काफी कम किया है, लेकिन अभी भी बहुत काम बाकी है।

### टॉप 10 देशों की रैंकिंग

डेनमार्क, फिनलैंड, सिंगापुर, न्यूजीलैंड, लग्जमबर्ग, नॉर्वे, स्वीटजरलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड, 10 नंबर पर: आइसलैंड, ऑस्ट्रेलिया

# प्रदेश में दिसंबर तक 72 मेगावॉट सौर ऊर्जा का होगा उत्पादन : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले- ऊना जिले में दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



बोले- आठ परियोजनाओं के लिए किया जा रहा सर्वे

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अगले 10 महीने में यानी दिसंबर, 2025 तक हिमाचल में सात परियोजनाओं से 72 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा।

प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने ऊना जिले में दो परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया है। इनमें से 12 मेगावॉट क्षमता की एक परियोजना गोंदपुर बुल्ला और 11 मेगावॉट क्षमता की परियोजना लमलाहड़ी उपरली में स्थित है। सुक्खू ने बुधवार को शिमला में कहा कि सोलन जिले में तीन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, इनमें नालागढ़ के सनेड में 13 मेगावॉट, बड़ा बरोट में आठ मेगावॉट और दभोटा माजरा में 13 मेगावॉट क्षमता की परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नौ मेगावॉट की दभोटा-वन परियोजना के लिए शीघ्र ही निविदा जारी की जाएगी और इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, ऊना जिले के टिहरा खास में छह मेगावॉट की सौर परियोजना के लिए भी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसी महीने इसके स्वीकृत होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि वर्तमान में 325 मेगावॉट संयुक्त क्षमता की आठ अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी होने के बाद इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### पेखुबेला सौर ऊर्जा परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिले के पेखुबेला में 32 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना 15 अप्रैल, 2024 को जनता को समर्पित की गई थी। इस परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है, जिससे 31 जनवरी, 2025 तक 14 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले के भंजाल में पांच मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण कार्य 30 नवंबर, 2024 से शुरू हो गया है और अघलौर में 10 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण इसी माह पूर्ण होने की संभावना है।

### हरित हाइड्रोजन ऊर्जा योजना पर भी काम

हरित हाइड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन को भी केंद्र में रखकर राज्य सरकार कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। ऑयल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सोलन जिले के नालागढ़ में एक मेगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जिसके लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित किया गया है।

# मंत्रिमंडल की बैठक आज, बजट सत्र की तारीखों का हो सकता है ऐलान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में विधानसभा का बजट सत्र हंगामेदार रहने वाला है। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जबरदस्त तकरार देखने को मिल सकती है। सत्ता पक्ष के लिए जहां बजट को संतुलित एवं लोकप्रिय बनाने का भारी दबाव रहेगा, वहीं विपक्षी पार्टी भाजपा दिल्ली विधानसभा के चुनावों नतीजे से उत्साहित है और वह इस सत्र में सत्ता पक्ष पर हर तरह के सियासी बार का प्रहार करेंगे।

राज्य सचिवालय में वीरवार को मंत्रिमंडल की बैठक रखी गई है, जिसमें आगामी बजट सत्र की तारीखों का ऐलान होना है। इसके पश्चात बजट सत्र को अंतिम रूप देने के लिए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को भेजा जाएगा, जो अनुमोदन प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लगाएंगे। दिसंबर, 2022 में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। उन्होंने मार्च, 2023 में अपना पहला बजट पेश किया था। मार्च 2025 में वह तीसरा बजट पेश करेंगे। यह बजट पेश करना उनके लिए आसान नहीं होगा। किसनों-बागवानों, पेंशनरों व कर्मचारियों को समान रूप से खुश करने के लिए उन्हें खूब कसरत करनी पड़ेगी। एक लाख करोड़ से ऊपर कर्ज के बोझ तले दबी सरकार को कई चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। कर्मचारियों की निगाहें यूपीएस लागू करने पर रहेगी, अगर यूपीएस लागू होता है, उस सूरत में ओपीएस रद्द हो सकता है, जिसे सुक्खू सरकार ने सत्ता संभालते ही लागू किया था। (अनंत ज्ञान)

### सत्र में गूंजेगा बेरोजगारी का मुद्दा

सत्र में बेरोजगारी का मुद्दा भी गूंजने वाला है। 9 लाख के आसपास बेरोजगारों की फौज राज्य के भीतर रोजगार के लिए दर-दर भटक रही है। हर 100 में से 33 युवा बेरोजगार हैं। स्कूलों में युक्तिकरण को लेकर भी सदन में शोर सुनाई पड़ सकता है। हालांकि, यह युक्ति करण प्रक्रिया एक प्रभावी कदम है, लेकिन विपक्ष इसमें अपना सियासी फायदा भी देख रहा है।

### चिट्टे के बढ़ते मसले पर हंगामे के आसार


**हिमाचल** में बढ़ते चिट्टे के कारोबार पर खूब हंगामा होने के आसार दिख रहे हैं, क्योंकि इस कारोबार में कथित तौर पर कुछ पार्टी नेताओं की संलिप्तता पाई जा रही है। इस पर कांग्रेस, भाजपा व माकपा के बीच सत्ता से लेकर सड़क तक संग्राम हो चुका है। वहीं, प्रदेश में अवैध खनन की बढ़ती घटनाएं परेशान करने वाली हैं। प्रशासनिक अमला अवैध खनन कारोबारी के निशाने पर है। जिसमें सदन के भीतर खूब हल्ला मच सकता है। इस तरह की एक वारदात के तहत मंडी जिले के एसडीएम तक का दांत तोड़ दिया था। कुल मिलाकर इन अहम मुद्दों के बाद लोग उम्मीद लगा रहे हैं कि उनके प्रतिनिधि सड़क, पानी व बिजली आदि का मुद्दा भी जरूर उठाएंगे। अब देखना यह है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष इन मुद्दों को लेकर क्या रणनीति अपनाते हैं।

## खुदरा महंगाई जनवरी में घटकर पांच माह के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली।** जनवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई, जो पांच महीनों का निचला स्तर है। यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडों और दालों की कीमतों में कमी के कारण आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में 5.22 प्रतिशत और जनवरी, 2024 में 5.1 प्रतिशत पर रही थी। इससे पहले सबसे कम मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अक्तूबर से ही गिरावट पर है। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 6.02 प्रतिशत थी, जो अगस्त, 2024 के 5.66 प्रतिशत के बाद सबसे कम थी। सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं।

# सिख विरोधी दंगे : पूर्व सांसद सज्जन हत्या मामले में दोषी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने दोषसिद्धि का आदेश पारित किया और सजा पर बहस की तारीख 18 फरवरी तय की। सजा सुनाए जाने के लिए कुमार को तिहाड़ जेल से अदालत में पेश किया गया। मामला 1 नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से संबंधित है। पंजाबी बाग थाने ने शुरू में मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच का जिम्मा संभाला था। इस मामले में 16 दिसंबर, 2021 को अदालत ने कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे और उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला सही पाया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, घातक हथियारों से लैस एक बड़ी भीड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का बदला लेने के लिए बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी की थी और सिखों की संपत्तियों को नष्ट किया था।

# माघी पूर्णिमा पर 2 करोड़ से ज्यादा ने लगाई डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज**

**महाकुंभ** के पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर बुधवार को दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। योगी सरकार ने स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल पुष्पवर्षा कराई।

बुधवार तड़के से ही महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों समेत श्रद्धालुओं का गंगा और संगम घाट की ओर आगमन जारी है। 13 जनवरी से अब तक 48 करोड़ से अधिक लोग यहां स्नान कर चुके हैं। सभी कल्पवासियों से यातायात नियमों का पालन करने और केवल अधिकृत पार्किंग का उपयोग करने का अनुरोध किया गया है।



### शहर में वाहनों की एंट्री बंद

प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान बदला है। शहर में वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

## शिमला में हेयरड्रेसर ने काटा युवक का गला

**शिमला।** राजधानी शिमला में हेयरड्रेसर ने एक युवक पर गले में तेजधार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घायल युवक आईजीएमसी में उपचाराधीन है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता जलपू राम निवासी गांव जधानी, जो अपर कैथू शिमला में रह रहे हैं, उन्होंने बताया कि बेटे अक्षय पर शिमला के तारा हॉल में रहने वाले अमन ने तेजधार हथियार से हमला किया। अमन शिमला में हेयरड्रेसर की दुकान में काम करता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमलावर को शिमला शहर से गिरफ्तार कर लिया है।

**देव आदेश** सदियों से जैविक खेती अपना रहे स्थानीय लोग, 200 बीघा क्षेत्र में नहीं डलती कैमिकलयुक्त खाद

# तिउण गांव में मां फुंगणी नहीं होने देती रासायनिक खेती

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



फाइल फोटो





**कुल्लू** जिले का तिउण गांव बेशक मूलभूत सुविधाओं से अछूता है, लेकिन यहां के लोग जैविक खेती को लेकर काफी जागरूक हैं। जी हां, आधुनिक दौर में जहां फसलें उगाने के लिए ज्यादातर लोग रासायनिक खादों का प्रयोग कर रहे हैं, तो वहीं लगघाटी के तिउण गांव के बाशिंदों को देव नियम ही सर्वोपरि हैं। यहां आज भी मां फुंगणी के आदेश पर प्राचीन परंपरा के अनुसार सदियों से सिर्फ जैविक खेती ही होती है।

गांव में गोबर के सिवाय रासायनिक खादों पर पाबंदी है। गांव में देव आदेश के आदेशानुसार, करीब 200 बीघा से अधिक भूमि पर रासायनिक खेती वर्जित है। कुल्लू से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी के बाद यहां पर दो घंटे पैदल चलकर इस गांव तक पहुंचा जा सकता है। मानगढ़ पंचायत के उपप्रधान ख्याल ठाकुर का कहना कि मां फुंगणी के आदेशों के चलते आज तक यहां पर 200 बीघा से अधिक भूमि में रासायनिक खादों का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इसके अलावा माता के दोघरी में भी करीब 50 बीघा से अधिक भूमि पर जैविक खेती ही की जाती है। घाटी में देव आदेश को सर्वोपरी माना जाता है। घाटी के खुशहाल राठौर, देवेंद्र व प्रेम ठाकुर आदि लोगों का कहना है कि तिउण में कई बीघा भूमि पर देव आदेश के चलते सदियों से जैविक खेती ही होती आ रही है। (अनंत ज्ञान)

> **माता** रासायनिक खादों को अशुद्ध मानती है। यही वजह है कि सदियों से माता की भूमि पर रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं किया जाता। रासायनिक खादों को तैयार करते में कई अशुद्ध चीजों मिलाई जाती हैं, जिससे खेतों में तैयार उत्पाद भी अपवित्र माने जाएंगे। देवी-देवताओं को उन्हें नहीं चढ़ाया जाएगा। लोग गाय, भेड़-बकरियों के गोबर को ही खाद के तौर पर इस्तेमाल करते हैं।
>
> **-राम लाल ठाकुर कारदार माता फुंगणी तिउण**

# मोदी और मैक्रों के बीच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति

**एजेंसी, मारसेई**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र और विभिन्न वैश्विक मंचों एवं पहलों में अपनी सहभागिता को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई।

दोनों नेताओं ने अपनी व्यापक बातचीत के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया कि वैश्विक एआई क्षेत्र सार्वजनिक हित में लाभकारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरण संबंधी परिणाम प्रदान करे।



### फ्रांसीसी कंपनियों को निवेश के लिए किया आमंत्रित

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की कंपनियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि वे भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनकर असीमित अवसरों पर विचार करें। प्रधानमंत्री ने फ्रांसीसी कंपनियों से कहा कि भारत में निवेश करने का यह 'सही समय' है। पेरिस में 14वें 'भारत-फ्रांस सीईओ फोरम' में मोदी के साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी शामिल हुए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को संयुक्त रूप से मारसेई शहर में भारत के नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति से 66 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज के अंतर्गत पुलिस की टीम के द्वारा गश्त के दौरान विनोद कुमार निवासी गाव लुंडरी के कब्जा से 66 ग्राम चरस भांग बरामद की। पुलिस ने उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करके एनडीपीएस अधिनियम की तहत भोरंज थाना में मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि व्यक्ति के तहत मामला दर्ज हो गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज के तहत निर्मला देवी पत्नी मिलाप चंद गांव नगरोटा गाजियां ने मारपीट की शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार सुनील सोनी ने शिकायतकर्ता का रास्ता रोक कर मारपीट की है तथा अमृत सोनी व उसकी पत्नी ने बालों से खिंचा व रगड़ा तथा मारने की धमकियां दी। थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है तथा कार्रवाई की जा रही है।

### रास्ता रोककर गाली-गलौज का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत धनेटा के अशीष राणा पुत्र रमेश चंद ने पांच युवकों पर रास्ता रोकर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है कि अक्षित, शगुन जम्वाल, सूरज व अमन ने उनका रास्ता रोक कर बिना वजह मारपीट की और जब शिकायतकर्ता को बचाने के लिए इनका दोस्त विशाल आया तो उसके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### डीएवी में स्पोर्ट्स कार्निवाल का सफल आयोजन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीएवी हमीरपुर में नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों के लिए स्पोर्ट्स कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्कूल प्रधानाचार्य को मार्चपास्ट की सलामी दी तथा स्पोर्ट्स कार्निवल का आगाज बच्चों द्वारा मशाल दौड़ से किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि बच्चों का संपूर्ण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे खेल-खेल में वैसे भी चीजों को जल्दी सीखते हैं तथा इस प्रकार के आयोजन से उनमें आपसी तालमेल तथा खेल भावना का सृजन होता है। उन्होंने बच्चों तथा अध्यापकों का स्पोर्ट्स कार्निवल के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया था, जिन में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### साइबर अपराध से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को यहां डीआरडीए के हॉल में एक कार्यशाला आयोजित की गई। एसडीएम संजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में अधिकारियों और कर्मचारियों को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर एसडीएम ने बताया कि हर वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग को बढ़ावा देने और विशेषकर बच्चों तथा वरिष्ठ नागरिकों को इसके प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में साइबर अपराध एक बहुत बड़ी चुनौती बन चुके हैं। इनसे बचने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए। साइबर अपराध से निपटने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। साइबर अपराधों के शिकार लोगों को तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत करनी चाहिए। इसके अलावा वेब पोर्टल साइबर क्राइम.जीओवी.इन या संचार साथी.जीओवी.इन पर भी शिकायत की जा सकती है। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनुराग गुप्ता ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के महत्व और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं और अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### करियर प्वाइंट विवि में छात्रों का परखा ज्ञान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के ज्यूलॉजी विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। वभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा. शुभम कपिल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभाग से 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें अलग-अलग टीमों में विभाजित किया गया था। प्रतियोगिता में प्राणि विज्ञान और वैज्ञानिक विषयों पर प्रश्न पूछे गए। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. शुभम कपिल और निखिल पराशर (पीएचडी. छात्र) के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में कई चरण शामिल थे, जिसमें प्राणिविज्ञान से लेकर उन्नत वैज्ञानिक अवधारणाओं तक के विविध विषयों को शामिल किया गया, जिससे प्रतिभागियों के ज्ञान को परखा गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद, 'नेचर निंजा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। विजेताओं को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही उन दर्शकों को भी पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने सही उत्तर देकर प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी दिखाई। यह क्विज प्रतियोगिता छाओं के बीच सीखने की रुचि, जिज्ञासा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में सफल रही।

### एसडीएम स्कूल बड़ा में नवाजे मेधावी विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल. नादौन के एसडीएम पब्लिक स्कूल बड़ा में बार्षिक पारितोषिक बितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस वितरण समारोह में मुख्यतिथि के रूप में हेल्थ कोंशुलेंट एवं उद्यमी डॉ. ब्रिटिश गुलाटी, विशेष रूप से उपस्थित हुए। इसके अतरिक्त क्षेत्र के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल हरवंश लाल, डॉ. मोहनलाल, डॉ. बीरबल कोंडल, कैप्टन ओंकार, डॉ. मोहिंद्र सिंह, इंस्पेक्टर किशोरी लाल, इंस्पेक्टर सूरम सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल राजिंन्द्र सिंह ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों एवं अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। मुख्यतिथि द्वारा इस दौरान स्कूल में वार्षिक गतिविधियों में अव्वल स्थान पर रहे स्कूल के बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# छटा में निखार, ऊपर से सालाना 90 लाख से ज्यादा कमाई की भी तैयारी

## मिनी सचिवालय परिसर में बचत भवन और पार्किंग से सरकार को होगी अच्छी आमदनी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



बचत भवन परिसर का एक दृश्य।

मिनी सचिवालय परिसर हमीरपुर की छटा में तो निखार आ ही रहा है, प्रशासन ने इस परिसर की पार्किंग और बचत भवन से 90 लाख से ज्यादा सालाना कमाई की भी तैयारी कर दी है। अलग-अलग दुकानों और अन्य जो असेट्स हैं, उनके किराए के रूप में प्रशासन जिस कवायद को शुरू किए हुए है, उसके रिजल्ट्स अब दिखने लगे हैं। अकेले पार्किंग से ही 50 लाख से ज्यादा की कमाई सालाना होने वाली है, जबकि बचत भवन के असेट्स से भी तकरीबन 35 से 40 लाख की सालाना इनकम होने वाली है।

अनंत ज्ञान खास खबर

दरअसल इस परिसर को बेहद खूबसूरत बनाने पर इन दिनों काफी मशक्कत चल रही है। कुछ ऐसी दुकानें हैं, जिन्हें टेंडरिंग प्रोसेस के जरिए किराए पर दिया जा रहा है, उनकी बोली भी ऊंची जा रही है। अभी कई बोलियां पेंडिंग हैं और ऐसा लग रहा है कि इन तमाम असेट्स की बोलियों के मकम्मल हो जाने के बाद 90 लाख से ज्यादा की इनकम प्रशासन को होगी ।इनमें बड़ा हिस्सा पार्किंग का रहेगा और दूसरे नंबर पर बचत भवन के असेट्स रहेंगे। वहीं, पार्किंग की व्यवस्था को पहली मर्तबा बोली के जरिए नीलाम किया गया है। यह पार्किंग 3 फ्लोर पर है और इसमें तकरीबन साढ़े चार लाख रुपए हर महीने सरकार को हासिल होने हैं। अभी पहला महीना है।

**कुछ बोलियां पेंडिंग :** अभी बचत भवन परिसर की रेनोवेशन हो रही है। यहां तकरीबन एक दर्जन सेट्स हैं। इनमें आधे अलग-अलग विभागों के कब्जे में थे। अब उन्हें खाली करवाया जा रहा है। उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। कुछ शिफ्ट भी हो गए हैं। सीआईडी के दफ्तर को भी दूसरी जगह तब्दील किया जा रहा है। यही स्थिति बचत भवन के बाहर दुकानों की है। उन्हें भी बोली के जरिए नीलाम किया गया है। मिनी सचिवालय के गेट के पास भी एक दुकान और नीलाम होनी है। (अनंत ज्ञान)

### बढ़िया होने लगी व्यवस्था

हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह पहले ही कह चुके हैं कि इस पूरे परिसर को न केवल सुंदर बनाया जा रहा है, बल्कि जहां से इनकम जनरेट की जा सकती है। उसकी नीलामी की जाएगी। इस प्रक्रिया में अभी थोड़ा वक्त लगेगा, लेकिन सचिवालय की भीतरी व्यवस्था भी अब बढ़िया होने लगी है।

# दियोटसिद्ध में अन्नपूर्णा भंडार का करवाया जाए निर्माण : महंत

**एसके ठाकुर, बड़सर**

बाबा बालक नाथ ट्रस्ट के महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिर महाराज ने बजट पारित करने से पूर्व मंदिर ट्रस्ट को श्रद्धालुओं की सुविधाओं व विकासात्मक कार्यों को गति देने से संबंधित अपने सुझाव दिए।



महंत श्री के सुझावों पर मंदिर ट्रस्ट ने कितनी गौर की है, यह तो ट्रस्ट प्रशासन ही जाने लेकिन महंत श्री ने अपने सुझाव में न्यास द्वारा संचालित सराय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने, श्रद्धालुओं को आधुनिक तकनीक द्वारा लंगर परोसने की व्यवस्था और खाना बनाने के लिए होटल मैनेजमेंट से स्टाफ उपलब्ध करवाने, सराय नंबर 9 के आगे पार्किंग का नवनिर्माण, अग्निकांड की घटनाओं के बचाव के लिए फॉयर लाइन रास्तों का निर्माण, मेलों के दौरान दी जाने वाली अस्थाई सुविधाओं जैसे शौचालय, पानी, पार्किंग का स्थायी निर्माण करने,चकमोह सड़क मार्ग पर भी बहु मंजिला पार्किंग का निर्माण व दो नंबर बैरियर के पास बनी वर्षाशालिका के साथ आने वाली जगह सबसे उपयुक्त है। अब अधिकतम यात्री मनाली हाईवे से होकर आ रहे हैं और ज्वाला जी से सलौणी की तरह के तरफ से आने वाले लोगों के लिए उचित होगा। लंगर भवन में खाने की गुणवत्ता एवं समय को भी बढ़ाने के सुझाव के साथ अप्पर बाजार मे बड़ी पार्किंग की व्यवस्था और गाड़ियों के लिए टोकन सिस्टम शुरू करने की बात रखी है। दियोटसिद्ध में लंगर सामान में सामने आ रही गड़बड़ियों को ध्यान में रहते हुए अन्नपूर्णा भंडार का निर्माण करवाया जाना चाहिए ताकि हर सीजन में लंगर का सामान को एक ही स्थान यही पास में जमा किया जाना चाहिए और यहीं से ही इसका लेनदेन किया जाना चाहिए।

महंत श्री ने अपने सुझाव में इस बात पर जोर दिया है कि वर्तमान परिस्थितियों व व्यवस्थाओं के देखते हुए अब सरकार को मंदिर की व्यवस्थाओं का जिम्मा आईएएस अथवा एचएएस रैंक के अधिकारियों को सौंपना चाहिए ताकि मंदिर की व्यवस्थाओं मे पार्दर्शिता और समन्वय बना रहे। महंत के सुझावों पर मंदिर प्रशासन कितना गौर करता है, यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

# भरेड़ी में चोर ने लगाई दुकान में सेंध, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के भरेड़ी क्सबे में एक चोर ने इलेक्ट्रिक की दुकान में चोरी करने के इरादे से सेंध लगाकर चोरी का असफल प्रयास किया है। हालांकि चोर सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलबीर चंद पुत्र सुखदेव जो एसबीआई बैंक के साथ इलेक्ट्रॉनिक की दुकान करता है, ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जैसे ही उन्होंने बुधबार को दुकान खोली तो देखा कि पीछे की तरफ स्थित वेंटीलेटर टूटा हुआ था।

उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो बीती रात एक चोर वेंटिलेटर तोड़ कर दुकान में घुसा, लेकिन वह दुकान से कुछ भी चुरा नहीं पाया है। हालांकि चोर के दुकान में बड़ी चोरी करने का इरादा था, लेकिन दुकान में कैश नहीं था और बाकी एलसीडी, फ्रिज व वॉशिंग मशीन बड़े थे जो बेंटिलेटर से बाहर निकालने मुश्किल थे तो चोर को खाली हाथ जाना पड़ा। हालांकि उपरोक्त चोर एक माह पूर्व इसी दुकान की बिल्डिंग में काम कर चुका है। सीसीटीवी में चोर की पहचान हो गई है। जब घटना की सूचना पुलिस को दी तो एसएचओ भोरंज भोरंज मौके पर पहुंचे और घटना की तफ्तीश की व सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली व जिस ठेकेदार के पास उक्त चोर कार्य करता, उसे जल्द थाने में लाने को कहा है।

एसएचओ भोरंज प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि भरेड़ी में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में चोर ने चोरी का असफल प्रयास किया है। सीसीटीवी में चोर की पहचान हो गई है जिस ठेकेदार के पास उक्त चोर कार्य करता उसे जल्द थाने में लाने को कहा है।

# भोरंज पुलिस ने नाबालिग युवती को करनाल से ढूंढा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत पुलिस थाना भोरंज में 9 फरवरी को अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। इसमें एक प्रवासी नेपाली मूल की नाबालिग युवती घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। मामला दर्ज होने के पश्चात मुख्य आरक्षी विनोद बन्याल तथा महिला पुलिस अधिकारी साक्षी कोमल की टीम ने पूरी लगन व कर्मठता से दिन-रात कार्य करते हुए नाबालिग युवती के पिता को अपनी निजी गाडी में निरंतर सफर करते हुए साक्ष्यों के आधार पर फतेहाबाद, फरीदादबाद, शाहबाद इत्यादि जगहों पर खोजबीन की तथा अंततः करनाल के पास बुधबार को सुरक्षित ढूंढ निकाला है। भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ठाकुर ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंटस पर निगरानी रखें ताकि बच्चे किसी के झांसे में न आंए और अनहोनी घटना का शिकार न हों।

# टाई रहा भूंपल का विशाल दंगल

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा भूंपल में चौधरी मंगत राम की यादगार में आयोजित किए विशाल दंगल का शुभारंभ दंगल कमेटी के द्वारा शोभायात्रा निकाल कर किया गया। इस शोभायात्रा में कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस विशाल दंगल में मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के निदेशक शम्मी सोनी विशेष रूप से उपस्थित हुए।



विजेता पहलवानों को सम्मानित करते मुख्यातिथि शम्मी सोनी।

दंगल कमेटी के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि दंगल का फाइनल मुकाबला बड़ा ही रोमांचक रहा। 55 मिनट तक पहलवान लाली फगबाड़ा एवं सन्नी रामेवाल के बीच देर शाम तक चले इस मुकाबले को टाई घोषित करके रोकना पड़ा। दोनों पहलवाने को निर्धारित की गई इनाम की राशि को बराबर बांटकर सम्मानित किया गया। यह सम्मानित राशि मुख्यतिथि शम्मी सोनी द्वारा प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्यतिथि ने दंगल कमेटी को 11000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कमेटी. के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि इस दंगल में पंचायत प्रधान विपिन धीमान, कमेटी सदस्य अरुण कोंडल, धर्मपाल, सुरेश कुमार, रमेश कुमार, राकेश कुमार, पूर्ण सोनी, त्रिलोक, आशीष आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस दंगल को सफल बनाने में स्थानीय क्षेत्रवासियों, युवा वर्ग एवं दंगल कमेटी का विशेष योगदान रहा है और इसके लिए उन्होंने इन सब का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। (अनंत ज्ञान)

# जोलसप्पड़ स्कूल का गाइड्स ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, रंगस।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा राष्ट्रीय डायमंड जुबली (जंबूरी) का आयोजन त्रिची में किया गया। इसमें हमीरपुर जिले के 25 स्काउट एंड गाइड ने भाग लिया। इनमें राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोलसप्पड़ के तीन गाइड शिवानी, अक्षिता व तनवी ने भी अपनी गाइड कैप्टन के साथ भाग लेकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल राज कौशल तथा समस्त स्टाफ ने इन्हें बधाई दी तथा भारत स्काउट एवं गाइड संस्था द्वारा किए दिए गए प्रमाण पत्र बच्चों को दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# विकास की राह पर बढ़ रही सरकार : कृष्ण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के बयानों का कांग्रेस ने कड़ा जवाब दिया है। कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं वन विभाग के मेयर कृष्ण चौधरी ने जयराम ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने ही फैसलों को भूल जाते हैं और अब सरकार पर अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं।



उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास की राह पर आगे बढ़ रही है और विपक्ष को बेवजह आलोचना करने की बजाए जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को अपनी सरकार के कार्यकाल का मूल्यांकन करना चाहिए, जिसमें कोई ठोस उपलब्धि नहीं थी। इसके विपरीत, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुश्किल हालात में भी प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में हिमाचल को आपदा से उबारने में सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब राज्य तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है।

भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल की आलोचना पर जवाब देते हुए कृष्ण चौधरी ने कहा कि वे खुद पहले कांग्रेस में थे और अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने बड़सर में चल रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने यहां बड़े पैमाने पर विकास योजनाएं लागू की हैं।

कृष्ण चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगामी दौरे के दौरान बड़सर और भोटा बस स्टैंड की मांग को उनके समक्ष रखा जाएगा, वहीं क्षेत्र के अस्पतालों को बेहतर बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कांग्रेस सरकार बड़सर समेत पूरे प्रदेश में कई नई योजनाएं लागू करने जा रही है। अनंत ज्ञान)

# नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कड़ा कानून बनाए सरकार : ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा के अध्यक्ष रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन युवा चिट्टे की चपेट में आ रहे हैं, चिट्टा तस्करों का जाल बढ़ता जा रहा है। इन तस्करों को कानून और पुलिस का कोई डर नहीं है, पुलिस प्रशासन और नेताओं के नाम उजागर हो रहे हैं, तो इस मामले में किससे कार्रवाई की उम्मीद की जा सकती है।

रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें इन तस्करों के खिलाफ न मुकदमा के अलावा कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिससे युवाओं को नशे के गर्त में धकलने से पहले नशा तश्कर कई बार सोचें। इसके अलावा नशा बेचने वालों की सारी सरकारी सुविधाए बंद की जाएं।

युवाओं को मौत के घाट उतार कर ये तस्कर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं, इन लोगों ने हिमाचल प्रदेश के कई घर उजाड़ दिए हैं और चिट्टे की कमाई से महंगी गाड़िया ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को नशे के खिलाफ सख्त कानून बनाने चाहिए जिससे नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# ऊना को पहली पारी की बढ़त के आधार पर किया विजेता घोषित

**अनंत ज्ञान, नादौन**

क्रिकेट स्टेडियम अमतर नादौन में वरिष्ठ अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन क्रिकेट प्रतियोगिता का तीन दिवसीय मैच सिरमौर और ऊना की टीम के बीच खेला गया जो किड़ा रहा।

ऊना की टीम को पहली पारी में मिली 55 रन की बढ़त के आधार पर विजेता घोषित किया गया। ऊना की टीम ने 320 रन से आगे खेलते हुए 107.5 ओवर में शानदार 498 रन बनाए थे जबकि सिरमौर की टीम 443 रन ही बना पाई। तीसरे दिन सिरमौर की टीम ने 176 रन से आगे खेलते हुए 128.3 ओवर में 443 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बल्लेबाज वैभव शर्मा ने शानदार 169 रन बनाए, जबकि प्रशांत तोमर 85 रन बनाकर आउट हो गए।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज हरित्क कालिया ने 5 विकेट, नितिन शर्मा ने 3 तथा अंकुश बेदी ने 2 विकेट लिया। ऊना की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 13 ओवर में 3 विकेट पर 78 रन बनाए। गेंदबाद अमनप्रीत ने 26 रन बनाए। पहली पारी में ऊना को मिली 55रन की बढ़त के आधार पर विजेता घोषित किया गया।

# जेईई मेन सत्र एक में चाणक्य अकादमी का अरिंदम अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**चाणक्य के 32 छात्रों में से 23 छात्रों के 70 से अधिक पर्सेंटाइल**

जेईई मेन 1 की परीक्षा में चाणक्य अकादमी के कुल 32 छात्रों ने भाग लिया था जिसमें से 23 छात्रों ने 70 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किया। सफलता पाने वालों में अरिंदम ने 96.88 पर्सेंटाइल लेकर संस्थान में अपना पहला स्थान बनाया और एनआईटी में भी अपना स्थान पक्का कर लिया है व जेईई एडवांस के लिए भी अपनी दावेदारी पक्की की। निखिलेश शर्मा ने 96.86 पर्सेंटाइल हासिल करके संस्थान में दूसरा स्थान तथा प्राची ने 95.52 पर्सेंटाइल लेकर संस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया। इन तीनों के अतिरिक्त अथर्वशीर्ष ने 92.01 पर्सेंटाइल, चन्दन पटियाल ने 91.94 पर्सेंटाइल, एरा ने 91.61 पर्सेंटाइल, रोहित शर्मा ने 91.56 पर्सेंटाइल, स्वरित ठाकुर ने 91.26 पर्सेंटाइल, हरीश ने 89.89 परसेंटाइल ओबीसी कैटेगरी, अनरब ने 88.53 पर्सेंटाइल, अंशिता ने 88.06 पर्सेंटाइल, आदित्य ने 87.92 पर्सेंटाइल, सोनाक्षी ने 87.46 पर्सेंटाइल, सक्षम ने 86.70 पर्सेंटाइल, अनिकेतन अंगारिया ने 83.61 परसेंटाइल ओबीसी कैटेगरी, अमीषी ने 80.03 पर्सेंटाइल, राशी ने 81.24 पर्सेंटाइल, आयान ने 79.62 पर्सेंटाइल, शुभांगी ने 79.49 पर्सेंटाइल, वानिका ने 78.43 पर्सेंटाइल, रिया ने 76.91 पर्सेंटाइल, पायल ने 70.35 पर्सेंटाइल एससी कैटेगरी व शुभम ने 70.09 पर्सेन्टाइल हासिल किया। संस्थान नीट एवं जेईई 2 व अन्य परीक्षाओं में में बेहतर प्रदर्शन करने की तरफ अग्रसर है।



संस्थान में इस सत्र में 3 छात्रों का 95 से अधिक पर्सेंटाइल, 5 छात्रों का 90 से अधिक, 6 छात्रों को 85 से अधिक, 3 छात्रों का 80 से अधिक, 4 छात्रों को 75 से अधिक पर्सेंटाइल आया है जो एक संस्थान में दी जा रही अच्छी कोचिंग का प्रमाण है। लगभग 72 प्रतिशत छात्रों ने 70 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किया है जो काबिले तारीफ हैं। निदेशक डॉ नवनीत शर्मा ने कहा कि संस्थान को जेईई मेन सत्र 2 की परीक्षा में और बेहतर परिणामों की अपेक्षा है। ऐसा संस्थान के संस्थान में निर्धन, बेसहारा बच्चों व देश के लिए जान कुर्बान करने वाले शहीदों के बच्चों के लिए मुफ्त एवं वांछनीय शिक्षा का प्रावधान भी है। 12 मार्च 2025 से संस्थान में नीट यूजी व जेईई मेन सत्र 2 के लिए क्रैश कोर्स की कक्षाएं आरंभ हो रही हैं तथा प्रत्येक बैच में 40 सीटें हैं।

**जानकारी** कृषि मंत्री ने विदेशी सब्जियों के संकर बीजों के विकास पर अनुसंधान की आवश्यकता पर दिया बल

# कृषि विभाग परियोजनाओं की 'निकास नीति' पर काम करेगा : प्रो. चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल के कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने विभाग को परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उनके संचालन और प्रबंधन के लिए निकास नीति पर काम करने का निर्देश दिया और कृषि अनुसंधान संस्थानों को शुष्क भूमि कृषि पद्धतियों के मानकीकरण की संभावना तलाशने पर जोर दिया।

प्रो. चंद्र कुमार शिमला में जायका-ओडीए वित्त पोषित कृषि परियोजना के चरण-2 के कार्यान्वयन में लगे हिमाचल प्रदेश कृषि विकास सोसायटी की शासी परिषद की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण संवर्धन परियोजना के 1010 करोड़ रुपए के दूसरे चरण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रो. कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय से प्रदेश में कृषि उपज, विशेषकर सब्जियों की उपलब्धता पर रणनीतिक अनुसंधान और योजना पर ध्यान केंद्रित करने को कहा कि ये अनुसंधान इस दिशा में हों कि जब पड़ोसी राज्यों से कृषि उपज की अपर्याप्त आपूर्ति हो, तब प्रदेश में ये उपलब्ध और किसानों को उनकी उपज के लिए अच्छे मूल्य प्राप्त हो सकें। उन्होंने विदेशी सब्जियों के संकर बीजों के विकास पर अनुसंधान की आवश्यकता पर भी बल दिया।



परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने कहा कि जायका मिशन और कृषि विभाग 1,010 करोड़ रुपए की चरण-2 परियोजना पर सहमत हुए जिसमें से 807 करोड़ रुपए ऋण घटक हैं। वर्ष 2021 में शुरू की गई जायका कृषि परियोजना का चरण-2 हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में लागू हुआ, जो 38,000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र को कवर करेगा और इससे 25,000 किसान परिवार लाभान्वित होंगे। बुनियादी ढांचे के विकास घटक के तहत 2029 तक परियोजना अवधि के नौ वर्षों में खर्च किए जाने वाले 330.70 रुपए के कुल व्यय में से लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

296 सिंचाई उप-परियोजनाओं में से 100 इस साल मार्च के अंत तक लाभार्थियों को सिंचाई सुविधाएं प्रदान करना शुरू कर देंगी। साथ ही, अगले वित्तीय वर्ष मार्च 2026 के अंत तक 100 और उप-परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी। किसानों के समर्थन घटक पर परियोजना का परिव्यय 108.50 रुपए है और अब तक 12.08 रुपए खर्च किए जा चुके हैं। कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने परियोजना के पहले चरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली और उप-परियोजना क्षेत्रों के लिए एग्जिट पॉलिसी और सहायता के बारे में पूछा। डॉ. सुनील चौहान ने कृषि मंत्री को 'एग्जिट-पॉलिसी' बनाने का आश्वासन दिया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. आर. पटेल ने राष्ट्रीय कृषि योजना और अन्य योजनाओं के तहत एग्जिट-पॉलिसी के लिए राज्य को सहायता देने का आश्वासन दिया। परियोजना निदेशक डॉ. चौहान ने परियोजना के चरण-1 की उपलब्धियों का विवरण दिया।

# समीर का गांववासियों ने किया ढोल-नगाड़ों से स्वागत



**सुनील कुमार, हमीरपुर**

गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को दिल्ली में परेड में भाग लेकर वापस अपने पटियालु गांव में पहुंचने पर एनसीसी कंपनी सीनियर अंडर ऑफिसर समीर मोहम्मद का कंडरोला प्लासी पंचायत में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान समीर मोहम्मद का पंचायत प्रधान जगदीप पठानिया, पंचायत प्रतिनिधियों व गांववासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

समारोह के दौरान कंडरोला प्लासी के प्रधान जगदीप पठानिया ने समीर मोहम्मद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। पंचायत प्रधान जगदीप पठानिया ने बताया कि पंचायत समय-समय पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित करती रहती है तथा अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को अपनी निगरानी में रखें और उन्हें नशे से दूर रखें। इस अवसर पर एनसीसी कंपनी सीनियर अंडर ऑफिसर समीर मोहम्मद ने कहा कि आज अगर मेहनत करेंगे तो भविष्य में उन्हें सफलता मिलती रहेगी। इस मौके पर उपप्रधान रतन चंद, नीलम लता, सुलोचना देवी, कमल किशोर, दिलीप चंद विजय कुमार व कैप्टन रमेश परमार उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी हिमाचल की लाइफलाइन, लोगों को मिल रही बेहतर सुविधाएं : पंकज चड्ढा

एचआरटीसी धर्मशाला मंडल के प्रबंधक **पंकज चड्ढा** ने अनंत ज्ञान के गैस्ट इन न्यूज रूम में एचआरटीसी के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अब तक के सफर से लेकर भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बातचीत की। पेश है टीवी एंकर **रीत वशिष्ट** के साथ हुई एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक की विशेष बातचीत के मुख्यांश:-

*सवाल : एचआरटीसी का अब तक का सफर कैसा रहा?*

**जवाब :** मैं बताना चाहूंगा कि एचआरटीसी एक ऐसा डिपार्टमेंट जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक जन-जन से जुड़ा है। हजारों लोगों को हर रोज अपने गंतव्यों तक लाने और ले जाने वाला डिपार्टमेंट है। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी बढ़ती गई एचआरटीसी में इंप्रूवमेंट आती गई।

*सवाल : क्या सही मायने में एचआरटीसी हिमाचल की लाइफलाइन है?*

**जवाब :** आपने बिलकुल सही कहा। एचआरटीसी हिमाचल की लाइफलाइन है। सुबह से लेकर रात तक हर एक आदमी एचआरटीसी से जुड़ा होता है। चाहे कोई बच्चा है, कॉलेज जाने वाला है, जॉब वाला है, दूध या सब्जी बेचने वाला है या फिर इंटर स्टेट आने जाने वाला है, सभी को एचआरटीसी बसों की सेवा मिलती है।

*सवाल : अपने बारे में कुछ बताएं?*

**जवाब:** मेरा जन्म नगरोटा बगवां के साथ लगते परौर गांव में हुआ। मेरे माता-पिता दोनों एजुकेशन डिपार्टमेंट से रिटायर हुए। पिता लेक्चरर थे और माता ब्लॉक प्राइमरी एजुकेशन ऑफिसर रिटायर हुईं। मेरी प्रारंभिक शिक्षा नगरोटा बगवां ब्वॉयज स्कूल में हुई। छठी से लेकर 12वीं तक मैं सैनिक स्कूल सुजानपुर में टीहरा में पढ़ा। बिरला विश्वकर्मा महाविद्यालय से बीटेक की। 1999 में एचआरटीसी के मैनेजर के तौर पर ज्वाइन किया। प्रमोट होकर आरएम बना तथा उसके बाद डिप्टी डीएम और वर्तमान में बतौर धर्मशाला के मंडलीय प्रबंधक के तौर पर सेवाएं दे रहा हूं।

*सवाल: हिमाचल में वर्तमान में कितने डिपो और बस रूट हैं?*

**जवाब :** हिमाचल में कुल चार शिमला, हमीरपुर, धर्मशाला और मंडी मंडल हैं और करीब 3300 बसें हैं। धर्मशाला मंडल में 722 बसें हैं। रोजाना हम 602 रूट चला रहे हैं। धर्मशाला मंडल में 2504 लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं। धर्मशाला मंडल के अंतर्गत धर्मशाला के अलावा, जोगिंद्रनगर, बैजनाथ, पालमपुर, नगरोटा बगवां, जयसिंहपुर, पठानकोट, चंबा डिपो आते हैं और साथ में डिवीजनल वर्कशॉप जसूर भी आती है।



## एचआरटीसी मेरा पैशन, आई लाइक ट्रैवलिंग

मैं 1999 से लेकर आज तक एचआरटीसी में काम इसलिए कर पाया, क्योंकि ये मेरे पैशन का काम है। आई लाइक ट्रैवलिंग। मैंने जहां-जहां सेवाएं दी हैं, वहां के हरेक रूट को खुद देखा है और आज उसी का परिणाम है कि हम अच्छी सेवाएं लोगों को दे पा रहे हैं और आगे भी देते रहेंगे।

एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक से
**विशेष बातचीत**

*सवाल : आपका सबसे अच्छा वर्क स्टेशन कौन सा रहा?*

**जवाब:** पालमपुर, धर्मशाला और नगरोटा बगवां का एक्सपीरियंस बहुत अच्छा है। बहुत नए-नए रूट चला पाए हैं। कई ऐसे रूट भी चलाए जहां हम सोचते थे कि क्या पता गाड़ी कामयाब होगी या नहीं। हमारे पास लोगों के जो सुझाव आते हैं, उन पर हम अमल कर बेहतरीन करने का प्रयास करते हैं।

*सवाल : क्या कंडम बसों को हटाने जा रहे हैं?*

**जवाब :** स्क्रैप पॉलिसी के तहत जो बसें 15 साल पूरा कर रही हैं वे ऑटोमैटिकली ही हट जा रही हैं। इसके अलावा हम कंडमनेशन बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही गाड़ियों को कंडम करते हैं। हम अच्छी सर्विसेस प्रोवाइड कर रहे हैं और हमारे बेड़े में सामान्य गाड़ियों से लेकर डीलक्स, वोल्वो, टैंपो ट्रैवलर्स और इलेक्ट्रिक बसें तथा इलेक्ट्रिक वैन भी हैं। यही वजह है कि हर साल एचआरटीसी में सफर करने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है।

*सवाल : एचआरटीसी को घाटे से उबारने के लिए क्या प्लान है?*

**जवाब:** देखिए, मैं यह तो नहीं कहूंगा कि एचआरटीसी घाटे में जा रहा है। हां, कुछ सामाजिक दायित्व जरूर रहते हैं, जो आदेश आते हैं वो मानने पड़ते हैं। यदि एक दो रूट बंद होते हैं तो बहुत सारे चलते भी हैं। हमारी प्रति किलोमीटर के हिसाब से आय भी बढ़ रही है।

*सवाल : क्या स्मार्टकार्ड धारकों के अलावा मध्यम वर्ग भी लाभ उठा पा रहा है?*

**जवाब :** जी, बिलकुल। महिलाओं को 50 प्रतिशत डिस्काउंट है। ग्रीन कार्ड, स्मार्ट कार्ड और सम्मान कार्डों का भी लोग लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा हमने हाल ही में एनसीएमसी कार्ड भी शुरू किया है। इस कार्ड का फायदा यह है कि यदि किसी ने एचआरटीसी की बस से उतर कर मैट्रो में सफर करना है तो उसे वहां लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अब हम नई टिकटिंग मशीन लेकर आए हैं। इस मशीन से यात्री तीन प्रावधानों कैश, कार्ड या फिर क्यूआर कोड से पेमेंट कर सकते हैं। धर्मशाला मंडल में रोजाना पांच-छह हजार कैशलेस ट्रांजेक्शंस हो रही हैं।

*सवाल : आपके बेड़े में कितने ई-व्हीकल्स हैं तथा कितने और आने वाले हैं?*

**जवाब:** धर्मशाला मंडल में स्मार्ट सिटी के तहत पहली बार 26 मई, 2022 को 15 इलेक्ट्रिक बसें आई थीं। एक डीजल बस का खर्चा प्रति किलोमीटर 23 से 24 रुपए तक आता है, जबकि इलेक्ट्रिक बस का खर्चा करीब सात रुपए आता है, जिससे हमें प्रति किलोमीटर 16-17 रुपए की बचत होती है। साथ में प्रदूषण भी कम होता है। हम हर रोज 120 किलोमीटर तक इलेक्ट्रिक बस दौड़ाते हैं। इसके अलावा 327 और इलेक्ट्रिक गाड़ियों का टेंडर हो चुका है।

*सवाल : एचआरटीसी की भविष्य की क्या योजनाएं हैं?*

मैं आज का काम कल के लिए पेंडिंग नहीं छोड़ता। मैं इतने सारे लोगों को तब साथ लेकर चला हुआ हूं कि मैंने यह सोचा है कि एचआरटीसी को निरंतर प्रगति पर लेकर जाना है। लोगों, अपने ड्राइवर-कंडक्टरों तथा स्टाफ के अन्य सदस्यों के सुझावों से हम निश्चित रूप से एचआरटीसी को बहुत आगे लेकर जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांगड़ा हवाई अड्डे से हर हफ्ते 64 उड़ानों की आवाजाही : मुरलीधर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी को संसद में बताया कि कांगड़ा हवाई अड्डे से वर्तमान में हर हफ्ते 64 उड़ानों आवाजाही की मूवमेंट दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया की कांगड़ा एयरपोर्ट से इंडिगो, अललाइंस एयर और स्पाइस जेट एयरलाइंस दिल्ली शिमला और चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मोहोल ने इंदु को बताया कि एयर कारपोरेशन एक्ट को मार्च 1994 में निरस्त किए जाने के बाद भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूरी तरह नियंत्रण मुक्त कर दिया गया है तथा एयरलाइंस मार्केट और रूट का चयन, एयरक्राफ्ट शामिल करने और ऑपरेट करने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र हैं तथा किसी भी हवाई अड्डे से नई एयर सर्विस शुरू करने का निर्णय एयरलाइंस व्यापारिक व्यवहारिकता के आधार पर करती हैं।

### जंगल से लकड़ी चोरी के मामले में दो लोग गिरफ्तार, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** थाना नालागढ़ में हाल वनरक्षक प्रभारी बीट बीड़ प्लासी से सैणीमाजरा के पास अवैध लकड़ी खैर से लदी गाड़ी नं. एचपी12एन-2127 में चोरी करके ले जाने बारे शिकायत प्राप्त होने पर थाना नालागढ़ में उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत करके 2 अभियुक्तों कुशाल सिंह पुत्र गुरचरण सिंह गांव सैणी और अवतार सिंह पुत्र दर्शन सिंह गांव चांदपुर, जिला सोलन को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी बद्दी अशोक वर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर दोषियों को अदालत में पेश किया जाएगा और मामले में आगामी जांच जारी है।

# हिमाचल में सूखे जैसे हालात, टूरिस्ट मायूस

## किसानों की बढ़ी चिंता, अब फसल के लिए भी खरीद रहे हैं पानी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सूखे जैसे हालात बन गए हैं। प्रदेश में गेहूं सहित रबी की फसल सिंचित क्षेत्रों को छोड़कर बर्बाद हो चुकी है। सेब बहुल क्षेत्रों में बागवानों के सामने सेब के पौधों को सूखने से बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। सेब सहित अन्य फलदार पौधों को बचाने के लिए खरीदकर पानी बगीचों में पहुंचाया जा रहा है। सेब के पौधों के नीचे पानी डालने का काम किया जा रहा है। सचिवालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पेयजल स्थिति पर आधिकारिक स्तर पर चर्चा होती है।

मौसम विभाग के अनुसार, एक जनवरी से 11 फरवरी तक सामान्य रूप से 117.9 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार सिर्फ 29.4 मिमी ही बारिश और बर्फबारी दर्ज हुई है। इसका सीधा असर पर्यटन उद्योग पर पड़ा है, क्योंकि बर्फबारी के अभाव में टूरिस्ट निराश लौट रहे हैं। प्रदेश में पिछले साल मानसून सीजन में सामान्य से 19त्न कम बारिश हुई थी। इसके बाद पोस्ट-मानसून सीजन में भी 98 प्रतिशत कम वर्षा हुई और अब विंटर सीजन में भी हालात बिगड़ रहे हैं।

जल शक्ति विभाग की ओर से भेजी गई रिपोर्ट में अवगत करवा दिया गया है कि पेयजल परियोजनाओं में पानी का स्तर घटता जा रहा है। प्रदेश के एकमात्र कुल्लू जिला में वर्षा के जल स्तर की बात की जाए तो गिरावट-16 प्रतिशत है, जो कि प्रदेश के अन्य 11 जिलों में सबसे कम प्रतिशतता है।



### बर्फबारी न होने के कारण बने सूखे जैसे हालात

**कुल्लू** जिले को छोड़ दें तो अन्य जिले तेजी से सूखाग्रस्त होने की स्थिति की ओर भाग रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से ये कहा जा रहा है कि प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा और हिमपात होने के कारण सूखे जैसे हालात बनते जा रहे हैं। इसके पीछे प्रमाण दिया गया है कि मानसून के बाद के पांच महीनों में कहीं पर भी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई। सचिवालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पेयजल परियोजनाओं में घटता जलस्तर बेचैनी पैदा कर रहा है।

### मानसून के बाद पांच महीने निकले सूखे

**मानसून** के बाद पांच महीनों के दौरान प्रदेश में पर्याप्त वर्षा और हिमपात नहीं हुआ है। प्रदेश में वर्षा सामान्य से बहुत कम हो रही है। अक्तूबर में 97 प्रतिशत, नवंबर में 99 प्रतिशत, दिसंबर में 23 प्रतिशत, जनवरी में 98 प्रतिशत और फरवरी में 56 प्रतिशत कमी चल रही है।हर कोई आसमान की तरफ निहार रहा है कि कब बादल आएं और सूखी धरती और पहाड़ बर्फ से लकदक हों। हालात यह हैं कि एक-एक दिन कर तीन माह का समय व्यतीत हो चुका है और वर्षा के आसार नहीं हैं। इसका व्यापक स्तर पर असर हो रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी सूखे से राहत न मिलने का अनुमान लगाया है और मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।



### करुणामूलक परिवारों के लिए किए वादों को याद करे सरकार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** करुणामूलक संघ प्रदेश सरकार को उनके ही वादे याद दिलाने अब धरातल पर उतर कर हर जिला से प्रेस कांफ्रेंस करके किए गए वादों की यादें ताजा करवा रहे हैं कि मुख्यमंत्री सरकार बनते ही जिस कैबिनेट का गठन आपके द्वारा किया गया। उसी कैबिनेट के मंत्रियों व आपके द्वारा विधानसभा चुनावों के समय करुणामूलक परिवारों के लिए वादे किए गए थे। उस समय कांग्रेस ने कहा था कि सरकार बनते ही 6 महीने के भीतर हिमाचल के समस्त करुणामूलक परिवारों को वन टाइम सेटलमेंट देकर पक्की नौकरियां दी जाएंगी। मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता में करुणामूलक संघ के जिला मंडी के प्रधान अनिल ब्लेनिया ने कहा कि हम खुद को असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। एक तो हमने अपने माता-पिता को खोया है और ऊपर से सरकार अढ़ाई साल से करुणामूलक सब कमेटी का हवाला दे रही है। करुणामूलक परिवारों के लिए दो मीटिंगे सब कमेटी में हो गई, लेकिन नतीजा कोई नहीं निकला और तारीखो की बोझ तले यह परिवार दब रहे हैं। प्रेस वार्ता में नीरज, राकेश, मनोज, जाबेराम, शंकर धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी में उथल-पुथल : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस में अंदरुनी कलह चरम पर है। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से निराशा में है और ऐसा लगता है कि कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता अपनी ही पार्टी में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने हाल ही में कहा था कि तीन महीने पहले अपनी इकाइयों को भंग करने के कारण प्रदेश में कांग्रेस पंगु हो गई है, तथा नए ढांचे के बारे में पार्टी हाईकमान से कोई संवाद नहीं हुआ है।

उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत पार्टी और सरकार के लिए मजबूत संगठन जरूरी है, लेकिन मांग के बावजूद ब्लॉक, जिला और राज्य इकाइयों का पुनर्गठन नहीं किया गया है।

कश्यप ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का संगठन और कांग्रेस सरकार दोनों ही पंगु हो गए हैं। कांग्रेस के नेता खुद ही यह कहने लगे हैं कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव गंभीरता से नहीं लड़ा और उसका रवैया उदासीन रहा। ऐसा लगता है कि कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पूरी तरह से घबरा गई है, जहां पिछले तीन विधानसभा चुनावों से वह एक भी सीट नहीं जीत पाई है। पिछले साल राज्य के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने घोषणा की और फिर अपना इस्तीफा वापस ले लिया, जिससे राज्य कांग्रेस इकाई में नेतृत्व की लड़ाई जनता के सामने आ गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक अपने मुख्यमंत्री के प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं, वे मुखर नहीं हो सकते, लेकिन वे अकसर अपनी नाराजगी दिखाते हैं।

# सोलन में काला पीलिया से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** माल रोड सोलन में घूम रहे सिरमौर जिले के शिलाई का युवक अचानक चक्कर आने से गिर गया, जिसे स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक अस्पताल सोलन से पुलिस को सूचना मिली कि माल रोड सोलन नजदीक हनुमान मंदिर के पास से एंबुलेंस के माध्यम से एक युवक को चेकअप लाया गया है, जिसे डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि युवक सचिन (18) पुत्र दीपराम शर्मा निवासी तहसील शिलाई जिला सिरमौर का रहने वाला था। पूछताछ पर पता चला कि उक्त युवक को काफी समय से काला पीलिया था। मृतक की माता अपने बच्चों के साथ माल रोड पर घूम रही थी, जिस दौरान उसके बेटे सचिन को नजदीक हनुमान मंदिर के पास चक्कर आ गया जिस पर परिवार वाले सचिन को इलाज हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल सोलन ले आए। जहां डॉक्टर ने सचिन को चेक करने के बाद मृत घोषित किया गया। मृतक के परिजनों के बयान कलमबंद किए गए हैं।

# अवस्थी बोले-पांच साल में पीआईटी एनडीपीएस लागू नहीं कर पाए जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कांग्रेस विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा नेता नशे के मुद्दे पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को युवाओं की चिंता नहीं है, क्योंकि सत्ता में रहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने नशा माफिया के खिलाफ न तो कोई सख्त कार्रवाई की और न ही कोई सख्त कानून बनाने की दिशा में कदम उठाए।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के पूरे पांच साल के कार्यकाल में पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट लंबित रहा, जबकि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही मात्र चार महीनों के भीतर इसकी अधिसूचना जारी कर दी और नशा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि यह कानूनी प्रावधान उन लोगों को हिरासत में लेने की अनुमति देता है जो बार-बार नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पाए जाते हैं, जिससे वे समाज की सुरक्षा को नुकसान न पहुंचा सकें। इस कानून के तहत अब तक प्रायोजक प्राधिकरण ने 81 केस प्रस्तुत किए हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देश पर पिछले छह महीनों में पुलिस ने नशा माफिया की धरपकड़ तेज कर दी है। पिछले तीन वर्षों में अवैध रूप से अर्जित 16 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

विधायक ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार नशा माफिया के विरुद्ध सख्ती से निपटने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स भी बना रही है। यह टास्क फोर्स विशेष रूप से मादक पदार्थों और नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े अपराधों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि एसटीएफ को आवश्यक संसाधन, अधिकार और स्वायत्तता प्रदान की जाएगी, ताकि यह नशे के बढ़ते खतरे से प्रभावी ढंग से निपट सके। इसके अलावा, टास्क फोर्स के तहत समर्पित पुलिस थाने भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों पर प्रदेश सरकार की कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# एसडीएम को सुरक्षा देने की मांग, जनता के निशाने पर आया खनन विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। गत दो दिन पहले आईएएस अधिकारी और मंडी के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट ओम कांत ठाकुर के उपर हुए हमले को लेकर पास में लगे सीसीटीवी से भी सहायता लेकर खनन में शामिल 6 अन्य लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की प्रक्रिया जारी है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बुधवार को पूर्ण चंद निवासी मडवान सदर मंडी, राजीव निवासी पंजैठी सदर जिला मंडी, जितेंद्र उर्फ ज्योति निवासी शिल्हाकिप्पड़ सदर जिला मंडी, तनवीर निवासी किशनगंज बिहार, सूरज ऋषिकेष निवासी किशनगंज बिहार, प्रकाश निवासी किशनगंज बिहार से पूछताछ की गई। हालांकि पूछताछ के उपरांत 6 लोगों को वापस इसलिए भेज दिया गया है, क्योंकि उनकी मामले में प्रत्यक्ष भूमिका साबित नहीं हुई है।

गौर हो कि उनके उपर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए पास में लगे सीसीटीवी बड़े सबूत के रूप में देखे जा रहे हैं। इस घटना के उपरांत खनन विभाग के अधिकारी भी जनता के निशाने पर आ गए हैं। राहुल, विजय, अश्वनी, सोनू आदि ने कांग्रेस सरकार से मांग की कि खनन विभाग की कार्यप्रणाली की जांच की जानी चाहिए, आखिर खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं, आज तक बताएं जिलाभर में कितने चालान किए गए हैं। लोगों ने खनन विभाग के अधिकारियों के खातों की जांच सहित संपत्ति की भी जांच करने की मांग की है।

### एचपी एचएएस ऑफिसर्स एसो. ने की निंदा

**आईएएस** अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर पर हमला कर घायल करने वाले मामले में अब हिमाचल प्रदेश एचएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन भी सामने आ गई है। एसोसिएशन द्वारा जारी जानकारी में आईएएस अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओमकांत ठाकुर पर खनन माफिया के हमले की कड़ी निंदा की है। एसोसिएशन का कहना है कि एसडीएम पर हुआ हमला केवल मात्र एक व्यक्ति पर हुआ हमला नहीं है और यह कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली अथॉरिटी के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। एसोसिएशन ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं एसोसिएशन ने इस हमले पर संज्ञान लेते हुए एसोसिएशन ने प्रदेश में एसडीएम अधिकारियों को सुरक्षा मुहैया प्रदान करवाने और सुरक्षाकर्मी यानी पीएसओ देने की मांग की है।

> अधिकारियों को सुरक्षा देकर देखो, एक सप्ताह में माफिया घुटने टेक देगा, लेकिन जानबूझकर अधिकारियों को सुरक्षा नहीं दी जाती है। कई बार खनन माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाती रही है, लेकिन कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। मंडी में हुई घटना पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।
> **-बीआर कौंडल, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी।**

> प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े लोगों ने पूछताछ की जा रही है। खनन में शामिल 6 अन्य लोगों को पुलिस स्टेशन बुला कर पूछताछ की गई है। आगे की कार्रवाई जारी है। मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जएगी।
> **-साक्षी वर्मा, एसपी मंडी।**

# सिरमौर में 1516 ग्राम चरस समेत एक दबोचा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर जिले के संगड़ाह विकास खंड में हरिपुरधार के निकट थ्यानबाग में पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम ने एक व्यक्ति को 1516 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस को मिली गुप्त सूचना के अनुसार उक्त व्यक्ति अपने बैग में चरस लेकर पैदल ही रेणुका की ओर जा रहा था, जिसे पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस की एसआईटी टीम ने रोककर तलाशी ली तो उस व्यक्ति से 1516 ग्राम चरस बरामद की। पंचायत समिति संगड़ाह के पूर्व अध्यक्ष मेलाराम शर्मा और दिउड़ी खड़ाह पंचायत के उपप्रधान रणवीर सिंह को पुलिस की टीम ने मौके का गवाह बनाया और उनके सामने बैग की तलाशी लेकर चरस बरामद की। उक्त व्यक्ति की पहचान शिमला जिला के कुपवी तहसील के गांव चंजाह के निवासी लायक राम के रूप में की गई है। उक्त आरोपी को पहले भी लगभग 900 ग्राम चरस की तस्करी करते हुए पकड़ा जा चुका है। मेलाराम ने बताया कि ऐसे चरस तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशाखोरी से स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही युवा पीढ़ी का भविष्य खराब हो रहा है।

# शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति गुणवत्तापूर्ण सुधार हुआ : गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**कहा- शिक्षा मंत्री ने बुनियादी ढांचे को किया मजबूत**

शून्य नामांकन या नगण्य छात्र संख्या के कारण विभिन्न स्कूलों के बंद होने पर विपक्ष की आलोचना के बावजूद, हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नीति आयोग की नवीनतम रिपोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष रैंकिंग वाले राज्यों में रखा है, जो शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की प्रगतिशील नीतियों और सुधारों को मान्य करता है।

प्रेस को जारी ब्यान में राज्य मीडिया पैनलिस्ट संजीव गांधी ने कहा कि ठाकुर के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में, हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान पुन: प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल शिक्षा में सुधार पर राज्य सरकार के फोकस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल और कौशल आधारित शिक्षा की शुरुआत ने छात्रों के लिए सीखने के अनुभव को आधुनिक बनाया है। इसके अतिरिक्त, योग्य शिक्षकों की भर्ती, स्कूलों में जवाबदेही सुनिश्चित करने और शहरी-ग्रामीण शिक्षा के बीच की खाई को पाटने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। संजीव गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग कई परिवर्तनकारी नीतियों को लागू कर रहा है, जिससे छात्रों और शिक्षकों दोनों को लाभ होगा।

**आरोप** सबसे बड़ी हिंदू आबादी वाले राज्य के श्रद्धालुओं के लिए सरकार का कोई इंतजाम नहीं

# आस्था के महाकुंभ में सनातन विरोधी सुक्खू सरकार के इंतजाम नदारद: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सनातन की आस्था का प्रतीक महाकुंभ का चल रहा है, जिसमें देश दुनिया के लोग जाकर स्नान कर रहे हैं।

हिमाचल से भी हर दिन हजारों की संख्या में लोग महाकुंभ में स्नान करने के लिए त्रिवेणी संगम प्रयागराज जा रहे हैं लेकिन दुख इस बात का है कि हिमाचल की सरकार ने प्रदेशवासियों के प्रयागराज पहुंचने के लिए कोई इंतज़ाम नहीं किए हैं। इससे प्रदेश के लोगों को मजबूरी में ज्यादा पैसे खर्च करके महाकुंभ की यात्रा करनी पड़ रही है। इतने पवित्र अवसर पर प्रदेश के हिंदू श्रद्धालुओं के लिए कोई इंतजाम नहीं करने पर सरकार का यह सनातन विरोधी चेहरा सामने आ गया है। इतने सौभाग्य से महाकुंभ का यह संयोग आया है लेकिन सरकार की उदासीनता की वजह से बहुत लोग कुंभ के इस पुण्य का लाभ लेने से वंचित हो जा रहे हैं।

मुझे भी सरकार के इस सौतेले रवैये पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से अलग-अलग माध्यमों से लोगों के सैकड़ों संदेश प्राप्त हुए। सबकी एक ही शिकायत थी कि हम दूसरे स्टेट की बसों से, निजी बसों से हजारों रुपए खर्च करके महाकुंभ में जा रहे हैं तो

**हिमाचल को छोड़ देश के सभी राज्य चला रहे हैं कुंभ के लिए बसें**



क्या सरकार हमारे लिए बसें तक नहीं चला सकती है? जयराम ने कहा कि हिमाचल से हर दिन हजारों की संख्या में लोग कुंभ जा रहे हैं। उसके लिए उन्हें बस और टैक्सी ऑपरेटर्स को मनमाना पैसा भी देना पड़ रहा है। इतने बड़े आयोजन में हिमाचल प्रदेश की सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाए गए। प्रदेश में एचआरटीसी की इतनी बसें हैं, जिन्हें कुंभ के लिए भेज कर सरकार एक तरफ प्रदेश के यात्रियों का भला कर सकती थी और दूसरी तरफ एचआरटीसी को भी करोड़ों का लाभ हो सकता था, लेकिन सरकार अभी अपने 97 प्रतिशत हिंदू विरोधी की भावना से बाहर नहीं आ पा रही है।

कांग्रेस के आलाकमान को खुश करने के लिए सुक्खू सरकार द्वारा इस तरह रवैया अपनाया जा रहा है। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं कि हिमाचल में 97 प्रतिशत हिंदू हैं जो किसी भी प्रदेश का सर्वाधिक हिंदू आबादी प्रतिशत है दूसरी तरफ प्रदेश की उस 97 प्रतिशत आबादी के लिए सरकार महाकुंभ जैसे आयोजन तक पहुंचाने के लिए बसें तक नहीं चलाई जा रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हम बहुत सौभाग्यशाली हैं जो हमें इस तरह के संयोग में महाकुंभ स्नान का अवसर आया है। इसके लिए सरकार की तरफ़ से बढ़-चढ़कर इंतजाम किया जाना चाहिए था, लेकिन सरकार द्वारा बस भी नहीं उपलब्ध करवाई गई। एचआरटीसी से प्रदेश के लोगों का एक अलग लगाव है। ऐसे में सरकार प्रदेशवासियों को महाकुंभ में स्नान के लिए विशेष प्रबंध करवाने चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हीना प्रथम

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी महाविद्यालय तकीपुर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं छात्रों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। ये प्रतियोगिताएं 11 व 23 दिसंबर 2024 और 11 फरवरी 2025 को संपन्न हुईं, जिनमें 130 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन अवसरों पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आरएस गिल ने उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं अपने प्रेरणादायक शब्दों से उन्हें प्रोत्साहित किया। 23 दिसंबर 2024 में करवाई पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान हीना, द्वितीय स्थान कशिश, तृतीय स्थान सोनाक्षी, बीए तृतीय वर्ष एवं वर्ष, बीए प्रथम वर्ष पेंटिंग प्रतियोगिता 23 दिसंबर 2024 प्रथम स्थान सिमरन चौधरी, बीए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान ज्योति, बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान तृषा चौधरी, बीए द्वितीय वर्ष नारा लेखन प्रतियोगिता 11 फरवरी 2025 प्रथम स्थान आशीष कुमार, बीए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान रोबिन सिंह, बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान कनिका, बीए तृतीय वर्ष ने हासिल किया।

### रोलर स्केटिंग चैंपियन को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान कांगड़ा। 10वीं इंडो-नेपाल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में सेंट जेम्स स्कूल के जिन चार बच्चों ने नेपाल में जाकर जीत हासिल की। उन्हें स्कूल में मैनेजमेंट, प्रधानाचार्य, स्टाफ ने प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में इन बच्चों ने नेपाल जाकर बाकी स्कूलों के साथ मिलकर रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सेंट जेम्स स्कूल कांगड़ा का नेतृत्व किया। इसमें दक्ष, जोएल, ओजस्वी, भवनिका ने सबसे ज्यादा सात गोल्ड और एक सिल्वर जीत कर स्कूल और हिमाचल का नाम रोशन किया। इस खुशी के मौके पर स्कूल प्रबंधन के डॉ राजेंद्र पाल, प्रधानाचार्य इंदु सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल यूनिफॉर्म, ट्रॉफी, केक काटकर उन्हें तथा उनके माता पिता को सम्मानित किया। इस अवसर पर इन चारों बच्चों ने स्कूल प्रांगण में अन्य बच्चों के सामने बेहतरीन स्केटिंग भी की।

### 438 स्टूडेंट्स और स्टाफ का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, पालमपुर। रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा एक मेडिकल हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन भारती विद्या पीठ स्कूल बैजनाथ में आयोजित किया गया। इस कैंप में स्कूल के 438 बच्चों ओर स्टाफ ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस कैंप मे रोटरी वूमेन एंड चाइल्ड केयर हस्पताल ठाकुरद्वारा के डॉक्टरों व पैरामैडिकल स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस कैंप में। यूएस के डॉक्टर लोरना और उनकी टीम ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ लोरना का ग्लोबली ये 92वां कैंप था। इस कैंप के आयोजन में भारती विद्या पीठ स्कूल के निदेशक नवनीत डोगरा, प्रिंसिपल संजय, वाइस प्रिंसिपल अमित सूद व उनके स्टाफ ने भी सहयोग किया। रोटरी क्लब पालमपुर की ओर से सुरिंद्र मोहन टाटा प्रेसिडेंट, राजेश सूद सचिव, राघव शर्मा,संजीव बाघला, ऋषि संग्राय, अजय सूद, अरुण व्यास, कपिल सूद, वरुण शर्मा, डॉ. शाम, संदीप राणा, मनोज सूद, नवनीत डोगरा ने भाग लिया। हस्पताल से डॉ.आन्या, डॉ मनीषा एवं, वीरेंद्र सिंह, स्टाफ नर्स शिल्पा और शालिनी एवं चालक अवतार ने सेवाएं प्रदान कीं। रोटरी क्लब पालमपुर के प्रधान सुरिंद्र मोहन टाटा ने कैंप के आयोजन के लिए डॉ लोरना और उनके टीम तथा रोटरी मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल ठाकुरद्वारा की मैनेजमेंट का धन्यवाद किया।

### सलिहार पंचायत के कंडू में पेयजल संकट

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी। सलिहार पंचायत के कंडू गांव पिछले दो माह से पानी की किल्लत से जूझ रहा है। कंडू गांव के गांववासी शामू ठाकुर, जुग्ना देवी, अमर सिंह आदि ने बताया कि उनके घरों में पिछले दो माह से पानी नहीं आ रहा है जबकि बाकी घरों को नियमित पानी सप्लाई आ रही है। शामू ठाकुर ने बताया कि पानी की सप्लाई को लेकर उन्होंने कई बार विभाग से बात की है लेकिन आज तक समस्या का हल नहीं हो पाया है, जबकि बाकी घरों में नियमित पानी आ रहा है। उन्होंने पानी की समस्या को लेकर जन समस्या निवारण नंबर 1100 पर भी कॉल की है लेकिन पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। गांववासियों ने जल शक्ति विभाग और सरकार से जल्द से जल्द पेयजल की समस्या हल करने की मांग की है।

## बसपा ने खोले असंतुष्ट नेताओं के लिए दरवाजे



अनंत ज्ञान, फतेहपुर। बसपा प्रदेश महासचिव लेखराज ने बुधवार को गनोह में बताया कि बसपा ने प्रदेश में चल रहे असंतुष्ट नेताओं के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियों के असंतुष्ट नेता बहुजन समाज पार्टी से संपर्क कर सकते हैं, उनका पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि एक पार्टी के नेता का बयान आया है कि प्रदेश में तीसरे विकल्प का कोई भी वजूद नहीं है तो उनकी जानकारी दे दें कि बसपा राष्ट्रीय स्तर की पार्टी है और इसका अपना जनाधार है। उन्होंने कहा कि उक्त नेता के बयान से तो यह स्पष्ट होता है कि भाजपा व कांग्रेस ने बारी डाली हुई है, लेकिन अब जनता इन दोनों के धोखे में आने वाली नहीं है। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बसपा पिर्थी सिंह भी उपस्थित रहे।

# जमानाबाद में 6.96 ग्राम हेरोइन इंदौरा में 257 ग्राम चरस पकड़ी

## पुलिस ने दो मामलों में कांगड़ा और चंबा जिले के दो आरोपियों को दबोचा

अनंत ज्ञान टीम, गगल/इंदौरा

कांगड़ा और नूरपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में नशे की खेप के साथ दो युवकों को पकड़ने में सफलता पाई है। पहले मामले में कांगड़ा पुलिस ने 6.96 ग्राम चिट्टा रखने पर जमानाबाद से साजन (29) नामक युवक को गिरफ्तार किया है। इच्छी का रहने वाला साजन दूसरे नशा तस्कर चंदन का करीबी सहयोगी है। चंदन को मंगलवार को गगल पुलिस स्टेशन की टीम ने 6.96 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। चंदन और साजन दोनों ही गगल क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। पुलिस की दोनों पर कड़ी नजर थी। मौके मिलने पर दोनों को गगल और कांगड़ा पुलिस स्टेशन की



गगल थाना के तहत जमानाबाद में 6.96 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

टीम ने हिरासत में ले लिया। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि कांगड़ा में नशा तस्करों और सप्लायरों पर कड़ी कार्रवाई के बाद अब गगल और आसपास के क्षेत्र में बचे हुए सभी सप्लायरों की सूची तैयार की जा रही है और तस्करी में शामिल हर एक व्यक्ति पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि साजन को अदालत में पेश किया जाएगा। साजन कॉलेज जाने वाले छात्रों को निशाना बनाता था, लेकिन उसकी योजना अब अधूरी रह गई है और उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, दूसरे मामले में थाना इंदौरा के अंतर्गत पीएनबी बैंक इंदौरा के पास जब एक व्यक्ति की रोककर तलाशी ली तो इसके कब्जे से 257 ग्राम चरस बरामद की गई। पकड़े गए आरोपों की पहचान मोती लाल पुत्र माना निवासी चुराह जिला चंबा के तौर पर की गई है। आरोपी पर मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है तथा यह कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

## अल्पसंख्यक एवं दिव्यांगजनों की योजनाएं बताईं

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। बुधवार को फतेहपुर के तहत पड़ते एक निजी रिजॉर्ट में हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित अल्पसंख्यक व दिव्यांगजनों को निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान निगम के पदाधिकारी सीएल शर्मा ने बताया कि अल्पसंख्यक व दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के सहयोग से निगम द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई हैं। लोगों को स्वरोजगार के संसाधन तैयार करने के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाना है, ताकि उक्त वर्गों से संबंधित लोग आत्मनिर्भर बन पाएं। निगम द्वारा नाममात्र ब्याज पर स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार के साथ -साथ उच्च शिक्षा के लिए भी ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

# दिल्ली चुनाव में दिखा सुक्खू सरकार की झूठी गारंटियों का असर : पवन काजल

## जनता का मोह भंग, कभी भी गिर सकती है प्रदेश की कांग्रेस सरकार

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

कांगड़ा के भाजपा विधायक पवन काजल ने बुधवार को कांगड़ा में सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के चुनावों में हिमाचल प्रदेश की झूठी गारंटियों का असर देखा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस अपना खाता भी नही खोल पाई कांग्रेस पार्टी की क्या हालत है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों से सुक्खू सरकार ने प्रदेश की जनता से विश्वासघात किया है। झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई सुक्खू सरकार अपनी एक भी गारंटी को पूरा न कर पाई है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है विकास थम चुका है। खजाना खाली होने की बात कह कर सुक्खू सरकार अपने मित्रों को खुश करने में लगी हुई है। पवन काजल ने कहा कि भाजपा सरकार के समय में बंद किए गए संस्थानों को खोलने की झूठी घोषणाएं करके सुक्खू लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सरकारी कर्मचारियों को अपने वेतन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ा है। करोड़ों का ऋण लेने के बाद भी सुक्खू सरकार बोल रही है खजाना खाली है। कांग्रेस सरकार बताए कि जो ऋण सरकार ने लिया उसे कहां खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जान चुकी है कि सुक्खू सरकार झूठ बोलने में माहिर है। प्रदेश की महिलाएं आज अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही हैं। बेरोजगार रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

किसान व बागवान परेशान है। डिपुओं में आनाज नही है। सुक्खू सरकार बिना बजट के घोषणाएं कर रही है। पवन काजल ने कहा कि जब सुक्खू बोल रहे हैं कि खजाना खाली है तो ये घोषणाएं क्यों कर रहे हैं। केंद्र से पैसा मिलने के बाद भी सुक्खू सरकार बोल रहे हैं केंद्र से कोई सहायता नही हुई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार से जनता का मोह भंग हो चुका है तथा यह सरकार कभी भी गिर सकती है।

## चोरी के आरोपी चार दिन के पुलिस रिमांड पर

अनंत ज्ञान, गगल। ग्राम पंचायत गगल के भवन में लाखों रुपए का सामान चुराने के आरोप में पकड़े गए दो आरोपियों को बुधवार कांगड़ा की अदालत में पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायाधीश ने दोनों आरोपियों को 15 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि अभी तक आरोपियों से सामान बरामद नहीं हुआ है लेकिन दोनों आरोपियों ने सामान चुराने की बात स्वीकार कर ली है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत गगल के उप प्रधान भुवनेश चड्ढा ने गत दिवस गगल पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा कर चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी पुलिस हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों में एक गगल तथा दूसरा इच्छी का रहने वाला है। दोनों आरोपियों पर लगभग डेढ़ लाख का सामान चुराने का आरोप है।

# कांग्रेस सेवादल को भी आरएसएस की तरह शक्तियां दी जाएं : सुदर्शन

भूषण शर्मा, नूरपुर

हाल ही में दिल्ली में संपन्न हुए चुनावों में कांग्रेस पार्टी को करारी शिकस्त को लेकर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चौधरी चंद्र कुमार ने संगठन पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि कांग्रेस एक फैलाइज संगठन बन गया।



बोले, कांग्रेस पार्टी के लिए फ्रंटलाइन पर काम करता है सेवादल

वहीं, दूसरी तरफ इसी बात को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा को नूरपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह सब हाई लेवल की बातें हैं। उन्होंने कहा 'मैं पार्टी का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं, यह सब मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।' उन्होंने कहा कि हाईकमान की बात पर टिप्पणी करना गलत होगा। कांग्रेस के संगठन को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल एक मजबूत और बड़ा संगठन है, जो नियमावली के आधार पर ही काम करता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आरएसएस बीजेपी के लिए कार्य करता है, ठीक उसी तरह कांग्रेस सेवा दल पार्टी के लिए फ्रंटलाइन पर कार्य करता है। हालांकि भाजपा द्वारा आरएसएस को एक्स्ट्रा शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसके विपरीत सेवा दल को मात्र रैलियों तथा मैनेजमेंट तक ही सीमित रखा गया है। उन्होंने कहा कि अगर आरएसएस की तर्ज पर कांग्रेस सेवा दल को भी अतिरिक्त शक्तियां प्रदान कर दी जाएं तो सेवा दल उससे भी अधिक मजबूती से खड़ा होगा। (अनंत ज्ञान)

# अंशिका मिस, आयुष मिस्टर स्प्रिंग डेलियन

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

अनंत ज्ञान, जवाली

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में 12 फरवरी को ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। समारोह के दौरान स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत उनके अध्यापकों पर 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर किया गया। पार्टी का आगाज स्वागत गीत तथा स्पीच द्वारा 11वीं की छात्राओं जानवी ठाकुर और जानवी पांजला द्वारा किया गया। 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा डांस परफॉर्मेंस की गई। 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विभिन्न शीर्षकों के साथ सम्मानित किया गया। 12वीं कक्षा के आदित्य को मिस्टर एटीट्यूड,



आयुष को मिस्टर स्प्रिंग डेलियन, अंशिका को मिस स्प्रिंग डेलियन, प्रियांश को मिस्टर पर्सनैलिटी, कशिश को मिस पर्सनैलिटी, आदर्श को मिस्टर फेयरवेल तथा सृजन को मिस फेयरवेल शीर्षक के साथ सम्मानित किया गया। स्कूल की ओर से 12वीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। छात्र-छात्राओं ने अपनी खुशी को व्यक्त करते हुए कमेटी सदस्य प्रिंसिपल सर तथा अपने पूरे स्टाफ का धन्यवाद किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन तथा मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र जी ने भी बच्चों की खुशी को दोगुना करते हुए उन्हें इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## गुजरेहड़ा में 178 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

अनंत ज्ञान, पालमपुर। रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा एक मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कैलाश आश्रम गुजेरेहड़ा में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सहयोग से बुधवार को आयोजित किया गया। इस कैंप में गुजरेहरा, गोपालपुर, चमोट, चाचियां व आस पास के गांवों के 178 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस कैंप मे रोटरी वीमेन एंड चाइल्ड केअर अस्पताल ठाकुरद्वारा के डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कैंप में आर्ट ऑफ लिविंग गुजेरेहरा के संचालक आकाश बरवाल, हितेश राय, डॉ. रुचिका, श्रेष्ठा, रोहन भारद्वाज और अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। रोटरी क्लब पालमपुर की ओर से अध्यक्ष सुरिंद्र मोहन टाटा, राजेश सूद सचिव, डॉ. सेम आदि ने भाग लिया। रोटरी क्लब पालमपुर के प्रधान सुरिंद्र मोहन टाटा ओर राजेश सूद ने कैंप के आयोजन के लिए डॉ लोरणा यूएसए ओर उनके टीम तथा रोटरी मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल ठाकुरद्वारा की मैनेजमेंट का धन्यवाद किया। रोटरी क्लब पालमपुर द्वारा डॉ लोरणा ल ओर उनकी टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न ओर हिमाचली टोपी पहना कर सम्मानित किया गया।

# पुलिस जिला नूरपुर के तहत 22 जगहों पर स्थापित किए 100 सीसीटीवी कैमरे

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

पुलिस प्रशासन द्वारा थाना जवाली, नूरपुर, फतेहपुर, रैहन, इंदौरा व डमटाल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं और अब जल्द ही वंचित इन क्षेत्रों मे भी कैमरे एक्टिव हो जाएंगे, जिससे अब यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित हो जाएगा।



जानकारी के मुताबिक युवा आईपीएस अधिकारी अशोक रत्न के दिशा-निर्देश पर विधानसभा फतेहपुर एवं थाना रैहन के अंतर्गत रैहन के प्रमुख बाजार में भी सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसके तहत पुलिस ने दो जगहों की साइट चिन्हित कर लोहे के पोल लगाकर कैमरे लगा दिए हैं। प्रमुख कस्बा रैहन में बस स्टॉप से पहले और स्टेडियम के निकट दो स्थानों पर कैमरे लगाए हैं। तो वहीं राजा का तलाब, सीमा क्षेत्र खटियाड़ व स्थाना में भी जिला पुलिस ने दोनों दिशाओं में दो-दो कैमरे लगाए हैं, जिस अब हर गतिविधि पर पुलिस की नजर होगी। गौरतलब है कि पुलिस जिला नूरपुर में जिला पुलिस द्वारा जिला के इंट्री व एग्जिट स्थानों के साथ-साथ महत्वपूर्ण बाजारों व स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसका कंट्रोल एसपी कार्यालय नूरपुर में स्थापित है। अब इसी मुहिम के तहत कस्बा रैहन के बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है, जिसका कंट्रोल एसपी कार्यालय में स्थित कंट्रोल रूम में होगा।

एएसपी नूरपुर धर्म चंद ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा थानों के तहत अलग अलग जगहों पर बुलेट व एएनपीआर कैमरे लगाए गए हैं। करीब 22 चिन्हित स्थानों पर 100 कैमरे लगाए गए हैं, जो कि दिन-रात सड़क पर गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखेंगे। ये सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए हैं। कैमरे लगाए जाने पर बाजारों में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, लड़ाई-झगड़ों व नशों आदि पर अंकुश लगेगा।

# तरसूह के ग्रामीणों ने रोके फोरलेन निर्माण कंपनी के ट्रक

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

कछियारी-शिमला नेशनल हाईवे के का निर्माण कार्य कर रही कंपनी के ट्रकों को कांगड़ा के साथ लगते गांव तरसूह के लोगों ने रोककर विरोध-प्रदर्शन किया।

गांववासियों का कहना था कि जब से उक्त कार्य चल है, उस समय से उनकी मांग की थी कि गांव के दोनों ओर को जोड़ने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण किया जाए, लेकिन हर बार प्रशासन तथा निर्माण कार्य में लगे कंपनी के अधिकारियों द्वारा उन्हें आश्वासन दिए जाते रहे और मंगलवार को उन्हें मजबूरन उक्त मार्ग पर बन रही टनल को जोड़ने के लिए बनने वाले पुल के निर्माण कार्य के लिए ले जा रहे सामग्री के फोरलेन कंपनी के ट्रकों को रोकना पड़ा। गांववासियों का कहना था कि जब तक उन्हें ओवरब्रिज और उनके खेतों में जाने वाले पानी की उचित व्यवस्था नहीं की जाएगी, तब तक वह किसी भी तरह का निर्माण कार्य यहां नहीं होने देंगे।

वहीं, सूचना मिलते ही एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल व निर्माण अधीन कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान एसडीएम इशांत जसवाल ने प्रदर्शन कर रहे गांववासियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही एनएचएआई के उच्च अधिकारियों के साथ गांववासियों की एक बैठक करवाई जाएगी और अगर उचित हुआ, तो उनकी हर मांग को माना जाएगा, लेकिन एसडीएम गांववासियों की मांगों को मानने का आश्वासन नहीं दे रहे।

## गरली में बिना पंजीकरण प्रवासियों का प्रवेश बंद

अनंत ज्ञान, गरली। ग्राम पंचायत गरली में अब बिना पंजीकरण फेरी लगाकर सामान बेचने वाले प्रवासियों की खैर नहीं है। पंचायत प्रधान शशिलता ने 12 फरवरी को फरमान जारी करते हुए कहा कि बाहरी राज्य का कोई भी अंजान व्यक्ति बिना पंजीकरण पंचायत में प्रवेश करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इतना ही नहीं प्रधान सख्त ने रुख अपनाते हुए कहा कि अगर इस दौरान क्षेत्र का कोई ग्रामीण अगर बिना पंजीकरण प्रवासियों को अपने घर में किराए पर कमरा देता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। शशिलता ने बताया कि पंचायत में अगर कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना पंचायत की अनुमति के प्रवेश करता है तो उसे पुलिस के हवाले किया जाएगा।

# नशा माफिया के खिलाफ निकाली जाएगी शव यात्रा : नीतिका जम्वाल



अनंत ज्ञान, पालमपुर

हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं लाडली फाउंडेशन के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिला बिलासपुर में किया गया जिसकी अध्यक्षता हिमाचल रेनबो स्टार क्लब के अध्यक्ष इशान अख्तर एवं ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान की राज्य सह संयोजक दिव्यांगना मेहता द्वारा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करके पालमपुर की प्रमुख समाजसेविका नीतिका जम्वाल को ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान जिला कांगड़ा की चेयरपर्सन एंड ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि जिला कांगड़ा के पालमपुर निवासी नीतिका जम्वाल कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म सम्भाव राष्ट्रीय मंच, हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स एवं लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। हिमाचल रेनबो स्टार क्लब एवं लाडली फाउंडेशन के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति नशा निवारण अभियान जिला कांगड़ा के चेयरपर्सन एंड ब्रांड एंबेसडर नीतिका जम्वाल ने कहा कि जिला कांगड़ा में गांव-गांव स्तर पर नशा माफिया के खिलाफ शव यात्रा निकाली जाएगी। नशे के दलदल में फंसे युवाओं को बाहर निकालने हेतु उनकी काउंसिलिंग की जाएगी।

नीतिका को मुक्ति नशा निवारण अभियान में जिला कांगड़ा की अध्यक्ष बनाया

## सीएंडवी अध्यापक संघ ने यूपीएस का किया विरोध

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ जिला कांगड़ा के जिला अध्यक्ष गुरदयाल सिंह कौंडल और उनकी समस्त कार्यकारिणी यूनिफाइड पेंशन योजना का कड़ा विरोध करती है (यूपीएस) यानी एकीकृत पेंशन योजना केंद्र सरकार की योजना है। इस योजना के तहत कर्मचारियों को सेवानिवृत्त के पश्चात औसत मूल वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिलता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में केवल मात्र पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) ही सबसे अच्छी योजना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि प्रदेश सरकार इस योजना के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करे।

## दो टूक

### हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने बैठक कर सरकार व प्रबंधन को चेताया

# सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे

अनंत ज्ञान, नूरपुर

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच नूरपुर जोन की प्रदेशउपाध्यक्ष कृपाल पठानिया की अध्यक्षता में जसूर में बैठक हुई। इस बैठक में कल्याण मंच के लगभग 40 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में 12 तारीख तक पेंशन न मिलने, 2016 के वेतनमानों के एरियर का भुगतान न होने व 65, 70, 75 वर्ष आयु पूरा कर चुके पेंशनरों को न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वेतन वृद्धि का लाभ न देने पर, पिछले दस महीनों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन न लगने को लेकर तथा और कई समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इन सब समस्याओं को लेकर सरकार व निगम प्रबंधन के प्रति रोष प्रकट किया। इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के सदस्यों ने इस समस्याओं को लेकर अपने अपने विचार भी सबके सामने रखे।

बैठक में कल्याण मंच कर्मचारियों ने रोष प्रकट करते हुए सरकार को इस बात को ले कर भी चेताया कि अगर सरकार हमारे साथ इसी तरह अगर सौतेले व्यवहार ही रखेगी तो हमें इस पड़ाव में भी अगर कोई भी संघर्ष करना पड़ा तो हम पीछे नहीं हटेंगे, चाहे उसके बाद कुछ भी परिणाम निकले हम हार नहीं मानेंगे। उन्होंने बैठक में सरकार से इस बात की गुहार लगाई है कि सरकार हिमाचल पथ परिवहन को राज्य परिवहन बना दे और बजट में इसका प्रावधान कर दे। इससे हम बुजुर्ग पैन्शनरों की सभी समस्याओं का हल हो जाएगा।

एचआरटीसी पेंशनर्स ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप

प्रदेश उपाध्यक्ष कृपाल पठानिया ने कहा कि आज बैठक शुरू करने से पहले हमने अपने कर्मचारी साथी की पत्नी के हुए देहांत पर शोक व्यक्त किया। बड़े दुख की बात है कि आज फरवरी की 12 तारीख बीत जाने पर भी हमें जनवरी माह की पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इसके इलावा 2016 के वेतनमान एरिया का आज तक एक पैसा भी सेवानिवृत्त व मौजूद कर्मचारियों को सरकार निगम प्रबंधन नहीं दे पाया है। इसके साथ 65, 70, 75 वर्ष आयु पूरा कर चुके पेंशनरों के देय 5,10 और 15 प्रतिशत अधिकांश सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं दे पाए हैं। इसके साथ ही पिछले वर्ष सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अभी तक पेंशन नहीं लग पाई है। उन्होंने कहा कि हम सब पेंशनर कर्मचारी इस बुजुर्ग अवस्था में परेशान हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि पथ परिवहन को निगम से बदल कर राज्य परिवहन बनाया जाए और बजट पास करके कर्मचारियों के भुगतान का प्रावधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार निगम पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की 350 करोड़ रुपए की देनदारियां बकाया हैं। इसके साथ ही कहा कि हम सरकार से गुजारिश करते हैं कि हमारे बकाया भुगतान तथा समय पर पेंशन के भुगतान का प्रावधान किया जाए, अन्यथा उन्होंने संघर्ष करने की रुपरेखा बना ली है। अगर हमारा भुगतान नहीं हुआ तो हमें संघर्ष करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन करने पर जेसीबी और दो ट्रैक्टर जब्त



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** थाना इंदौरा के अंतर्गत एसपी नूरपुर अशोक रत्न द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार खनन माफिया पर लगाम लगाने हेतु थाना इंदौरा के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष पठानिया ने मंगलवार देर शाम मंड क्षेत्र से दो ट्रैक्टर तथा एक जेसीबी मशीन को अवैध खनन करते हुए पाया जिसके तहत उन्होंने इन्हें जब्त करके इस पर खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया के लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग मंड क्षेत्र में अवैध तौर पर ट्रैक्टरों से खनन सामग्री लेकर क्रशर वालों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। इसके तहत यह कार्रवाई अमल में लाई गई है तथा यह कार्रवाई लगातार आगे भी जारी रहेगी।

### पठानकोट अस्पताल में युवक पर हमला

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** सिविल अस्पताल पठानकोट में इमरजेंसी वार्ड में बुधवार को कुछ युवकों द्वारा गुंडागर्दी किए जाने का मामला सामने आया। मेडिकल कराने आए एक युवक पर हमला किया गया, जिससे अस्पताल में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इमरजेंसी वार्ड में कुछ युवक पहुंचे और वहां मौजूद एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। इस घटना से अस्पताल के स्टाफ और मरीजों में दहशत फैल गई। माहौल बिगड़ता देख अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। जानकारी के अनुसार इस हमले में मेडिकल करवाने आए युवक मानिक को भी चोटें आई है। एसएमओ डॉक्टर सुनील चांद ने भी इस घटना को पुलिस से संपर्क किया और हमलावरों पर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने अस्पताल में दहशत का माहौल फैलाया है और लोगों को लहूलुहान किया है। वहीं, अस्पताल की प्रॉपर्टी में भी काफी तोड़फोड़ करके नुकसान पहुंचा है, जिनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी जरूरी है। दूसरी तरफ पुलिस ने अपनी कार्रवाई को तीव्र करते हुए हमलावरों की पहचान शुरू की और उनकी धरपकड़ हेतु दबिश दी जा रही है।

### माता श्री बज्रेश्वरी जी की जयंती मनाई

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** श्री बज्रेश्वरी जी की जयंती बुधवार को धूमधाम से मनाई गई। मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं मां के जयकारे लगाते हुए दरबार में पहुंचकर मां का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। मंदिर को रंग बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया गया था। सुबह मंदिर के कपाट खुलते ही पुजारी वर्ग द्वारा विशेष आरती की गई व दिन भर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जयंती पर माता की चौकी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसिद्ध गायक काकू राम ठाकुर, सौरव शर्मा, शान सिंह, संजीव कुमार, नितीश कुमार, रिंकू बादशाह, आकांक्षा मेहरा ने माता का गुणगान किया। इस मौके पर समस्त पुजारी वर्ग द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, नरेंद्र त्रेहन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी माता की चौकी में हाजरी भरी। वहीं, दर्शनों को आए श्रद्धालुओं ने भी माता की चौकी में भक्तिमय गीतों पर झूमे। माता की जयंती पर कांगड़ा के मेन बाजार में ग्रोवर परिवार द्वारा कांगड़ी धाम का लंगर लगाया गया। इस दौरान विधायक पवन काजल ने कंजक पूजा के साथ भंडारे में प्रसाद वितरित किया। वहीं, कांगड़ा के डूगा बाजार में भी सर्राफा व्यापारियों द्वारा कड़ी-राजमा का लंगर लगाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### केसीसी बैंक ने गुमर में लगाया साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा ज्वालामुखी ने नाबार्ड के सहयोग से ग्राम पंचायत गुमर में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक विनय बहल और वरिष्ठ लिपिक पंकज कुमार ने लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इसमें सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सेल्फ हेल्प ग्रुप योजना व आजकल हो रहे साइबर क्राइम, फेक फोन कॉल से बचाव आदि के लिए जागरूक किया।

# मोरठ जसाई में करवाए 2 करोड़ के विकास कार्य : आरएस बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष ने 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि नगरोटा विस क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। वीरवार को मोरठ जसाई पंचायत में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनने तथा दो वर्षों में इन पंचायतों में विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा कि मोरठ जसाई में गत दो वर्षों में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल तथा विद्युत की बेहतर सुविधा पर 2 करोड़ के लगभग राशि व्यय की गई है। उन्होंने कहा कि गांव और गरीब की समस्याओं को जानने के लिए उन्होंने आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत वे अपनी विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक पंचायत के ग्रामीणों से मिल रहे हैं और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

मोरठ जसाई पंचायत में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 44 लाख रुपए के कार्य किए जा चुके हैं और 63 लाख का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है, जिससे पीएचसी का निर्माण होगा। जल शक्ति विभाग द्वारा 13 लाख 75 हजार पीने के पानी के लिए खर्च किए गए हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के अंतर्गत 17 लाख के कार्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 60 लाभार्थियों को लाभ मिल रहा है। इस पंचायत में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 40 लाख राशि का लाभ दिया गया है और 25 कार्य चल रहे है। बिजली विभाग द्वारा 2 लाख की राशि से बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है। गोड़भ पंचायत में बाली ने कहा कि संत गुरु रविदास एक सर्वश्रेष्ठ एवं महान संत थे। इनकी शिक्षाएं एवं उपदेश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी प्रासंगिक हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए इनका अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने गुरु रविदास भवन के अतिरिक्त भवन के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने पंचायत के लोगों की समस्याओं को भी सुना व अधिकतर का मौके पर निपटारा किया।

# सुरानी के जंगल में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के सुरानी के पास बूकां हनुमान मंदिर के समीप जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ज्वालामुखी पुलिस उपमंडल अधिकारी आरपी जम्वाल और थाना प्रभारी विजय कुमार ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। धर्मशाला से फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। ज्वालमुखी पुलिस को सूचना मिली थी कि बूकां हनुमान मंदिर के पास गहरी खाई में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक जहां शव पड़ा हुआ था, वहां पर बहुत कम लोग आत-जाते हैं। शायद किसी लक्कड़हारे ने यहां पर शव को देखा होगा क्योंकि काफी दूर तक बदबू फैली हुई थी। जिस गहरी खाई में शव पड़ा हुआ था, वहां से लगभग 70 मीटर की दूरी पर हनुमान मंदिर भी है। काफी क्षत-विक्षत हालत में होने के कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है।

**काफी क्षत विक्षत हालत में होने के कारण नहीं हो पाई शव की पहचान**

डीएसपी आरपी जम्वाल ने बताया कि पुलिस जांच में जुटी है कि उक्त व्यक्ति की गिरने के कारण मौत हुई है अथवा हत्या करके शव को यहां फैंका गया है।

पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। गौरतलब है कि उक्त स्थान पर पहले भी कई शव बरामद हो चुके हैं। गहरी खाई से शव को निकालने में पुलिस को अग्निशमन विभाग का सहारा लेना पड़ा है। शव को गहरी खाई से लगभग छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सड़क तक पहुंचाया गया है।

### ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह यादव ने भेजा तैनाती लेटर

# सीएम के करीबी निशु मोंगरा कांग्रेस ओबीसी के प्रदेश चेयरमैन नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांग्रेस हाईकमान ने ओबीसी समुदाय को साधते हुए चौधरी नरेंद्र कुमार उर्फ निशु मोंगरा को हिमाचल ओबीसी विभाग का वर्किंग चेयरमैन तैनात कर दिया है। ओबीसी के नेशनल चेयरमैन अजय सिंह यादव इस बारे में बाकायदा लेटर जारी करके तैनाती दी है। इससे पूरे प्रदेश के ओबीसी समुदाय की 55 से ज्यादा जातियों में खुशी की लहर है। ओबीसी बहुल कांगड़ा सीट से संबंध रखने वाले निशु मोंगरा को राजनीति में 32 साल के संघर्ष के बाद यह पद मिला है। कांगड़ा शहर से सटे इच्छी गांव के रहने वाले निशु मोंगरा मौजूदा समय में एपीएमसी कांगड़ा के चेयरमैन हैं। 16 मई 1972 को इच्छी गांव में जन्में निशु मोंगरा ने साल 1990 में यूथ कांग्रेस के एक्टिव मेंबर के तौर ज्वाइनिंग की थी।

**मोंगरा की नियुक्ति से प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग में खुशी की लहर**

साल 2004 तक उन्होंने पार्टी को सेवाएं दी। उसके बाद 2004 से 2006 तक वह युवा कांग्रेस कांगड़ा हलका के ब्लाक प्रेजिडेंट रहे। साल 2004 से 2007 तक वह राज्य युवा बोर्ड के मेंबर रहे। उसके बाद उन्हें पंचायत समिति सदस्य चुना गया। तदोपरांत उन्हें बीडीसी कांगड़ा का 2006 से 2011 तक चेयरमैन चुना गया। इसी दौरान उन्हें बीडीसी में शानदार काम पर नेशनल अवार्ड भी मिला है। साल 2012 से 2015 तक जिला कांग्रेस के सचिव रहे। साल 2015 से 19 तक वह हिमाचल कांग्रेस में सचिव रहे। वह जसवां परागपुर हलके के ऑब्र्जर के अलावा पंजाब चुनावों में भी आब्जर्बर रहे हैं।

साल 2024 में ओबीसी कांगड़ा के प्रेजिडेंट रहे, अभी एपीएसमी कांगड़ा के चेयरमैन हैं। निशु मोंगरा ने अपनी तैनाती पर दिग्गज कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, अजय सिंह यादव समेत तमाम सीनियर लीडर्ज का आभार जताया है।

# प्रशासनिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रही प्रदेश सरकार : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पूर्व उद्योग मंत्री व जसवां परागपुर विस क्षेत्र के भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों के अहम योगदान के कारण न केवल सरकारी योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित की जाती हैं, बल्कि माफिया पर नकेल कसने में यही अधिकारी बड़ी भूमिका अदा करते हैं। बावजूद प्रदेश में पिछले कुछ समय से ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जिससे इन अधिकारियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है। बद्दी की एसपी इलमा अफरोज से शुरू हुआ यह सिलसिला मंडी के एसडीएम पर हमले तक पहुंच चुका है। सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही थी और अब उसके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया है। यहां जारी प्रेस बयान में ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं कह चुके हैं कि उन्हें आईएएस व आईपीएस अधिकारियों की कोई आवश्यकता नहीं है। इससे साफ जाहिर है कि प्रदेश सरकार खुद प्रशासन की इस लॉबी को नजरअंदाज करने के मूड में है, लेकिन सच सही है कि यही अधिकारी सरकार की रीढ़ होते हैं और उनके बिना प्रदेश में नशे व खनन से उपजी अव्यवस्था को पटरी पर नहीं लाया जा सकता। बिक्रम ने कहा कि प्रदेश की सीमाओं व संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात सभी एसडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारी अवैध खनन, अपराध और माफिया गतिविधियों को लगाम लगाने के लिए अत्यधिक जोखिम में काम कर रहे हैं। बद्दी, नालागढ़, अंब और अन्य संवेदनशील उपमंडलों में तैनात अधिकारियों को लगातार धमकियों और खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करना मुश्किल हो रहा है। इन अधिकारियों ने यह मुद्दा सरकार के समक्ष भी उठाया है। बद्दी के एसडीएम विवेक महाजन कई बार व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी की मांग कर चुके हैं, लेकिन राज्य सरकार ने उनकी गुहार अनसुनी कर दी। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि जब प्रशासनिक अधिकारी खुद सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे, तो जनता को सुरक्षा देने की उनकी क्षमता भी प्रभावित होगी।

**हमलों के बाद अधिकारियों का निष्पक्ष तरीके से काम करना हुआ मुश्किल**

# गुरु रविदास की शिक्षाएं एवं उपदेश आज भी प्रासंगिक : यादविंद्र गोमा

## मंत्री ने गुरु रविदास जयंती पर जयसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रमों में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**



आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के हंड़ोल पट्ट, मझैनु, ब्याड़ा, अंदरेटा और गंदड़ में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरु रविदास की पावन जयंती की बधाई दी। गोमा ने कहा कि संत रविदास एक सर्वश्रेष्ठ एवं महान संत थे। इनकी शिक्षाएं एवं उपदेश वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी प्रासंगिक हैं। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए इनका अनुसरण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास सामाजिक एकता और समानता के प्रतीक रहे हैं, जिन्होंने समाज में फैली छुआछूत जैसी विभिन्न समाजिक कुरितियों के उन्मूलन करने और लोगों को आध्यत्मवाद से जोड़कर प्यार, सद्भावना का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि संत और महान लोग किसी एक समाज, जाति या धर्म के नहीं, बल्कि सर्वसमाज के होते हैं और पूरी मानवता उनके दर्शाय रास्तों एवं शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं।

आयुष, युवा सेवाएं मंत्री ने हंड़ोल पट्ट में गुरु रविदास सराय भवन के शेष निर्माण कार्य के लिए 5 लाख , मुख्य सड़क से मंदिर तक के रास्ते में टाइल कार्य के लिए 1 लाख, शमशान घाट के लिए 50 हजार और शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। अंदरेटा में मुख्य सड़क से मंदिर तक रास्ते में शेष स्टाइल कार्य के लिए 1.5 लाख, मंदिर के शेड पर टीन के शेष व रेलिंग लगाने के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। ब्याड़ा में अंबेडकर भवन के शेष कार्य के लिए 2 लाख और गंदड़ में गुरु रविदास भवन के लिए पिछले वर्ष दी गई अतिरिक्त 5 लाख की धनराशि के अलावा और 5 लाख की धन राशि देने की घोषणा की। इससे पहले उन्होंने रविदास मंदिर मझैनु में मंदिर भवन के निर्माण के लिए चयनित भूमि पर डंगे के निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### गुरु रविदास जयंती पर मंदिरों में लगाए भंडारे

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** ब्लॉक पंचरुखी की विभिन्न पंचायतों मझेनू, लदोह, सलियाना, अंद्रेटा व ब्याडा में गुरु रविदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई। पंचायत मझेंनू में डॉक्टर राजेंद्र वेदवा व लदोह पंचायत में पूर्व प्रधान चैन सिंह ने झंडे की पूजा-अर्चना कर के झंडा रसम को पूरा किया। हर जगह गुरु रविदास जी के मंदिर में लोगों की भीड़ रही व लंगर भी लगाए गए।

# परमार ने दी गुरु रविदास जयंती की बधाई

**अनंत ज्ञान, डरोह**



फरेढ में गुरु रविदास जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान में सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु रविदास का जीवन सबके के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है और रहेगा। यह बात परमार ने फरेढ़ में आयोजित गुरु रविदास की जयंती पर लोगों को बधाई देते हुए कही । परमार ने गुरु रविदास की शिक्षाओं का अनुसरण और उनके सुझाए गए मार्गों पर चलने की अपील की। उन्होंने श्री गुरु रविदास संस्था को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान परमार ने वहां पर संत श्री गुरु रविदास शिरोमणि संस्था द्वारा लगाए भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर सुलह भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रवीर कटोच, अरुण राणा, मोनिका राणा, भान सिंह, कु लदीप पांजला, प्रेम चंद,रवि भाटिया, रोकी, खलविंदर कुमार, प्रताप चन्द, पवनेश कुमार, पूर्ण चंद, जगन्नाथ, मोहिंदर कपूर, अरविंद समकड़िया, सुशील कुमार व उपप्रधान मनोज उपस्थित रहे।

### संजय ने गुरु रविदास मंदिरों में नावाया शीश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने रविदास जयंती पर प्रदेश के संपूर्ण संत रविदास समाज के अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संजय सिंह चौहान ने इस अवसर पर सुलह विधानसभा क्षेत्र में भदरोल, सिंबलपट्ट, मनियाड़ा तथा भवारना स्थित संत रविदास के मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन में सम्मिलित हुए तथा शीश नवाया। भवारना स्थित प्राचीन रविदास मंदिर में अध्यक्ष में प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा रखी गई मांगों को तुरंत स्वीकारते हुए संजय चौहान ने संबंधित विभागों को सुविधाएं तुरंत प्रदान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रविदास समाज के साथ उनका पुराना जुड़ाव है और जो भी संभव हो आर्थिक और प्रशासनिक सेवाएं इस मंदिर परिसर को उपलब्ध करवाते रहते हैं।

### गुरु रविदास जयंती पर भदरोया में हुआ सत्संग

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** सतगुरु रविदास महाराज जी का प्रकाश उत्सव पूरे संसार भर में बहुत ही श्रद्धापूर्वक मनाया गया। डेरा स्वामी जगत गिरी आश्रम भदरोया में श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज की रहनमाई में कीर्तन दरबार हुआ, जिसमें बुद्धि जीवियों के विचार के पश्चात श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज द्वारा सत्संग कर के संगत को निहाल किया गया। गुरु जी का अटूट लंगर भी लगाया गया। इस महा सम्मेलन में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब तथा अन्य कई राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं ने श्री श्री 108 गुरदीप महाराज के प्रवचन को सुना। गुरु रविदास सभा रजिस्टर्ड जिला पठानकोट की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी एक विशाल रक्तदान कैंप लगाकर सतगुरु का प्रकाश उत्सव मनाया गया। इस रक्तदान कैंप का उद्घाटन श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि जी महाराज तथा कैबिनेट मंत्री पंजाब लालचंद कटारूचक ने किया। मंत्री ने भी रक्तदान किया तथा सभी को रक्त दान करने के प्रेरित किया। रक्तदान कैंप में 250 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### गुरु रविदास का 648वां जन्मोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला ।** पूरे देश के साथ साथ हर साल की तरह इस साल भी धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गुरु रविदास जी की 648 वी जयंती को लेकर गुरु रविदास जी के मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत गुरु रविदास सेवा कमेटी द्वारा गुरु रविदास के जन्म उत्सव को लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समुदाय सैकड़ों श्रद्धालु तथा गुरु रविदास की सुंदर पालकी सजाई गई। इस उपलक्ष्य में गुरु रविदास जयंती पर अनेक धार्मिक प्रोग्राम के साथ प्रसाद भी बांटा गया, गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष में समुदाय के लोगों द्वारा गुरु रविदास जी के बताए के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

### नंगल चौक में मनाई गुरु रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गुरु रविदास का 648वां प्रकाशोत्सव नंगल चौक में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। गुरु रविदास जयंती पर मंदिर कमेटी द्वारा पवित्र झंडा रस्म अदा की गई। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और रागी जत्थे ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। गुरु रविदास महासभा के प्रधान गुरदास राम और उपप्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु रविदास महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में पवित्र झंडा रस्म संगतों द्वारा गुरु का गुणगान करते हुए अदा की गई। गुरु रविदास ने अपने दोहों व पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी। उन्होंने कहा कि स्थानीय रागी जत्थे ने गुरु की महिमा का गुणगान कर मंदिर का माहौल भक्तिमय बना दिया है। गुरु रविदास जयंती में कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया के पहुंचने के साथ ही इस अवसर पर लोगों ने गुरु रविदास के जीवन और उनकी शिक्षाओं को याद किया।

### गुरु रविदास जयंती पर करवाया कीर्तन-पाठ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** संत श्री संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी का प्रकाश उत्सव घुरकड़ी के वार्ड नंबर 1 में सभा के प्रधान राजेश हीर की अध्यक्षता में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया । इस शुभ अवसर पर सभा के जगदीश भाटिया, राजीव कुमार ,राजेश भाटिया, लक्ष्मण भाटिया, पूर्ण चंद भाटिया, प्रीतम चंद,सोनू कुमार, नीष कुमार, सुरेश कुमार, राहुल भाटिया, राहुल कुमार समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुरु जी का कीर्तन पाठ मटौर गुरुद्वारा के पाठी के द्वारा किया गया और अटूट लंगर का कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घुरकडी के प्रधान अनिल धमीर, भाजपा मंडल बृजेश्वरी के अध्यक्ष रंजीत कुमार, जयंती मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व में रहे अध्यक्ष श्री सत्य प्रकाश सोनी जी, विजय ठाकुर, स्वर्णिम हिमाचल जन जागरण समिति कांगड़ा की जिलाधयक्षा आशा कौशल, बहन मंजू विशेष रूप से उपस्थित रहे। गौर रहे कि घुरकड़ी में गुरु का प्रकाश उत्सव पिछले 23 वर्षों से मनाया जा रहा है। प्रधान राजेश हीर और समस्त कार्यकारी ने आई हुई सभी संगत का स्वागत अभिनंदन किया।

# पशुओं को बचाने में जुटे सद्दूं के 50 युवा

## क्षेत्र में घूम रहे 100 लावारिस पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाई

**अनंत ज्ञान, बड़ोह**

हिमाचल में लावारिश पशु सबसे बड़ी टेंशन बन गए हैं। आए दिन ये पशु हादसों का कारण बनकर खुद भी जान गंवाते हैं और लोगों का भी काल बनते हैं। प्रदेश में गो सेंक्चुरी या गोसदन सिरे न चढ़ पाने के कारण अब ग्रामीण खुद इन पशुओं को बचाने में जुट गए हैं। नगरोटा बगवां हलके के तहत सद्दूं पंचायत व आसपास के गांवों से 50 युवाओं ने गत रात नगरोटा बगवां, समलोटी, सुलाह, भवारना आदि क्षेत्रों में 100 लावारिस पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाकर प्रदेश में ही अनूठी मिसाल कायम कर दी है। सद्दूं पंचायत व आसपास क्षेत्र के 50 युवा एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सभा प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू की अगवाई में जुटे थे।

वहीं, एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सभा प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि दर्जनों पंचायतों के ग्रामीणों ने उनसे इस बारे में शिकायतें की थी। क्षेत्र में रात को पशुओं का पता न चल पाने के कारण कई बार हादसे हो जाते हैं। एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सभा प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि लोगों की मांग पर स्थानीय युवा उनके पास पहुंचे। बस फिर क्या था। बड़े शहर जाकर युवा 200 रेडियम बैल्ट ले आए। एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष, नंबरदार, सहकारी सभा प्रधान व समाजसेवी बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि अतुल सिपहिया और रिसभ नामक दो युवाओं ने वेटरिनरी का कोर्स भी कर रखा है। उनकी देखरेख में सावधानी बरतते हुए युवा शक्ति आगे बढ़ी।

इस दौरान सद्दूं के निकट छूघेरा, निहारगलू, समलोटी, ठारू, नगरोटा बगवां, हटवास, धीरा आदि क्षेत्रों से युवाओं का काफिल वापस अगली सुबह सद्दूं पंचायत पहुंचा।

**कार्यशाला** केंद्रीय विवि के शिक्षा विभाग और आईआईटी गुवाहाटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित

# सीयू में बताई बिग डाटा एनालिटिक्स की महत्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शिक्षा विभाग और आईआईटीगुवाहाटी के संयुक्त तत्वावधान में धर्मशाला में 'बिग डाटा एनालिटिक्स' पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम चल रहा है। इसका उद्घाटन शिक्षा स्कूल के अधिष्ठाता और विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज सक्सेना ने किया। इस दौरान उन्होंने बिग डाटा एनालिटिक्स पर अपने विचार साझा किए और इस क्षेत्र में हो रहे विकास पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. ललित मोहन शर्मा और सह-आयोजक डॉ. अमरीक सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ. ललित शर्मा ने कार्यशाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियों और आगामी तकनीकी अवसरों पर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि बिग डाटा एनालिटिक्स में आने वाले समय में कई महत्वपूर्ण रोजगार अवसर और अनुसंधान के नए रास्ते खुल सकते हैं, जिनसे शिक्षकों और शोधार्थियों को लाभ मिलेगा। वहीं कार्यक्रम में आईआईटी गुवाहाटी से आए विशेषज्ञ, अनितान्शु राजन ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सत्र में शिक्षकों और शोधार्थियों को इसमंन क्मोजवच के विभिन्न प्रकार के उपयोगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को व्यक्तिगत रूप से इसमंन क्मोजवच सॉफ्टवेयर के उपयोग के तरीके समझाए गए, ताकि वे इसका बेहतर तरीके से उपयोग कर सकें। वहीं दूसरे सत्र में 'बिग डाटा एनालिटिक्स' के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने इस सॉफ्टवेयर के उपयोग को विस्तार से समझाया और बताया कि किस प्रकार इसका उपयोग डेटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग के कार्यों को सरल और प्रभावी बनाता है। सभी प्रतिभागियों को 'बिग डाटा एनालिटिक्स' के विशेष पहलुओं पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए सिखाया गया, ताकि वे इसे अपनी कार्यशाला और अनुसंधान में आसानी से उपयोग कर सकें।

कार्यशाला में प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और संबंधित क्षेत्रों में नवीनतम ज्ञान साझा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को बिग डाटा एनालिटिक्स के सिद्धांतों और उनके वास्तविक जीवन उपयोग के बारे में जानकारियों से लैस करना है, जिससे वे अपने पाठ्यक्रम को और अधिक प्रभावी बना सकें।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में बिग डाटा के महत्व को समझना और इस तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है, ताकि आने वाले समय में इस क्षेत्र में नई तकनीकी प्रगति हो सके और शोध कार्यों के नए अवसर उपलब्ध हो सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### बागवानों को मिलेंगे स्वदेशी किस्मों के सेब के पौधे

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** उद्यान विभाग नर्सरी मैनेजमेंट सिस्टम के तहत बागवानों को सेब की स्वदेशी किस्मों के सिडलिंग पौधे उपलब्ध करवा रहा है। जिसके लिए बागवानों को उद्यान केंद्र संदासू में सेब की बुकिंग करनी होगी, प्रति पौधे के लिए बागवानों को 140 रुपए देने होंगे। उद्यान विभाग स्वदेशी किस्म के पौधे वितरित करेगा, जिसमें रायल डिलिशियस, अर्ली रैड वन, मैमामास्टर, ग्रैनी स्मिथ, फैनजेड जैड -1 व एप्स के पौधे वितरित किए जाएंगे। उद्यान विकास अधिकारी छौहारा कपिल देव बशलवान ने बताया कि ये स्वदेशी किस्म के सिडलिंग पौधे शुक्रवार से बांटे जाएंगे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पौधे दिए जाएंगे। उन्होंने बताय कि छौहारा क्षेत्र के जिस बागवान को भी पौधे लेने है। वह उद्यान केंद्र संदासू में आकर अपनी बुकिंग करवा सकता है।

### निजी स्टाफ पर होगा फाइलें ट्रैक करने का जिम्मा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, उपायुक्तों सहित प्रबंध निदेशकों के निजी स्टाफ पर अब फाइलें ट्रैक करने का जिम्मा रहेगा। फाइल प्रबंधन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित करने और प्रशासनिक कार्य की दक्षता में सुधार के लिए राज्य सरकार ने पुरानी व्यवस्था बदल दी है। अब प्रत्येक कार्य दिवस के अंत में ये कर्मचारी सभी लंबित फाइलों के बारे में सूचना एकत्र करेंगे। निजी स्टाफ की जिम्मेदारी होगी कि यह उच्च अधिकारी को त्वरित कार्रवाई के लिए भी सूचित करेंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग ने समय पर फाइलों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए नई फाइल प्रबंधन प्रणाली लागू की है। विभिन्न विभागों, निदेशालयों, बोर्डों और निगमों की ओर से फाइलों की अनुचित ट्रैकिंग और निपटान के बारे में चिंता जताए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। विभाग के संयुक्त सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ऐसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों से निपटने और उन्हें ट्रैक करने की प्रणाली अपर्याप्त मानी गई है, जिसके परिणामस्वरूप देरी और अक्षमताएं होती हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए निर्णय लिया गया है कि संबंधित कार्यालयों में अधिकारियों को सौंपे गए निजी कर्मचारी अब भेजने वाले कार्यालयों को सूचित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि उनके स्तर पर फाइलों का निपटान किया गया है या नहीं। इसके अलावा, प्रत्येक कार्य दिवस के अंत में वे कर्मचारी सभी लंबित फाइलों को एकत्र करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें ठीक से ट्रैक किया गया है। फिर इन फाइलों को बिना देरी के एकत्र करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालयों की होगी।

### नॉन बोर्ड कक्षाओं की परीक्षाएं 4 मार्च से

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रीष्मकालीन छुट्टियों वाले स्कूलों में चार मार्च से असेसमेंट परीक्षाएं शुरू होंगी। समग्र शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना कार्यालय ने पहली, दूसरी, चौथी, छठी और सातवीं कक्षा की परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। इन कक्षाओं में किसी भी विद्यार्थी को फेल नहीं किया जाता है। असेसमेंट परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर वार्षिक ग्रेडिंग तैयार की जाएगी। सभी केंद्रों में सुबह 10 बजे परीक्षा शुरू होगी। तीन घंटे की परीक्षा दोपहर एक बजे तक चलेगी। परीक्षाओं को सुचारु रूप से करवाने के लिए सभी जिला उप निदेशकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों विद्यार्थी परीक्षाएं देंगे। जानकारी के मुताबिक परीक्षा परिणाम ई संवाद एप पर अपलोड किया जाएगा। 31 मार्च को स्कूलों में परिणाम घोषित होंगे। अप्रैल 2025 से ग्रीष्मकालीन स्कूलों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होगा।

### पार्किंग में अनधिकृत वाहनों की एंट्री बैन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पीडब्ल्यूडी मुख्यालय में अब बाहरी लोग गाड़ी खड़ी नहीं कर पाएंगे। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय की पार्किंग में केवल विभागीय गाड़ियां ही खड़ी होंगी। पीडब्ल्यूडी ने गाड़ियों की जांच के लिए गृहरक्षक तैनात करने की भी बात कही है। विभाग ने साफ किया है कि बिना अधिकृत पहचान के मुख्यालय निर्माण भवन की पार्किंग में कोई गाड़ी खड़ा करता है तो वाहन मालिक को बिना सूचना दिए गाड़ी क्रेन की मदद से हटा दी जाएगी। पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता एनपी सिंह ने इस बारे में लिखित आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों में उन कर्मचारियों को भी शामिल कर लिया गया है, जिनकी गाड़ियां कार्यालय से छुट्टी होने के बाद भी परिसर में खड़ी रहती हैं। ऐसे कर्मचारियों को भी विभाग अनधिकृत श्रेणी में रखेगा।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 16 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 16 फरवरी सुबह 9.30 को होगी। बिलासपुर बैडमिंटन संघ के सचिव विभोर शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता कहलूर इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में होगी जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं वह अपनी एंट्री जिला सचिव विभोर शर्मा 9418049173, संजीव गौतम 9418076016, किरण कुमार 919816248564 के पास 15 फरवरी शाम 7 बजे तक जन्मतिथि और नाम सहित लिखवा सकते हैं। प्रत्येक आयु वर्ग में कम से कम 6 प्रतिभागी होना आवश्यक है अन्यथा उनका ट्रायल ही लिया जाएगा। प्रतियोगिता एकल, युगल और मिश्रित सभी वर्गों की होगी और फिर यहां से विजेता उपविजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बिलासपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### आईटीआई बरठीं में बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में स्थित राजकीय आईटीआई बरठीं में एलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब का गठन किया गया। इस मौके पर वोटिंग कैसे करवाई जाती है। इसकी विस्तृत जानकारी रिहसल के माध्यम से दी गई। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके। युवा वर्ग और अन्य समाज को मतदान के महत्व तथा इसकी प्रणाली से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सचिन शर्मा और नोडल ऑफिसर राजेंदर कुमार सहित संस्थान के समस्त स्टाफ व ट्रेनीज उपस्थित रहे। अरुण कुमार ने बताया कि आज राजकीय आईटीआई बरठीं में एलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब का गठन किया इसमें वोटिंग की रिहसल भी करवाईं गई। सभी लोगों को जागरूक करवाया गया। वोट डालते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इस बारे बच्चों को अवगत कराया गया।


### इंटरनेट का दुरुपयोग घातक : डॉ. कटवाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, एनआईसी विभाग बिलासपुर ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया। समारोह के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को इंटरनेट उपयोग से संबंधित होने वाली विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमें इंटरनेट का प्रयोग सिर्फ अपनी पढ़ाई के लिए करना चाहिए ताकि हमारा जीवन सफल बन सके। आज इंटरनेट मानव जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। इसका दुरुपयोग किया जाए तो यह मानव के लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है। एनआईसी बिलासपुर से आए हुए संयुक्त निदेशक (आईटी) व जिला इनफॉर्मेटिक ऑफिसर राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी एंड साइबर हाइजीन के बारे में चलचित्र के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से हम इंटरनेट का उपयोग पढ़ाई, बैंकिंग और अन्य सोशल मीडिया के लिए बिना किसी सुरक्षा थ्रेट्स के कर सकते हैं। कॉलेज के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने साइबर सुरक्षा से संबंधित खतरों और बचाव के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस अवसर पर एनआईसी इं. विवेक गुप्ता और इं. श्याम कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# शिमला के लिए 24 घंटे मिलेगी पेयजल की सप्लाई

## 90 प्रतिशत पूरा हुआ पाइप लाइन बिछाने का कार्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राजधानी को जून माह से 24 घंटे पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए कार्य तेजी से चल रहा है। सतलुज नदी से शिमला पानी पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य 90 फीसदी पूरा हो गया है। मार्च माह में पंप हाउस व स्टोरेज टैंक बनाने का कार्य पूरा हो जाएगा। नगर निगम महापौर मंगलवार को सुरेंद्र चौहान पेयजल प्रोजेक्ट का जायजा लेने शकरोड़ी व द्वाडा पहुंचे। इस दौरान उनके साथ नगर निगम उप महापौर उमा कौशल, पेयजल कंपनी के अधिकारी व नगर निगम पार्षद मौजूद रहे।

इस मौके पर पहुंच कर महापौर ने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली बोर्ड को ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर भी निर्देश दिए। शिमला को 24 घंटे पानी की सप्लाई देने के लिए शकरोड़ी सतलुज नदी से पानी पहुंचाया जाएगा।

24 घंटे पेयजल प्रोजेक्ट के तहत शिमला को 42 एमएलडी पानी मिलेगा। शहर को साल 2035 तक 42 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी। कंपनी के अनुसार 2035 तक पानी की सप्लाई को बढ़ाने का प्लान है। इसके बाद साल 2050 तक 65 एमएलडी पानी पहुंचाया जाएगा। साल 2050 तक 65 एमएलडी पानी की सप्लाई का लक्ष्य रखा गया है।

महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि पेयजल परियोजनाओं में बिजली ट्रांसफार्मर लगने हैं। इनमें 66 केवी के ट्रांसफार्मर के लिए एफसीए क्लीयरेंस मिलनी बाकी है, लेकिन 66 केवी ट्रांसफार्मर के लिए कंपनी द्वारा 59 करोड़ रुपए की राशि बिजली बोर्ड को दे दी गई है। ऐसे में बिजली बोर्ड को जल्द ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर पत्र लिखा जाएगा।

# चहेतों को कैंटीन देने के लिए आईजीएमसी ने उड़ाई नियमों की धज्जियां : बलवीर वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और चौपाल विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि आईजीएमसी न्यू ब्लॉक ओपीडी के कैंटीन के आवंटन में लाखों रुपए के घोटाले करने और नियमों को ताक पर रख कर कैंटीन आवंटित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा की सरकार के चहेते लोगों को कैंटीन अलॉट करने में नियम कानून की धज्जियां उड़ाई गई है। 20 अक्तूबर 2023 को आईजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में पांच सदस्य समिति की बैठक होती है जिसमें न्यू ब्लॉक ओपीडी में एक कैंटीन खोलने संबंधित विषय रखा जाता है। 25 अक्तूबर, 2023 को इस मीटिंग का विवरण बाहर आता है। 26 अक्तूबर 2023 को आईजीएमसी द्वारा न्यू ब्लॉक ओपीडी में कैंटीन के टेंडर के लिए आवेदन जारी किया जाता है। सबसे हैरानी की बात है कि 26 अक्तूबर को ही आए इस टेंडर की डेडलाइन 26 अक्तूबर को होती है।

आवेदन करने के लिए लोगों को अधिकतम 3 घंटे का समय दिया जाता है। जबकि हिमाचल प्रदेश वित्तीय नियम 2009 में स्पष्ट है कि किसी भी टेंडर का नोटिस कम से कम तीन सप्ताह के लिए जारी किया जाता है, अत्यावश्यक होने की स्थिति में इसे दो हफ्ते किया जा सकता है। 26 अक्तूबर को कमेटी फिर बैठती है और कोटेशन के बारे में बताती है कि टेंडर की प्रक्रिया में कुल चार फर्म ने हिस्सा लिया था, जिसमें न्यू डायमंड नामक फॉर्म में सबसे कम दाम बताए हैं। इसलिए यह कैंटीन न्यू डायमंड को ही अलॉट कर दी जाती है। हैरानी की बात यह है कि जिस कैंटीन को अलॉट किया जाना है उसका कितना किराया होगा उसका न तो विभाग द्वारा असेसमेंट किया जाता है और न ही किराए का टेंडर। विभाग द्वारा डेढ महीनें बाद किराया जारी किया जाता है जो 73227 रुपए प्रति महीना बताया जाता है।

जानकारी के लिए बता दूं कि 10 साल पहले डॉक्टर्स पेशेंट कैंटीन का टेंडर 65000 रुपए प्रति महीने के किराए पर हुआ था। न्यू ब्लॉक ओपीडी की कैंटीन डॉक्टर्स पेशेंट कैंटीन से बहुत बड़ी है। आईजीएमसी प्रशासन द्वारा की जा रही जल्दबाजी का असली कारण तब समझ आता है जब प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई सिक्योरिटी मनी जिसे न्यू डायमंड द्वारा एफडी के रूप में जमा की जानी थी वह निजी व्यक्ति द्वारा जमा की जाती है। जमा करने वाले व्यक्ति का नाम संजय कुमार पुत्र हरि सिंह शेरपुर, निवासी बिंगा, धर्मपुर, मंडी है। फर्म द्वारा जमा की जाने वाली सिक्योरिटी मनी को एक निजी व्यक्ति द्वारा क्यों जमा किया गया?

बलवीर ने कहा कि टेंडर अलॉटमेंट में शर्त थी कि टेंडर प्राप्त करने वाली फर्म द्वारा बिजली पानी के बिल का भुगतान किया जाएगा, लेकिन डेढ़ साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी कैंटीन के नाम अलग से न तो बिजली का कनेक्शन है और न ही पानी का। ऐसे में बिना एलपीजी और बिजली के कैंटीन कैसे चल सकती है?

## होनहार छात्रों को प्रिंसिपल ने करवाया चंडीगढ़ का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**



भ्रमण करवाते चियोग स्कूल के प्रधानाचार्य।

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग की तीन होनहार छात्राओं को प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने अपने निजी खर्चे से चंडीगढ़ का तीन दिनों का मुफ्त भ्रमण करवाया गया, जिनमें छठी कक्षा के शिवांस ने 93 प्रतिशत, सातवी कक्षा ने प्रेरणा ने 94 और आठवी कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली प्रियांशी शामिल है।

इस दौरान बेटियों द्वारा चंडीगढ़ प्रमुख पर्यटक स्थल सुखना झील, एयर फोर्स संग्राहलय, छतबीड़ जू, स्काई फोर्स सहित अनेक स्थलों का भरपूर आन्नद लिया गया। संदीप शर्मा की एक आदर्श अध्यापक के रूप में शिक्षा विभाग में एक अलग पहचान है ।

## 'समृद्ध शहर सशक्त शहर योजना' से चकाचक होगा नेरवा

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**



शुभारंभ के दौरान मौजूद नगर पंचायत पार्षद व अन्य ।

प्रदेश के समस्त नगर निकायों के लिए सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छ शहर समृद्ध शहर' मिशन का नगर पंचायत नेरवा में नगर पंचायत अध्यक्षा बबिता तंगड़ाईक द्वारा शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर योजना के सफल संचालन के लिए एक बैठक भी आयोजित की गई, जिस में नगर पंचायत नेरवा के वार्ड सदस्य शूरवीर राणा, ईशा झगटा, संजय कुमार,सीमा मनसाईक, योगेंद्र पुरटा, कनिष्ठ अभियंता नगर पंचायत नेरवा नरेंद्र हेटा, लिपिक सुरेश चंदेल, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं नगर पंचायत नेरवा के समस्त सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बबिता तंगड़ाईक ने कहा कि नगर पंचायत नेरवा के तहत सभी सात वार्डों में योजना का संचालन 10 फरवरी से 9 अप्रैल तक किया जाएगा । योजना के तहत नगर पंचायत के समस्त पार्षद और कर्मचारी सभी वार्डों में घर घर जाकर समस्त नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत नगर पंचायत नेरवा के लोगों की शिकायतों के निपटारे और समस्याओं के निदान हेतु हर हफ्ते दो दिन प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को विशेष अभियान के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमं लोगों की समस्याओं पर मंथन कर उनका समाधान किया जाएगा।

नगर पंचायत नेरवा की अध्यक्षा बबिता तंगड़ाईक ने समस्त पार्षदों, नगर पंचायत कर्मचारियों, सफाई कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही समृद्ध शहर-सशक्त शहर योजना को सफल बनाने में सहयोग देने का आग्रह किया है ।

## चिड़गांव थाने में अपहरण का केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत प्रकाश कुमार (38) पुत्र बांका राम निवासी घर्टून (पेखा) तहसील चिड़गांव, जिला शिमला ने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र अक्षु, अनुज (16) पुत्र राजदेव, निवासी घर्टून (पेखा) और आशीष (14)पुत्र संतोष कुमार, निवासी घर्टून (पेखा) बिना कुछ बताए घर से कहीं चले गए। रात 11 बजे के करीब अनुज ने अपने मित्र आनंद को कॉल कर बताया कि वे शिमला में हैं। अब उनका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। शिकायतकर्ता को संदेह है कि अज्ञात व्यक्ति ने बेटे अक्षु, अनूज और आशीष का अपहरण कर लिया है। एसडीपीओ रोहडू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

# घुमारवीं अस्पताल के परिसर में ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, केबल जलकर राख

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



सिविल अस्पताल घुमारवीं के परिसर में स्थित ट्रांसफार्मर में बुधवार शाम को भीषण आग लग गई । इससे अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। हालांकि आग से किसी भी प्रकार का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन बिजली बोर्ड के अनुसार इस आग में काफी मात्रा में बिजली की केबल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 4 बजे अचानक ट्रांसफार्मर में धमाकों की तेज आवाज आनी शुरू हुई और कुछ देर बाद ट्रांसफार्मर के आसपास आग भड़क गई, जिससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

ट्रांसफार्मर के धमाकों की आवाज इतनी तेज थी कि अस्पताल परिसर में मौजूद लोग सहम गए। आग बढ़ती देखकर अस्पताल के कर्मचारियों ने दमकल विभाग को सूचित किया। अस्पताल में छुट्टी होने की वजह से अस्पताल में ज्यादा भीड़ नहीं थी । हालांकि अस्पताल की सिक्योरिटी तथा अन्य कर्मचारी मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्होंने आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं, दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारी पानी की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन मौके पर जब कर्मचारियों ने देखा कि ट्रांसफार्मर में आग लगी हुई है तो उन्होंने पानी की जगह सीओ 2 एक्सटिंगुइशर मंगवाया गया। इसकी सहायता से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। हालांकि ट्रांसफार्मर के नीचे काफी मात्रा में पेड़ों के सूखे पत्ते गिरे थे। जिस वजह से आग तेजी से फैल गई। दमकल कर्मचारियों द्वारा किसी तरह सूखे पत्तों को घटना स्थल से हटाकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

गनीमत यह रही की दमकल विभाग अस्पताल से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है, जिसके कारण समय पर आग को बुझाया जा सका अन्यथा घटना स्थल से मात्र 20 मीटर की दूरी पर स्थित अस्पताल वार्ड तथा क्रस्ना लैब को भी नुकसान पहुंच सकता था।

> अस्पताल परिसर में लगे ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद बोर्ड के कर्मचारी मौके पर भेजे गए हैं । आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इसके साथ ही नुकसान का भी आकलन किया जा रहा है । आग बुझाने के बाद कर्मचारी अस्पताल परिसर की बिजली को सुचारु करने में लगे हैं।
>
> **-सन्नी जगोता, सहायक अभियंता, बिजली बोर्ड, घुमारवीं**

## गुरु रविदास की शिक्षाएं हमेशा प्रासंगिक रहेंगी : त्रिलोक जम्वाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि गुरु रविदास की शिक्षाएं हमेशा प्रासंगिक रहेंगी। महान गुरु होने के साथ ही संत रविदास महान समाज सुधारक भी थे। भारत समेत पूरे विश्व को आपसी भाईचारे का पाठ पढ़ाने के साथ ही उन्होंने लोगों को पाखंड से दूर रहने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने पूरे विश्व के लिए सरल और साधारण शब्दों में जीवन का ज्ञान दिया है। गुरु रविदास की जयंती पर सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

बुधवार को गुरु रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में त्रिलोक जमवाल ने कहा कि गुरु रविदास ने एक चर्मकार के घर में जन्म लिया था। काशी की पवित्र नगरी में काम करते हुए अपने अद्वितीय गुणों से वह भारत समेत पूरे विश्व के मार्गदर्शक बने। 'मन चंगा-कठौती में गंगा' कहावत को उन्होंने जीवन में भी चरितार्थ करके दिखाया। पांखडवाद से बचने के लिए जागरूकता की अलख जगाते हुए उन्होंने समरसता का पाठ पढ़ाया। मीरा बाई ने भी उन्हें अपना गुरु धारण किया था। उनके सभी भजनों में गुरु रविदास का जिक्र है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि गुरु रविदास ने धर्म, जाति या किसी अन्य आधार पर भेदभाव करने के बजाए हर व्यक्ति के लिए अन्न की लड़ाई लड़ने को वरीयता दी। समाज में बिखराव को रोककर उन्होंने सभी को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया। मानव अधिकारों और समानता के महत्व के बारे में उनकी शिक्षाओं और उपदेशों ने लोगों का दृष्टिकोण बदलकर उन्हें जीवन में सही रास्ते पर लाने में अहम भूमिका निभाई। यही वजह है कि मानवता को सर्वोपरि मानने वाले गुरु रविदास को हर धर्म हर जाति के लोग मानते हैं। उनके अनमोल वचन जीवन जीने का सही मार्ग बताते हैं। सभी को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

## राष्ट्रीय रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा हिमाचल : शौकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन की बैठक आयोजन बिलासपुर वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इम्तियाज़ खान ने की, जबकि द इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत पाल सिकंद ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह एवं माता वैष्णो देवी से लाई चुनरी से बैठक के मुख्य अतिथि द इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शौकत पाल सिकंद को सम्मानित किया। बैठक में पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ल्ड राफ्टिंग फेडरेशन द्वारा अधिकृत द इंडियन राफ्टिंग फाउंडेशन एवं हिमाचल प्रदेश राफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 20 से 25 मार्च 2025 को जिला कुल्लू पिरडी राफ्टिंग सेंटर में 17वीं राष्ट्रीय रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाए। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय राफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के विभिन्न राज्यों की लगभग 18 टीमें भाग लेंगी। राष्ट्रीय रिवर राफ्टिंग चैंपियनशिप में राफ्टिंग स्प्रिंट, सलालम, आरएक्स, डाउन रिवर रेस , पुरुष महिला एवं मिक्स कैटेगरी के इवेंट करवाए जाएंगे।

# नन्हे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

## शिवा स्कूल मोरसिंघी में घूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**



शिवा पब्लिक स्कूल मोरसिंघी में वार्षिक पारितोषिक बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में समिति प्रबंधक प्रतिभा शर्मा व मुख्य अध्यापक ज्ञान चंद के द्वारा मुख्यातिथि पूर्व डाईग टिंचर मुंशी राम शर्मा को मोमेंटो व टोपी पहनकर सम्मानित किया। स्कूल के बच्चों के द्वारा विभिन्न देशभक्ति व गिद्धा, डोगरी डांस, पंजाबी गिद्दा शानवी व सहेलियां, भाषण शिवम मोबाइल के लाभ व हानियां, काली एक्टिवा दा रिद्धि व सहेलियां मुझे माफ करना ओह साईं राम, कविता समीक्षा चूहा बोला मम्मी से, जोंक पीयूष व ऐंजल, पहाड़ी डांस व गानों पर स्कूल में आए अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के द्वारा बच्चों से आहवान किया कि यह समय बहुत ही प्रतियोगिता का है। बिना पढ़ाई किए सफलता को हासिल नहीं किया जा सकता है। अपने अध्यापकों व अभिभावकों का सम्मान करना चाहिए। उन्होनें शिवा पब्लिक स्कूल मोरसिंघी उपलब्धियों की सरहाना की। शिवा पब्लिक स्कूल की प्रबंधक प्रतिभा शर्मा ने बताया कि हमारे स्कूल का मुख्य लक्ष्य बच्चों का विकास करना है। मुख्यातिथि के द्वारा स्कूल के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिन बच्चों ने भाग लिया उन सभी बच्चों को इनाम देकर सम्मानिक किया गया।

**उपलब्धि** | शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान के छात्रों ने जेईई मेन 2025 में दर्ज की उल्लेखनीय सफलता

# मिनर्वा के 28 छात्र प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



प्रतिभा के नए आयाम स्थापित करते हुए मिनर्वा शिक्षण एवं कोचिंग संस्थान घुमारवीं के विद्यार्थियों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2025 के प्रथम सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान के 28 प्रतिभाशाली छात्रों ने इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

संस्थान के होनहार छात्र आरव ठाकुर ने 99.29 परसेंटाइल के साथ संस्थान में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। गौरवपूर्ण परिणामों की श्रृंखला में संस्थान के 10 छात्रों ने 95 परसेंटाइल व उससे अधिक का उत्कृष्ट स्तर पार किया है, जबकि 26 छात्रों ने 90 परसेंटाइल व उससे अधिक का प्रदर्शन किया है। आरक्षित वर्ग के छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान की समावेशी शिक्षण पद्धति को सार्थक सिद्ध किया है।

> **संस्थान के 26 छात्रों ने हासिल किया 90 से ऊपर का परसेंटाइल**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर संस्थान के लगभग 28 छात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) सहित देश के विभिन्न प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित करेंगे। इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संस्थान के संस्थापक एवं संयोजक परवेश चन्देल और राकेश चंदेल ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित प्रयासों का सम्मिलित परिणाम है।

उन्होंने कहा कि मिनर्वा परिवार का यह सामूहिक प्रयास क्षेत्र के युवाओं को प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दिलाने में सफल रहा है। उन्होंने संस्थान में कार्यरत समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके अथक प्रयासों से यह सफलता संभव हुई है।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों के सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण कारक बताया। उनका मानना है कि आगामी वर्षों में संस्थान के छात्र और भी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मांगें पूरी न होने पर हड़ताल करेंगे मिड-डे मील वर्कर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मिड-डे मील वर्कर यूनियन संबंधित सीटू का ब्लॉक तीसा का सम्मेलन भंजराड़ू में हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन सीटू जिला अध्यक्ष नरेंद्र ने किया। सम्मेलन में ब्लॉक से 55 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मिड-डे मील स्कीम को केंद्र सरकार निजी हाथों में दे रही है। देश में 447 एन.जी.ओ. मिड-डे मील स्कीम में काम करते हैं। अकेला अक्षयपात्र एन.जी.ओ. 1.5 करोड़ बच्चों को मिड-डे मील बना रहा है जिसका सीधा मतलब है कि सरकार इस योजना को खत्म करके निजीकरण करना चाहती है। चर्चा के दौरान ये बात सामने आई कि मिड-डे मील वर्कर को स्कूल में कई अन्य तरह के काम भी करवाए जाते हैं। मिड-डे मील वर्कर मांग कर रहे हैं कि उन्हें 12 माह का मानदेय दिया जाए। न्यूनतम वेतन 26000 लागू किया जाए। छुट्टियों का प्रावधान किया जाए। मिड-डे मील योजना में वर्कर के लिए नीति लाई जाए, लेकिन सरकार इसे अनदेखा कर रही है। सम्मेलन में 31 सदस्यीय कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें दीपराज अध्यक्ष, ढालो देवी सचिव, ललिता को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर हमारू, अर्जुन, बेंसू, जयंती, मान देई, हिमो देवी, संतो, होशियारु, प्रेम देई, जानकी, चितो, लीलो, ललिता, चंपा, तिलकराज, क्यूम, जहांगीर, पारो नरसिंह, गीता, अरशाद, गुड्डी, यूसुफ को कमेटी सदस्य चुना गया।

### जोगिंद्रनगर में संत रविदास जयंती की धूम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। जोगिंद्रनगर क्षेत्र के गरोडू, हराबाग और ढेलू में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने सुबह से ही भजन-कीर्तन शुरू कर दिए और गुरु रविदास जी के उपदेशों को याद किया। हराबाग में झंडा रस्म, भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु हराबाग में विशेष झंडा रस्म का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव से झंडा चढ़ाया और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। झंडा रस्म के दौरान श्रद्धालु गुरु रविदास जी के भजनों में लीन नजर आए। इस दौरान 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे प्रसिद्ध दोहों और भजनों का गायन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। गरोडू, हराबाग और ढेलू में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं ने कीर्तन मंडलियों के साथ भजन-कीर्तन किया। भजन गायकों ने गुरु रविदास जी के जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाए और उनके उपदेशों को साझा किया। लोगों ने गुरु रविदास जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज में समानता, भाईचारे और सद्भावना को अपनाने का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर हराबाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ भंडारे की व्यवस्था की।

### समाज को एक सूत्र में बांधने का करें प्रयास



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के दान गांव में गुरु रविदास जयंती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर को ऑपरेटिव बैंक निदेशक लाल सिंह कौशल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने गुरु रविदास के फोटो पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लाल सिंह कौशल ने कहा कि गुरु रविदास हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि सभी उनके बताएं मार्ग पर चलकर समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करें। इससे पूर्व दान गांव में पहुंचने पर गुरु रविदास कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार व सदस्यों तथा स्थानीय लोगों ने लाल सिंह कौशल का फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कोऑर्डिनेटर सिद्धू राम भारद्वाज, ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### नलसर में 14 को लगेगा रक्तदान शिविर

**विनोद, नेरचौक।** हिमालयन ब्लड डोनर्ज 14 फरवरी शुक्रवार को पुलवामा शहीदी दिवस पर नलसर में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है आयोजक समिति के सदस्य रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि हिमालयन ब्लड डोनर्स का यह 86वां रक्तदान शिविर है उन्होंने नलसर व इसके आसपास क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि शिविर में पहुंचकर पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को रक्तदान करके श्रद्धांजलि दीजिए।

### वीर नारी रमजू देवी का हुआ देहांत



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारत-पाकिस्तान 1965 की लड़ाई में पूंछ रजौरी सेक्टर में शहीद हुए हवलदार सरवन सिंह की पत्नी वीर नारी रमजू देवी का 85 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को देहांत हो गया। पंचायत सकलाना की ओर से प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने पुष्पांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्थानीय पंचायत के पूर्व सैनिक जगदीश चंद, राजमल, नरेंद्र सिंह, बिहारी लाल, सुरेंद्र सिंह, कीकर सिंह, ओम चंद, जय सिंह व उप प्रधान रवि कुमार तथा गांव सकलाना के लोग भी अंत्येष्टि में शामिल हुए।

संत-गुरु रविदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित, कुलदीप सिंह पठानिया बोले-

# संत-गुरु रविदास का भक्ति दर्शन एवं साहित्य मानवता के कल्याण को समर्पित

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी/भटीयात**

संत-गुरु रविदास की जयंती के अवसर आज हिमाचल प्रदेश संत-गुरु रविदास महासभा की ओर से ग्राम पंचायत छलाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि भाग लिया ।

उन्होंने संत-गुरु रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना एवं झंडा चढ़ाने की रस्म निभा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने अपने संबोधन में लोगों को जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि संत-गुरु रविदास जी का भक्ति दर्शन एवं साहित्य मानवता के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि संत-गुरु रविदास ने सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए जातिवाद के खिलाफ भक्ति भाव के माध्यम से लोगों को समानता एवं भाईचारे का संदेश दिया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने साथ में यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा को लेकर



कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**सामुदायिक भवन परिसर के विस्तार एवं सड़क निर्माण को शुरू करने के दिए निर्देश**

विभिन्न योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन कर आम जनमानस को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर उपलब्ध करवाया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महान कार्यों का भी उल्लेख अपने संबोधन में किया।

**भक्ति भाव के माध्यम से लोगों को समानता एवं भाईचारे का दिया संदेश**

कुलदीप सिंह पठानिया ने खंड महासभा की ओर से रखे गए मांग पत्र को सहानुभूति पूर्वक पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने डैण्ठा गांव में पूर्व स्वीकृत धनराशि के अनुरूप सामुदायिक भवन के परिसर विस्तार तथा गांव के संपर्क मार्ग के निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए ।

विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया।

इस दौरान संत-गुरु रविदास ब्लॉक महासभा की ओर से भगवान बुद्ध चैरिटेबल ब्लड सेंटर कांगड़ा के सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, इसमें स्थानीय लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया ।

एसडीएम पारस अग्रवाल, सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण चंद, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, लोक निर्माण विभाग नरेन्द्र चौधरी, स्थानीय पंचायत प्रधान कुलदीप कुमार, हिमाचल प्रदेश संत-गुरु रविदास महासभा से प्रतिनिधि मनोज चंद्रा, ज़िला अध्यक्ष जगदीश चंद्र, खंड अध्यक्ष ओम प्रकाश, छलाड़ा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र भाटिया सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे ।

# संत रविदास समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे के प्रतीक : नीरज



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक नीरज नैय्यर व साथ हैं अन्य।

**आरके सहगल, चंबा**

संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती के अवसर पर विधायक सदर चंबा, नीरज नैय्यर दरोग मोहल्ला पहुंचे और गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जी की शिक्षाओं को याद करते हुए कहा कि 'संत रविदास समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे के प्रतीक थे। उन्होंने हमें सिखाया कि जात-पात, भेदभाव और ऊंच-नीच को भूलकर मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

इस पावन अवसर पर नीरज नैय्यर जी ने रविदास गुरुद्वारा सभा को 21,000 रुपए की राशि दान की ताकि यह धन समाज कल्याण और जनसेवा में उपयोग हो सके। उन्होंने गुरुद्वारा में उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए कहा कि उनका परिवार दरोग मोहल्ला से गहरा भावनात्मक लगाव रखता है और यह मोहल्ला उनके लिए दूसरा घर जैसा है। संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा में विशेष लंगर सेवा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया। विधायक नीरज नैय्यर की लंगर सेवा की सराहना करते हुए इसे संत रविदास जी की शिक्षाओं का जीवंत उदाहरण बताया। संत रविदास जी 15वीं सदी के महान संत, समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। विधायक नीरज नेय्यर ने कहा कि आज के समय में हमें संत रविदास जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। उनके विचारों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संत रविदास जी के मार्ग पर चलकर एक सशक्त, समरस और संवेदनशील समाज के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर दरोग मोहल्ला के नागरिकों ने विधायक नीरज का स्वागत किया।(अनंत ज्ञान)

# 3 किलो 834 ग्राम चरस सहित दो युवक काबू, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पुलिस ने चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पर कंदला के पास नाकाबंदी के दौरान कार में सवार 2 व्यक्तियों से पौने चार किलो चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान गुरो राम, निवासी गांव खांगुई, डाकघर बघेईगढ़ व तहसील चुराह और बचन सिंह निवासी गांव लुन्नेक, डाकघर चांजू, तहसील चुराह व जिला चम्बा के रूप में हुई है। आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने कंदला के पास नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान सामने से आई कार को जांच के लिए रोका गया। पुलिस टीम को देखकर कार चालक और अन्य सवार घबरा गए। पुलिस ने संदेह के आधार पर कार की तलाशी ली। तलाशी लेने पर कार के अंदर से 3 किलो 834 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# हटली पुलिस ने 20 मोबाइल किए बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट पुलिस थाना हटली की पुलिस ने 2 महीने पहले गुम हो चुके 20 मोबाइलों को बरामद कर लोगों को वापिस लौटाए हैं। ऐसे में मोबाइल फोन मिलने की आस छोड़ चुके लोग दोवारा मोबाइल मिलने से खुश होकर पुलिस का आभार जता रहें हैं। डिजिटल युग में आजकल हर हाथ में मोबाइल फोन आ चूका है तो उनके गुम होने की घटनाएं भी होती रहती है।

लोगों को चोरी या गुम हुए मोबाइल हासिल करने के लिए आवेदन देने के साथ ही थाने से



पुलिस द्वारा लोगों को वापस किए गए मोबाइल फोन।

लेकर जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ती थी। हालांकि अब इस तरह के मामलों को लेकर सक्रिय स्थानीय पुलिस थाना हटली के जवान हर गुम हुए मोबाइल को ट्रेस कर बरामद कर रहे हैं । लोगों कहना है कि पुलिस के इस कार्य से बड़ी राहत मिली है। गुम हुए फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान वापस आ गयी है ।लोगों ने पुलिस को धन्यवाद किया।

थाना प्रभारी ब्रिज लाल शर्मा ने कहा कि जो लोग सेकंड हैंड मोबाइल फोन खरीदतें हैं वह पूरी जांच पड़ताल के बाद ही मोबाइल फोन खरीदे और उसका बिल भी लें, ताकि वह किसी की प्रकार की ठगी का शिकार न हों।

## तेलका में किया पशुओं का इलाज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पशु पालन विभाग चंबा की ओर से उपतहसील तेलका के तहत पशु औषधालय सालवां में एक दिवसीय पशु बांझपन चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान डा. स्वाति चौधरी पशु चिकित्साधिकारी पशु पालीक्लीनिक चंबा, डा. दीपिका नेगी पशु चिकित्साधिकारी प्रभारी पशु चिकित्सालय भलेई, डा. नैनिका धीमान पशु चिकित्साधिकारी प्रभारी पशु चिकित्सालय हिमगिरि ने अपनी सेवाएं दी। उन्होंने पशुपालकों द्वारा लाए पशुओं का इलाज किया गया।

## युवक के बाल काटने पर बल्ह पुलिस में मामला दर्ज

**विनोद, नेरचौक।** सोशल मीडिया पर युवक के बाल काटने के मामले में बल्ह पुलिस ने मामला दर्ज कर किया है। जानकारी अनुसार नोती लाल पुत्र नागेंद्र पाल गांव चबाड़ी ने बल्ह थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि 22 जनवरी को मेरे बेटे भाल चंद ने कहा कि सन्नी के घर गाड़ी चलाने के पैसे लेने गया था। इस दौरान सन्नी ने घर के पास रोककर उसके सिर के बाल जबरदस्ती काट दिए। सन्नी कुमार के इस कार्य से मेरे व मेरे बेटे के मान सम्मान को ठेस पहुंच रही है, क्योंकि बाल काटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि थाना प्रभारी संजय कुमार ने की है।

# लूणापुल में शौचालय न होने से यात्री परेशान, हो समाधान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लूणापुल में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण यहां पर हर रोज यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे भरमौर के लूणा पुल में हर रोज सैकड़ो यात्री एक जगह से दूसरी जगह आते जाते हैं। लेकिन यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण लोगों को दर-दर भड़कना पड़ता है। स्वच्छता अभियान की पोल भी यहां पर खुलकर सामने आ रही है।

यहां पर सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने यहां कई बार प्रशासन व सरकार से सार्वजनिक शौचालय खोलने की मांग की है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। लिहाजासर लेना होने के कारण लोगों को मजबूरन खुले में शौच करने पर विवश होना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी पांजाराम सनी कुमार, पूर्ण चंद, इंद्रजीत, संजय कुमार, संजीव सहित दर्जन लोगों का कहना है कि यहां पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर सार्वजनिक शौचालय खोला जाए ताकि लोगों को खासकर महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# क्षेत्रीय इलेवन ने अपने नाम की ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में 27 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर जारी छोटी काशी शिवरात्रि प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता का समापन उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा पड्डल मैदान में किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का भी एक सशक्त माध्यम है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता को 25 वर्षों के उपरांत मेले के प्रमुख आकर्षणों में शामिल किया गया है, जिससे मेले की भव्यता और अधिक बढ़ेगी। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया तथा यह



**छोटी काशी शिवरात्रि प्रीमियर लीग प्रतियोगिता संपन्न**

प्रतियोगिता 31 जनवरी से शुरू होकर 12 फरवरी को फाइनल मुकाबले के साथ समाप्त हुई। फाइनल मैच क्षेत्रीय इलेवन बनाम फ्रेंड्स इलेवन के बीच खेला गया।

क्षेत्रीय इलेवन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी और 20 ओवर में 6 विकेट गवा कर 190 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए फ्रेंड्स इलेवन 20 ओवर में 8 विकेट गवा कर केवल 184 रन ही बना पायी और क्षेत्रीय इलेवन ने 6 रन से मैच जीत कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। विक्की मैन ऑफ दी मैच जबकि क्षेत्रीय इलेवन से गंगा सिंह ने मैन ऑफ दी सीरीज का खिताब अपने नाम किया। वहीं क्षेत्रीय इलेवन के अक्षित शर्मा को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज जबकि कुशाल को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ चुना गया। समापन समारोह में डीएसपी दिनेश कुमार, संतोष आदि मौजूद थे।

### सूडोकु नवताल- 7340 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7339 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# कुगती में मोबाइल सिग्नल न होने से लोग परेशान, जल्द किया जाए समाधान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के कुगती में मोबाइल टावर लगने के बाद भी लोगों की फोन पर बात नहीं हो पाती है यहां पर मोबाइल का सिग्नल बहुत ही कमजोर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है यहां पर हर साल लाखों श्रद्धालु प्रसिद्ध कार्तिक स्वामी मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं, लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है।

यहां पर हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के चलते यहां पर डिजिटल पेमेंट के लिए भी लोगों को काफी परेशानियां आती है हालांकि कंपनी ने यहां पर एक टावर लगाया भी है जिसे केवल 40 फोन ही चल पाते हैं। स्थानीय निवासी शिशु कुमार अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, केवल सिंह, अनुवाला ने कहा है कि यहां पर कंपनी ने एक टावर तो लगाया है लेकिन सिग्नल बहुत ही कम होने के चलते यहां पर लोगों की एक दूसरे से बात नहीं हो पाती है लिहाजाजी टावर शोपीस बनकर रह गया है।

# मंडी में 492 ग्राम चरस सहित एक आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला मंडी पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईयू ने नशे के व्यापार के खिलाफ एक और कामयाबी हासिल की है।

इसके अंतर्गत पुलिस टीम ने बुधवार को मंडी जिला के उपमंडल बल्ह के भंगरोटू क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज नेरचौक के समीप दबिश देते हुए आरोपी के कमरे से 492 ग्राम चरस बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम बल्ह उपमंडल के भंगरोटू क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने 492 ग्राम चरस बरामद की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। एसआईयू ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना बल्ह के हवाले कर दिया है। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

13 फरवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** प्रतिपदा (08:25): **नक्षत्र** मघा (09:08), **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** शौभन (07:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (01:59 -03:22)।

**विशेष दिन**

13 फरवरी 2025 : गुरु प्रतिपदा आज।

14 फरवरी 2025 : वेलेंटाइन डे कल।

**मेष:** काम में बाधाएं आ सकती हैं और इसकी वजह से आपको तनाव हो सकता है। आपको धैर्य बनाए रखनें की आवश्कता है।

**वृषभ:** आज आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और कुछ अवसरों पर आप खुद को आकर्षण का केंद्र बना पाएंगे।

**मिथुन:** पूरे समय व्यस्त रहेंगे। परियोजनाएं अब प्रगति कर सकती है। व्यावसायिक योजनाओं को आज आप मूर्त रूप प्रदान कर सकतें हैं।

**कर्क:** अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। समस्याओं का समाधान पाएंगे। यदि आप नौकरी या उच्च अध्ययन के लिए विदेश जाने की इच्छा रखते हैं।

**सिंह :** आज का दिन आपको कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला है। आज आपके साथ कुछ सकारात्मक घटनाक्रम होंगे।

**कन्या :** चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के बल पर आप आसानी से विजय प्राप्त कर सकतें हैं। समस्याएं आ सकती है।

**तुला:** आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। अतिरिक्त प्रयास करने पर ही आपको अवश्य सफलता मिलेगी। पैसों की आमद में मुश्किलें हैं।

**वृश्चिक:** दिन सकारात्मक परिणामों वाला है। यदि उच्च अध्ययन या नौकरी के लिए परीक्षा या प्रतियोगिता में भाग ले रहें है तो सफलता कदम चूमेगी।

**धनु :** इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यवस्थित रूप से कार्य करने पर चीजें आपको आगे बढ़ाएंगी। आप विदेशी यात्रा भी कर सकते हैं।

**मकर:** व्यावासिक दृष्टि से विकास संभव है। लक्ष्य प्राप्ति की ओर आप अपना ध्यान केंद्रित रखेंगें। कार्यस्थान पर आपके काम से आपके वरिष्ठ खुश होंगे।

**कुंभ :** आर्थिक रूप से दिन बहुत अच्छे परिणाम देगा। अतिरिक्त स्रोत प्राप्त करने के लिए उत्सुक हैं, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मीन :** मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन अंततः चीजें आपके पक्ष में और आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी।

**रोजगार** | अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम की सहायता से सुगम हुई स्वरोजगार की राह

# रमेश ऑटो रिक्शा को स्वरोजगार से जोड़कर कमा रहे आजीविका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मन में काम करने का जज्बा, थोड़ा सा प्रोत्साहन और कड़ी मेहनत। यह कहानी है मंडी के नजदीकी गांव बायर के रमेश चंद की। ऑटो रिक्शा को स्वरोजगार से जोड़कर वे आज न केवल परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं अपितु बच्चों को बेहतर उच्च शिक्षा प्रदान करने में भी सक्षम हुए हैं। इसमें सहायक बना है हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम।

प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति से संबंधित



परिवारों को आर्थिक स्वावलंबन प्रदान करने के लिए निगम के माध्यम से संचालित योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन्हीं में से एक योजना के लाभार्थी रमेश चंद भी हैं। गांव बायर के स्थाई निवासी रमेश चंद वर्षों से ऑटो रिक्शा चला रहे हैं। उनका ऑटो काफी पुराना हो चुका था। नए ऑटो की कीमत लगभग 2 लाख 43 हजार रुपए थी, जिसे खरीदने के लिए उनके पास एकमुश्त इतनी राशि उपलब्ध नहीं थी। उन्होंने वर्ष 2023 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के कार्यालय में ऋण के लिए आवेदन किया।

उन्हें नया ऑटो खरीदने के लिए 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण स्वीकृत हुआ। रमेश को लगभग 23 हजार रुपए की राशि ही अपनी जेब से खर्च करनी पड़ी।

## उठाएं योजनाओं का लाभ

**वर्तमान** सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में जनवरी, 2025 तक जिला मंडी में निगम की विभिन्न योजनाओं के तहत 53.75 लाख रुपये की राशि व्यय की गई, जिस पर 4.14 लाख रुपए का उपदान निगम द्वारा लाभार्थियों को दिया गया। इस अवधि के दौरान 227 लोग लाभान्वित हुए हैं। निगम की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किसी भी कार्यदिवस में जिला या उपमंडल कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## पात्र लोगों तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन का कहना है कि जिला में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के माध्यम से लोगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा पाएं, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

‘ध्यान रखें कि महान प्रेम और महान उपलब्धियों में बड़ा जोखिम शामिल होता है। –दलाई लामा

## संपादकीय

# शिक्षा में सुधार

शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार आना हिमाचल के लिए शुभ संकेत है। हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में देशभर के राज्यों में शीर्ष स्थान पर रखने का फैसला इस बात का द्योतक है कि हिमाचल की शिक्षा में वाकई सुधार हो रहा है। प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए प्रयासरत है तभी उसने पहली कक्षा सें अंग्रेजी मीडियम शुरू किया है। इसके अतिरिक्त ‘राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल’ का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। सीएम सुक्खू की ओर से आने वाले बजट में विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी योजनाएं शुरू करने का संकेत देना इस ओर इशारा करता है कि सरकार आने वाले समय में इन क्षेत्रों को विशेष तवज्जो देगी। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के पचास विद्यार्थियों को कंबोडिया और सिंगापुर के भ्रमण पर भेजा गया। इससे प्रदेश के होनहार विद्यार्थी वहां की ऐतिहासिक धरोहरों, संस्कृति, वास्तुकला, विज्ञान और तकनीकी विकास के बारे में रू-ब-रू हुए। बच्चों का ज्ञानवर्धक होगा तो ही वह प्रदेश को आगे ले जाने में सक्षम होंगे। शिक्षा पर जितना ज्यादा बजट खर्च होगा उतने ही अच्छे रिजल्ट सामने आएंगे।

राज्य सरकार ने दो साल में 95 प्रतिशत से अधिक बजट खर्च किया है। शिक्षा में सुधार के लिए खाली पदों को भरने से भी स्कूलों स्थिति सुधरी है। शिक्षा के बिना विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों का पूरी तरह से आभास नहीं होता। यदि उनके पास अच्छी शिक्षा होगी तो वह अपने लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर पाएंगे। हिमाचल सरकार छात्रों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है, जो अच्छी बात है। वर्तमान सुक्खू सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की पहल की है। इनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, जिसका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और विकलांग बच्चों के अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षा और कल्याण को सक्षम करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 53.21 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इसके अलावा, सरकार ने माई स्कूल-माई प्राइड अभियान भी शुरू किया है, जो सरकारी स्कूलों में शिक्षा में सुधार लाने और समग्र छात्र विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इन पहलों के अलावा, सरकार ने मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना भी शुरू की है, जो राज्य में स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करती है। ये सभी पहलें हिमाचल प्रदेश सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

शिक्षा से जहां ज्ञान बढ़ता है तो वहीं, कौशल और मूल्यों की जानकारी भी हासिल होती है। बेहतर शिक्षा के दम पर विद्यार्थी अपना भविष्य संवारते हैं तथा उन्हें अपने जीवन में सफल और सार्थक बनाने में मदद मिलती है। शिक्षा से जहां ज्ञान की प्राप्ति होती है वहीं, विद्यार्थियों में और समझ विकसित होती है। शिक्षा व्यक्ति को विभिन्न विषयों में ज्ञान और समझ प्रदान करती है। शिक्षा व्यक्ति को तरह तरह के कौशलों जैसे कि संचार, समस्या-समाधान और नेतृत्व कौशल को विकसित करने में मदद करती है, जो आगे चलकर विद्यार्थियों के रोजगार का साधन बनती है। कौशल के बिना आजकल कहीं पर भी नौकरी पाना असंभव सा प्रतीत होता है। आज कोई भी विद्यार्थी या बेरोजगार नौकरी पाने जाता है तो उससे सबसे पहले यही पूछा जाता है कि वह अपने काम में कितना प्रवीण है यानी उसमें काम करने का जज्बा तथा कौशल कितना है। इसके बाद बात होती है उसके अनुभव की। बस यहीं से ही साक्षात्कार लेने वाला अधिकारी उसकी नौकरी तय करता है। वह यह समझ जाता है कि उक्त व्यक्ति वाकई काबिल है या नहीं। शिक्षा व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों और सपनों को प्राप्त करने में मदद करती है। शिक्षा के जरिए विद्यार्थी अपना स्टेटस बनाते हैं। शिक्षा व्यक्ति को समाज में एक सक्रिय और उत्पादक सदस्य बनने में मदद करती है और आर्थिक विकास में योगदान करती है। शिक्षा व्यक्ति को नागरिक जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करती है और उन्हें समाज में एक सकारात्मक योगदान करने में मदद करती है। निश्चित रूप से सरकार के इन कदमों से शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक बदलाव आ सकता है। बस जरूरत योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से से करने की। वहीं, बच्चों के अभिभावक भी अपने बच्चों को के जीवन स्तर को सुधारने के लिए उनमें विशेष रुचि लें तो सोने पे सुहागा वाली कहावत चरितार्थ हो सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा के अभिनेता

**विनोद** मेहरा भारतीय सिनेमा के अभिनेता थे। इन्होंने 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था। वर्ष 1958 फिल्म रजनी में एक बाल कलाकार के रूप में किशोर कुमार की भूमिका निभाने वाले चरित्र के छोटे संस्करण के रूप में मेहरा की शुरुआत हुई। विनोद मेहरा का जन्म अमृतसर में हुआ था। इन्होंने तीन शादियां की थी। मीना ब्रोका इनकी पहली पत्नी थी। बिंदिया गोस्वामी इनकी दूसरी पत्नी जिनके साथ विनोद ने कई फिल्मों में काम किया। किरण विनोद मेहरा की तीसरी पत्नी थी। किरण और विनोद की एक बेटी सोनिया और एक बेटा रोहन है। विनोद मेहरा के फिल्म करियर के मौसम को खुशनुमा बनाने में अभिनेत्री मौसमी चटर्जी का योगदान रहा है। शक्ति सामंत की फिल्म अनुराग (1972) में मौसमी चटर्जी और विनोद मेहरा पहली बार साथ आए। मौसमी ने एक दृष्टिहीन युवती का रोल संजीदगी के साथ किया था। विनोद एक आदर्शवादी नायक थे और अपने पिता की इच्छा के विरुद्ध वह मौसमी से शादी करना चाहते थे। इसके बाद फिल्म उस पार (बसु चटर्जी), दो झूठ (जीतू ठाकुर) तथा स्वर्ग नरक (दसारी नारायण राव) में मौसमी के नायक बने। विनोद मेहरा का निधन अचानक दिल का दौरा पड़ने के कारण हुआ था। ■



विनोद मेहरा
जन्म : 13 फरवरी, 1945
मृत्यु : 30 अक्तूबर, 1990



कविता

### स्याही के आंसू और डिजिटल दौर

सुजान ढटवालिया हमीरपुर( हि.प्र. )

*कलम की स्याही सूख जाएगी, कागज पर लकीरें रूठ जाएंगी।*
*शब्द कहीं बिखर जाएंगे,*
*हम अपने लिखने के कौशल को भूल जाएंगे।*
*थी जो उंगलियों में रफ्तार कभी, अब बस स्क्रीन पर ठहर जाएगी।*
*सोचेंगे, पर शब्द न मिलेंगे,*
*भावनाएं दिल में ही सिमट जाएंगी।*
*कभी जो खत में जज्बात बहते थे,अब इमोजी में खो जाएंगे।*
*भाव छुपेंगे, अर्थ बदलेंगे, लफ्ज बस टाइप होकर रह जाएंगे।*
*किताबों की खुशबू थी जिनमें,अब डिजिटल रोशनी जल जाएगी।*
*स्याही की वो गर्माहट खो जाएगी, स्मृतियां भी धुंधला जाएंगी।*
*एक दिन यूं ही बैठे-बैठे, जब कागज हाथ में आएगा।*
*लिखने को मन तो करेगा, पर हाथ कुछ कांप सा जाएगा।*
*फिर सोचेंगे, फिर चाहेंगे, शब्दों को दोबारा अपनाएंगे।*
*पर डर है कहीं, उस दिन सच में,*
*हम अपने लिखने के कौशल को भूल न जाएं!*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पाकिस्तान से पोषित आतंकवाद का आज भी शिकार है भारत

14 फरवरी का दिन वैसे तो ‘वेलेंटाइन डे’ के रूप में मनाया जाता है, परंतु जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा संचालित आतंकवाद की पुलवामा, जम्मू- कश्मीर की घटना के बाद इसे पूरे भारतवर्ष में काले दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पुलवामा में शहीद 40 सीआरपीएफ रणबांकुरों की शहादत की छठी वर्षगाठ पर संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर ) हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने 6 वर्ष पहले हुई इस घटना के बारे में कहा कि आज ही के दिन 6 वर्ष पहले 14 फरवरी 2019 को एक सैनिक कानवाही में 78 वाहन, 2500 सीआरपीएफ जवानों को जम्मू से श्रीनगर ले जा रहे थे, लगभग 3:15 बजे यह कानवाई कश्मीर के पुलवामा में जा रही थी तब 200 किलोग्राम के विस्फोटक एक्सप्लोसिव से भरी महेंद्र स्कॉर्पियो को जैसी मोहम्मद पाकिस्तान के एक सुसाइड बॉम्बर ने एक सैनिक वाहन से टक्कर मारी और एक बहुत बड़ा धमाका हुआ, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान मौके पर ही शहीद हो गए तथा अनेक जख्मी हुए, जिन्हें बेस अस्पताल श्रीनगर में इलाज के लिए ले जाया गया था।



लेखक : कैप्टन जगदीश वर्मा
सेवानिवृत्त बलद्वाडा, मंडी

जैसी मोहम्मद आत्मघाती बंबर का नाम 22 वर्षीय आदिल अहमद धार था, जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा जैसी मोहम्मद ने इस घटना की जिम्मेदारी ली।

**भारत ने झेले बहुत हमले:**कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि इस घटना से पहले भी वर्ष 2016 में पठानकोट तथा वर्ष 2018 उड़ी क्षेत्र में भी इस तरह की भयानक घटनाओं का भारतवर्ष सामना कर चुका है। इसमें कोई शक नहीं कि उस समय भारत ने शुरू के दिनों में उचित कदम उठाए थे तथा इसके बारे में घटना के कुछ दिनों बाद 26 फरवरी 2019 में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के ट्रेनिंग कैंप बालाकोट में बम बरसाए थे और भारी मात्रा में पाकिस्तान का जान माल का नुकसान भी किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी करवाई की थी, जिसमें भारत को टारगेट बनाया था, लेकिन उसमें भी भारत को एक मिग-21 का नुकसान हुआ थ, लेकिन जवाब में भारत के बहादुर विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान ने पाकिस्तान एक एफ 16 लड़ाकू विमान को डौग फाइट में नष्ट कर दिया था। विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तान की सीमा में पैराशूट द्वारा उतरना पड़ा था तथा बाद में भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण उसे सुरक्षित वापस बुला लिया गया था रिलीज करवा लिया गया था।



**पुलवामा में शहादत पर विशेष**

**आज भी समाप्त नहीं है आतंकवाद:**यह बात सही है कि भारतवर्ष की कुछ मजबूरियां है जिसमें पाकिस्तान के साथ लगता जम्मू-कश्मीर का क्षेत्र भौगोलिक परिस्थितियों तथा दूसरा पाकिस्तान के पास एटम बम होना।

पाक को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी देश घोषित करना और एक नेशनल स्तर पर आंतक विरोधी केंद्र संस्थान की स्थापना करना आदि का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारतवर्ष के विरुद्ध पाकिस्तान द्वारा संचालित आंतकवाद कितने वर्ष बीतने के बाद भी समाप्त नहीं हो पा रहा है। हालांकि भारतवर्ष में केंद्र सरकार काफी मजबूत स्थिति में होते हुए इस आतंकवाद पर लगाम अभी तक भी नहीं लगा सकी है। अभी गत रोज ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा एक धमाके में हमारे दो सैनिक शहीद हो गए हैं। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र में शक्तिशाली सरकार के 10 साल पूरे होने पर भी आतंकवाद के विरुद्ध कोई भी उचित कदम नहीं उठा पाए जिससे कि आंतकवाद के ऊपर लगाम लग सके।

हालांकि भारत सरकार ने जम्मू कश्मीर में आरटीकल 370 तथा 35 ए को अगस्त 2019 में हटाकर तथा जम्मू कश्मीर को दो भागों में विभाजित करके इस ओर कदम तो उठाए, लेकिन उससे भी आतंकवाद की समस्या के ऊपर कोई भी लगाम नहीं लग सकी है।

**कड़े कदम उठाने की जरूरत:**कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि पुलवामा की घटना भारत के इतिहास में एक बहुत ही टर्निंग पॉइंट है जिसने आतंकवाद के विरुद्ध लड़ने की पुरानी विचारधारा को बदल कर रख दिया था। आज के दिन सरकार से यही आग्रह किया जा सकता है कि वह पाकिस्तान द्वारा संचालित भारतवर्ष के विरुद्ध चल रहे गुप्त आतंकवाद के ऊपर कड़े कदम उठाए।

**शहीदों को नमन:**कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि आज के दिन हम अपने संगठन की तरफ से सभी उन सीआरपीएफ के 40 शहीदों को अपने पूर्व सैनिक आर्गेनाइजेशन के हर मेंबर की तरफ से सलाम व नमन करते हैं। पूरा भारत वर्ष उन बहादुरों तथा उनके परिवार के लिए हमेशा हमेशा ऋणी रहेगा, जिनकी वजह से हम आज सुरक्षित हैं इन्हीं बहादुरों में से एक कांस्टेबल तिलक राज जिला कांगड़ा के जवाली क्षेत्र का भी था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# ईश्वरीय प्रेम में मगन होकर मनाएं वेलेंटाइन डे

कलियुग में मनुष्य एक दूसरे से प्रेम के न सिर्फ वादे करते हैं, बल्कि यह दावा भी करते हैं कि वे ही सबसे अधिक प्रेम करते हैं। वेलेंटाइन दिवस पर युवकों व युवतियों का एक दूसरे के साथ प्रेम का इजहार करना, अब केवल पश्चिमी देशों की बात ही नहीं रह गई है। अब हमारे देश में भी इस प्रकार के दिवस धड़ल्ले से मनाए जाते हैं।



लेखक : यश गोरा,
योल कैंप ( हि. प्र. )

प्रेम यदि वास्तविक एवं निस्वार्थ भाव के साथ किया जाए, तो इससे बढ़कर कोई वरदान नहीं है, परंतु जब यह मात्र आकर्षण या इच्छा पूर्ति का पर्याय हो, तो थोड़ा संभल जाना चाहिए, क्योंकि इस प्रकार का प्रेम समय के साथ फीका होता जाता है। नई युवा पीढ़ी सिनेमा जगत से प्रभावित होकर वास्तविक जीवन में भी उसकी नकल करने का भरसक प्रयास करती है और एक दूसरे की शारीरिक सुंदरता पर मोहित हो जाती है। जिसे वह प्रेम समझने की भूल कर बैठती है। ऐसे में उस समय तो वे स्वयं को प्रेमी जोड़े समझ कर आगे बढ़ जाते हैं और अपने माता-पिता के समक्ष विद्रोह कर देते हैं, परंतु कालांतर में जब उन्हें इस बात का एहसास होता है, तो समय काफी आगे निकल चुका होता है।

ऐसे में या तो व्यक्ति के हाथ पछतावा लगता है या परिवार में क्लेश उत्पन्न हो सकता है। वास्तव में देहभान में आकर या देह अभिमान के वशीभूत होकर व्यक्ति जब प्रेम का दावा करता है, तो वह मात्र किसी इच्छा की पूर्ति के लिए होता है, निस्वार्थ प्रेम नहीं। यदि सूक्ष्मता से देखा जाए तो ईश्वरीय प्रेम के अतिरिक्त कोई भी ऐसा प्रेम नहीं है, जो निस्वार्थ भाव के साथ किया जाए, बल्कि और भी अधिक गहनता से अवलोकन किया जाए, तो इसके भी दो प्रकार हैं। एक प्रेम तो वह है, जो मनुष्य ईश्वर से करता है और एक वह शाश्वत प्रेम है जो ईश्वर हर मनुष्य से करता है। मनुष्य जब भगवान से प्रेम करता है, तो इसमें भी कोई न कोई इच्छा समाई हो सकती है।




उदाहरणतया वह किसी पद-प्रतिष्ठा, धन, वस्तु या मनुष्य से प्रेम प्राप्ति का फल पाने के लिए यह सब कर सकता है, परंतु जो प्रेम ईश्वर अपनी संतानों के प्रति स्वयं करता है, वह पूर्णतय: निस्वार्थ प्रेम होता है, क्योंकि इस संपूर्ण सृष्टि का रचयिता किसी से भी किसी प्रकार के प्रलोभन की भला क्या इच्छा रख सकता है। वह तो सबको देने का कार्य करता है। लेने की इच्छा से वह परे है। जिसने भी उस ईश्वर का प्रेम पा लिया, उसका तो कल्याण ही हो गया। साथ ही जिसने स्वयं भी निस्वार्थ भाव से उस ईश्वर से प्रेम करना सीख लिया, वह भी भव सागर से पार हो गया। कहते हैं एक बार एक व्यक्ति अपने किसी मित्र के घर गया और जिससे मिलने गया था, वह व्यक्ति कहीं बाहर गया हुआ था। ऐसे में उसने उसके घर की कुछ वस्तुएं जैसे तस्वीरें, किताबें आदि उठा कर पैक कर दीं और उसके आने पर उसी की वस्तुएं उसे उपहार में दे दीं। सुनने में यह हास्यात्मक लगता है, परंतु हम स्वयं भी ऐसा ही करते हैं। ईश्वर की ही वस्तुएं ईश्वर को देकर अहंकार से भर जाते हैं। हालांकि गाते भी हैं, ‘तेरा तुझको अर्पण...’ परंतु समझते नहीं हैं। यदि समझते तो बंगला, गाड़ी, धन-संपत्ति इस सब का अहंकार नहीं करते। ये सब तो उसी परमात्मा ने हमें प्रदान की हैं। जिन व्यक्तियों ने इन सब बातों को समझ लिया, वे या तो बुद्ध हो गए या प्रह्लाद। तुलसीदास हो गए या मीरा बाई। अर्थात ईश्वरीय प्रेम में खो गए।

यही एकमात्र ऐसा प्रेम है, जिसमें कुछ पाने की इच्छा नहीं होती, बल्कि प्रेमी स्वयं को भी खो देता है। उसे न तो किसी प्रकार का प्रलोभन रोक सकता है और न ही किसी प्रकार का भय विचलित कर सकता है। यही कारण था कि बिना किसी भय के भरी सभा में मीराबाई ने जहर का प्याला पी लिया था और भक्त प्रहलाद ने ईश्वर प्रेम की खातिर अग्नि की भेंट चढ़ जाना सहर्ष स्वीकार कर लिया था। ईश्वरीय प्रेम के ऐसे अनेक उदाहरण इतिहास में मौजूद हैं, जो हमे बताते हैं कि प्रेम की वास्तविक परिभाषा क्या है। हम जिस दुनियावी प्रेम के पीछे भागते हैं, वह तो मात्र छलावा है। जो हमें सर्वाधिक प्रेम करता है, हम उसे भूल गए हैं और प्रेम की तलाश में भटक रहे हैं। उल्टा हम अपने दुखों के लिए उसे ही कोसते हैं और समझते हैं कि हमें जो दु:ख तकलीफ मिलती है, वह हमें उसके द्वारा प्रदान की जाती है।

वास्तव में जिसे मनुष्य प्रेम समझता है, उस की परिभाषा भी नहीं समझता। वह सदा पाने की इच्छा रखता है, जबकि प्रेम में पाने के बजाए स्वयं तक को भी खो देना होता है। प्रेम लेने का नहीं, देने का नाम होता है। प्रेम संपूर्ण समर्पण होता है। न तो यह शरीर के प्रति आकांक्षा होती है और न ही यह लेने-देने से संबंधित कोई व्यापार होता है। इसलिए जब भी प्रेम करो तो उस प्रेम में सबकुछ भूला दो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रयागराज** के महाकुंभ में, संगम में, पवित्र और आस्थामय स्नान करने गए, उन्हें ‘अति विशिष्ट’ का आतिथ्य दिया गया। एक अलग सड़क उनकी आवाजाही के लिए तय की गई, उन्हें भीड़ के महाजाम में फंसना नहीं पड़ा, हमें इस स्थिति पर कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि वे भारत के ‘प्रतीक चेहरे’ हैं। सवाल उन वीआईपी टिकटों पर है, जिनकी बंदरबांट की गई, जिन्हें ऐसा रुतबा हासिल नहीं है और न ही संविधान में उनका कोई प्रावधान है। महाकुंभ तथा आसपास के क्षेत्रों में 25-35 किलोमीटर या उससे भी अधिक का महाजाम श्रद्धालुओं को ‘त्राहि माम’ करने पर विवश करता रहा, तो उस स्थिति पर सवाल भी उठेंगे और बदइंतजामी की आलोचना भी की जाएगी। भारत में अघोषित और वर्गीकरण के तौर पर करीब 10 लाख ‘वीआईपी’ हैं। एक भारत उनका है और दूसरा भारत कीड़े-मकौड़ों की उस महाभीड़ का है, जो देश की सत्ता तो चुनते हैं। **रमन,अनसोली**

# परीक्षा पर चर्चा विशेष : हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

‘परीक्षा पर चर्चा’ 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ‘पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।’



लेखिका : प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से संबंधित तनाव कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेत्री), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यवहारिक विचार साझा किए।

10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की।

यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50 प्रतिशत छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं, छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



उन बच्चों का क्या होता है जो स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएं। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा भगवान ने हमारी कुछ खामियां भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले।

यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्यतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएं बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है।हालांकि, मेरी सलाह है कि चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरुआत करें, क्योंकि इससे आपका दिमाग साफ रहेगा और आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल पाएंगे। बाद में जब आपका दिमाग थक जाएगा, तो सरल प्रश्नों का उत्तर देना आपके लिए आसान भी होगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सरोजिनी नायडू को ही कहते हैं बुलबुल- ए- हिंद और कोकिल- ए- हिंद

जी हां,हिंद की बुलबुल या भारत की कोकिला कहलाने वाली यह महान हस्ती और कोई नहीं हमारी वीरांगना, स्वतंत्रता सेनानी,जन सेविका व कवयित्री सरोजिनी नायडू ही है।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

बुलबुल और कोकिल की मधुर वाणी वाली सरोजिनी नायडू का जन्म हैदराबाद में एक बंगाली परिवार के यहां 13 फरवरी ,1879 को हुआ था। सरोजिनी नायडू की माता का नाम श्रीमती वारदा सुंदरी देवी था जो कि एक अच्छी लेखिका,कवि व नर्तकी भी थी, पिता का नाम डॉक्टर अघोर नाथ चट्टोपाध्याय था और वह हैदराबाद निजाम कॉलेज के प्रिंसिपल थे। सरोजिनी के अपने दो भाई व एक बहन भी थी। मद्रास से मैट्रिक परीक्षा प्रथम स्थान के साथ,पास करने के पश्चात वह उच्च शिक्षा के लिए निजाम की छात्रवृति (प्रथम स्थान प्राप्त करने के कारण)से इंग्लैंड चली गई और वहां पर उसने कैंब्रिज विश्वविद्यालय व ग्रिटन कॉलेज कैंब्रिज से शिक्षा प्राप्त की। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी गणित



या विज्ञान में उच्च शिक्षा प्राप्त करे, लेकिन बेटी की रुचि उधर साहित्य में कविता लिखने की ओर हो गई थी।

इंग्लैंड में ही साहित्य की रुचि के कारण उसका परिचय वहां के बड़े-बड़े लेखकों से होने लगा था, उसके परिचय में वहां के प्रसिद्ध व जाने माने कवि आर्थर साइमन व एडमंड गोडसे शामिल थे। जिनसे उसने कई एक कविता लेखन की बारीकियां सीख कर कविता लेखन शुरू कर दिया था। अपनी 12 वर्ष की आयु में ही उसने ‘लेडी ऑफ द लेक’ शीर्षक से कविता लिख कर विशेष नाम अर्जित कर लिया था।

सरोजिनी नायडू की कविताओं में देश भक्ति, त्रासदी, जोश, गहर गंभीर विचार, बाल जीवन की अभिलाषाएं व क्रांतिकारी विचार देखे जा सकते हैं। सरोजिनी की अपनी मधुर वाणी और कोमल व शांत सुंदर गायन आदि के कारण ही तो राष्ट्र पिता महात्मा गांधी ने उसे भारत कोकिला व बुलबुल ए हिंद का उपनाम दिया था। इन्हीं सभी खूबियों के कारण ही तो सरोजिनी को नाइटिंगेल के नाम से भी तो पुकारा जाता था। वर्ष 1898 में 15 वर्ष की आयु में सरोजिनी नायडू का अंतरजातीय विवाह डॉक्टर गोविंद राजुलू से कर दिया गया था, जिसके लिए सरोजिनी के पिता ने भी कोई आपत्ति नहीं की थी। सरोजिनी के कविता लेखन की रुचि के साथ ही साथ उसे समाज सेवा, स्वतंत्रता आंदोलनों, महिला आंदोलनों आदि में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने की जिज्ञासा रहती थी। तभी तो वर्ष 1905 में, बंगाल विभाजन के समय वह उस आंदोलन में सबसे आगे थी, महिलाओं के प्रति इनकी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए, इनकी जयंती को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वहीं 13 फरवरी,1964 को इनकी याद में भारतीय डाक तार विभाग द्वारा 15 पैसे का टिकट भी जारी किया था। एक क्रांतिकारी वीरांगना, स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री स्वर कोकिला व जन सेविका सरोजिनी नायडू के प्रति यही तो असली श्रद्धांजलि है। हम सभी देश वासियों की ओर से स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू को शत शत नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बजरंग दल सुंदरनगर का त्रिशूल दीक्षा समारोह 16 को

**उमेश, सुंदरनगर।** विश्व हिंदू परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर में बजरंग दल के एकत्रीकरण एवं त्रिशूल दीक्षा समारोह का 16 फरवरी को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर बीएसएल कॉलोनी में आयोजन किया जा रहा है। इसमें 150 से अधिक कार्यकर्ताओं को दीक्षा देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विश्व हिंदू परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के जिलाध्यक्ष रोहताश वर्मा एवं सेवानिवृत्त कैप्टन महेंद्र सिंह राणा और बजरंग दल के जिला सह संयोजक जितेश चंदेल ने बताया कि हिंदू समाज को बांटने की साजिश चल रही है। समाज को एकजुट करने के लिए बजरंगदल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि बजरंग दल सुंदरनगर के त्रिशूल दीक्षा समारोह का श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर बीएसएल कॉलोनी में 16 फरवरी दोपहर एक बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विश्व हिंदू परिषद इंद्रप्रस्थ क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा, मातृशक्ति प्रांत संयोजिका रजनी ठाकुर और बजरंग दल के प्रांत सह संयोजक चंदन ठाकुर हैं। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों को भी आमंत्रित किया गया है।

### जागरण में मां की महिमा का किया गुणगान

**आदर्श, नेरचौक।** खंडपीठ मां हाटेश्वरी के मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर मां के दर्शन किए व प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व मंगलवार रात को विशाल जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचली कलाकार राजा राजू, कुसुम जस्सी ने मां की महिमा का गुणगान कर शुरुआत में श्रद्धालुओं शमा बांधा उपरांत उसके मुख्य कलाकार के रूप में हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल और रंजना रघुवंशी की ने मां के भक्तों को एक से बढ़कर एक गाने गए जिससे पंडाल में उपस्थित सभी भक्तजन नाचने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल कोऑपरेटिव बैंक निदेशक लाल सिंह कौशल ने किया दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य जागृति राणा, ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान, कांग्रेस एससी विभाग के संयोजक सिद्धू राम भारद्वाज, दियारगी पंचायत के प्रधान बालक राम आदि मौजूद रहे।

### जोगिंद्रनगर आईटीआई में रक्तदान शिविर 15 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में 15 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। आईटीआई प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने लोगों से अपील की है कि इस पुनीत कार्य में भाग लें और जरूरतमंद मरीजों की सहायता करें। व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

### ओपीएस लागू करने और एरियर भुगतान की मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशन फॉर्म इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक इकाई अध्यक्ष इंजीनियर एसके ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन इकाई महासचिव एनआर वर्मा ने किया। बैठक में बोर्ड की हालिया गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिसमें चूल्ला परियोजना में विद्युत उत्पादन शुरू होने की जानकारी साझा की गई। बैठक में वक्ताओं ने सरकार और बोर्ड प्रबंधन से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को जल्द लागू करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हर विशेष सभा में ओपीएस देने की बात करते हैं, लेकिन बिजली कर्मचारियों को अभी तक इसका लाभ नहीं मिला है। अध्यक्षीय भाषण में इकाई अध्यक्ष एसके ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्देशों के अनुसार आगामी रणनीति के लिए तैयार रहना होगा।

### संत रविदास जी ने प्रेम और भाईचारे की दी शिक्षा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर ।** भराडू के गड्हूही में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में रविदास सभा द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा के प्रधान रूप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक प्रकाश राणा ने संत रविदास जी के जीवन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने समानता, प्रेम और भाईचारे की जो शिक्षा दी, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, मंडल महासचिव शक्ति राणा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष प्रताप सिंह, रविदास सभा के वरिष्ठ सदस्य लोभी राम, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सोनिया बड़वाल सहित आदि उपस्थित रहे।(अनंत ज्ञान)

### जल और जलवायु पर ऑनलाइन व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 'वाटरमैन ऑफ इंडिया' और रमन मैगसेसे पुरस्कार विजेता डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इसमें 'जल, महिलाएं, कल्याण और जलवायुः एक सतत भविष्य' पर चर्चा की गई। डॉ. राजेंद्र सिंह ने जल संकट, जल संरक्षण, महिलाओं की भूमिका और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल संकट एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है और इसके समाधान के लिए समुदाय आधारित जल प्रबंधन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वन संरक्षण और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे परिवार और समाज के जल प्रबंधन में एक अहम योगदान देती हैं। व्याख्यान के दौरान डॉ. सिंह ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न राज्यों में जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की सफलता के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. उरसेम लता व सहायक प्रोफेसर रतन नेगी भी उपस्थित रहे।

### आईआईटी मंडी को मिला 85 हजार डॉलर का दान



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी को अमेरिका में रहने वाले परोपकारी और आईआईटी रुड़की के गौरवशाली पूर्व छात्र मोहिंदर एल. नय्यर से 85,000 अमेरिकी डॉलर का उदार दान प्राप्त हुआ है। यह दान आईआईटी मंडी डीओआरए कार्यालय द्वारा अमेरिका स्थित किसी परोपकारी से प्राप्त अब तक का सबसे बड़ा योगदान है, जो संस्थान के लक्ष्य को साकार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह राशि आईआईटी मंडी एंडोमेंट फंड की स्थापना के लिए उपयोग की जाएगी, जो शोध की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, जरूरतमंद छात्रों की सहायता करने और उच्च शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस राशि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नय्यर, आईआईटी मंडी और आईआईटी रुड़की फाउंडेशन के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसका उद्देश्य अकादमिक विकास को बढ़ावा देना और संस्थान के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा और डीन, संसाधन सृजन एवं पूर्व छात्र संबंध प्रो. वरुण दत्त ने इस महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि परोपकारी सहयोग आईआईटी मंडी को एक विश्वस्तरीय नवाचार और ज्ञान सृजन केंद्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। आईआईटी मंडी ने नय्यर के इस उदार योगदान और शिक्षा व शोध के प्रति उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई की दरकार

**अनिल शर्मा, मंडी**

नशे के खिलाफ दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं वेब टीवी का नशे के खिलाफ सार्वभौमिक अभियान अब समाज के सहयोग के लिए सीढ़ियां चढ़ता जा रहा है। अनंत ज्ञान का यह महाअभियान जन जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। हरेक स्कूल में नशे के खिलाफ अभियान में विद्यार्थी उमड़ पड़े हैं।

बता दें कि यह अभियान पूरे वर्ष भर चलता रहेगा। पिछले 60 दिनों में 25 से अधिक युवाओं की मौत और सैकड़ों नशा तस्करों के मामले इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि नशे के सौदागर बेखौफ अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। बिना समाज की भागीदारी के यह अभियान सफल नहीं हो सकता है। गांव में किलेबंदी कर नशा तस्करों को पकड़ कर पुलिस के हवाले करना जरूरी हो गया है। ऐसा ही वाकया नेरचौक में भी देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने नशा तस्करों की पिटाई कर डाली। अब सवाल यह उठता है कि ग्रामीणों को कानून तोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कड़ी कार्रवाई न करना समाज के लिए नासूर बन गई है और दर्जनों काल का ग्रास बने युवाओं के अभिभावक चीख चीख कर पुलिस से नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई मांग रहे हैं। अब देखना यह है कि पुलिस का बेरहम दिल नशा तस्करों की कमर तोड़ता है या कार्रवाई के नाम पर छोटे छोटे उपयोगकर्ताओं को ही पकड़ता है, लेकिन अब समाज पुलिस का बख्शने के मूड में बिलकुल नहीं है।(अनंत ज्ञान)

नशे के खिलाफ अनंत ज्ञान का महाअभियान

**पुलिस से सवाल पूछने लगे लोग, आखिर तस्करों की कमर क्यों नहीं टूट रही**


डीएवी स्कूल जवाहर नगर मंडी के विद्यार्थी नशे के खिलाफ बनाई पेंटिंग दिखाते, साथ हैं प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया व अन्य।


सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थी प्रधानाचार्य के साथ।


राजकीय विजय बाल पाठशाला मंडी के छात्र व स्कूल प्रधानाचार्य।

# चिट्टा माफिया की अब नहीं खैर एसआईटी गठित करने की प्रक्रिया शुरू

## डीएसपी बोले-स्कूल से लेकर पंचायत स्तर तक नशा माफिया के खिलाफ होगा कार्य

**उमेश, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर में चिट्टा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी गठित कर रही है। इस टीम का कार्य विशेष रूप से हेरोइन तस्करों के खिलाफ कार्य करना और कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाना होगा।

'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र से विशेष वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि सुंदरनगर क्षेत्र में हेरोइन माफिया के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस हेरोइन मामलों को लेकर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी का गठन कर रही है।



**सामाजिक सहभागिता से होगा नशे का खात्मा : डीएसपी**

**डीएसपी** भारत भूषण ने कहा कि नशे के काले कारोबार को समाप्त करने के पुलिस को समाज की सहभागिता की बहुत जरूरत है। क्षेत्र में मौजूद पार्क, श्मशानघाट, खड्डों सहित अन्य एकांत स्थलों पर लोगों को नजर बनाए रखनी होगी। लोगों को इन स्थानों पर कोई भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी जानकारी पुलिस के साथ तुरंत सांझा की जाए।

सुंदरनगर के डीएसपी भारत भूषण

**विशेष बातचीत**

**स्पेशलाइज्ड फोर्स के तौर पर हेरोइन तस्करों के खिलाफ कार्य करेगी एसआईटी**

एसआईटी हेरोइन माफिया के खिलाफ जांच कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। एसआईटी का कार्य हेरोइन माफिया के पीछे कौन से लोग हैं और वे कैसे अपना नेटवर्क चलाने की जानकारी जुटाना भी रहेगा।

उन्होंने कहा कि चिट्टे के प्रसार को लेकर सूत्रों से जानकारी प्राप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस स्कूल और पंचायत स्तर से चिट्टे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसमें पंचायत स्तर पर वार्ड मेंबर से प्रधान पद तक के लोगों की टीम बनाकर क्षेत्र में नशे के व्यापार पर नजर रखने और पुलिस को जानकारी देने के लिए जागरूक किया जाएगा।

भारत भूषण ने कहा कि स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस नशा विरोधी कार्यक्रम भी लगातार आयोजित कर रही है। गौरतलब है कि चिट्टे के बढ़ते मामले सामने आने से प्रशासन और पुलिस की चिंताएं बढ़ गई हैं। एसआईटी का गठन उपमंडल सुंदरनगर में हेरोइन माफिया के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए किया जा रहा है। हेरोइन माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्पेशलाइज्ड फोर्स के तौर पर एसआईटी का गठन एक महत्वपूर्ण कदम है। (अनंत ज्ञान)

**गो हत्या मामला : एसआईटी कर रही जांच**

# आरएफएसएल से आने वाली रिपोर्ट पर टिकी पुलिस की नजर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत भौर के गांव हलेल में गो हत्या की जांच को लेकर पुलिस ने 7 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी गठित की है। टीम ने घटनास्थल के साथ लगते क्षेत्र में लगभग 500 लोगों से पूछताछ की है।

डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने कहा कि जांच में जुटी एसआईटी के पुलिसकर्मी लगातार पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। वहीं क्षेत्र में लगे लगभग 10 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी पुलिस टीम खंगाल रही है। पुलिस ने जांच के दौरान 3 संदिग्ध लोगों के डीएनए सेंपल जमा कर जांच के लिए आरएफएसएल मंडी भेजे गए हैं। पुलिस ने मौके के आस-पास एक्टिवेट मोबाइल और फोन डंप डाटा को भी उठाया गया है। मामले में पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच को अमल में लाई जा रही है और किसी भी पर संदेह होने पर उससे पूछताछ की जा रही है। भारत भूषण ने कहा कि आरएफएसएल से डीएनए सैंपलिंग की रिपोर्ट आने के बाद उसमें जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर जांच में फोकस किया जाएगा।

बता दें कि बीते 4 फरवरी को सुंदरनगर की ग्राम पंचायत भौर के गांव हलेल में शिकायतकर्ता राम कृष्ण पुत्र चीमड़ू राम की गोशाला में बंधी उसकी गाय की हत्या का मामला सामने आया था।

पुलिस ने प्रारंभिक जांच को अमल में लाते हुए मौके का निरीक्षण फोरेंसिक टीम और मृत गाय का पोस्टमार्टम पशु विभाग के 3 चिकित्सकों की टीम से कराया गया है। पुलिस की जांच अभी जारी है और जल्द ही आरएफएसएल से रिपोर्ट आने के बाद मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# नाचन के विधायक मर्यादा में रहकर करे बयानबाजी : कौशल

**आदर्श यादव, नेरचौक**

राज्य सहकारी बैंक के निदेशक लाल सिंह कौशल ने नाचन के विधायक पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जल शक्ति विभाग में कार्यरत एक मल्टीटास्क वर्कर को अपने कार्यालय में पीए बनाया है। साथ ही उसे घर का काम भी करवाया जा रहा है।

लाल सिंह ने आरोप लगाया है कि जब से यह नौकरी लगा है तब से वह विधायक नाचन के पीए का कार्य करता है और विधायक के घर में रहकर घर के अन्य कार्य में भी हाथ बटाता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वह एक दिन भी ड्यूटी नही गया है। कौशल ने कहा कि अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग बग्गी के संज्ञान में यह वाक्या आया और उन्होंने उसको अपने कार्यालय में तैनात कर दिया है। कौशल ने कहा कि विस के अंदर विधायक विनोद अनाप शनाप बयानबाजी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के कार्यकाल में नाचन में जितनी भी सड़कें बनी है उनका कोई एफआरए और एफसीए नहीं बनाया गया है। कौशल ने कहा कि विधायक मर्यादा में रहकर बयानबाजी करें।(अनंत ज्ञान)

## मारपीट को लेकर क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में मारपीट को लेकर क्रॉस दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में राजू पुत्र रिडकू राम निवासी गांव दवारडू डाकघर कांगू तहसील सुंदरनगर ने कहा कि दीवार पर पलस्तर करा रहा था। इस दौरान दिल्ला राम उसके मकान के पास आया और गाली-गलौज करने लगा, जिसके बाद मारपीट की।

जबकि दिल्ला राम ने थाना में दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि उसके लड़के के साथ राजू ने मारपीट की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए करवाया हवन-यज्ञ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी द्वारा महर्षि दयानंद जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। विदित रहे कि महर्षि दयानंद की जयंती हर वर्ष 12 फरवरी को मनाई जाती है।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों की बेहतरीन परीक्षाओं के लिए गुड लक हवन करवाया गया। इस हवन में प्रधानाचार्य, अध्यापक व कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं सहित सभी विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

वेद मित्र शास्त्री द्वारा वेद मंत्रों उच्चारण से समस्त प्रांगण गुंजायमान हो गया। पूर्णाहुति द्वारा ईश्वर से विश्व कल्याण की कामना की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा मंत्र उच्चारण प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आर्य समाज के नियम, श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी है।

प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने कहा कि युग पुरुष महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के महान पुरुष रहे हैं, जिन्होंने समाज में फैली कुप्रथाओं का अंत कर हमें बेहतरीन भारत प्रदान किया। उन्होंने यह भी कहा कि डीएवी संस्थान महर्षि के दिखाए गए मार्ग पर चलता है। अतः हमें महर्षि के विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।


महर्षि दयानंद की जयंती के उपलक्ष्य पर हवन-यज्ञ करते हुए।


# गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलकर होगी तरक्की : चमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ग्राम पंचायत बड़सू में स्थित श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा बड़सू में ग्रामीण क्षेत्र में जिला स्तरीय छोटी श्री गुरु रविदास महाराज की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री गुरु रविदास की मूर्ति स्थापित की गई। वहीं कार्यक्रम में समस्त ग्रामीणों ने सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने श्री गुरु रविदास द्वारा वर्णित शब्द ऐसा चाहौं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ों सभ सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न के अनुसार समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा ली। कार्यक्रम भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। कृषि विभाग व स्थानीय ग्राम पंचायत के सौजन्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान बतौर मुख्यातिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही ने संबोधित करते हुए कहा कि देश व भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए श्री गुरु रविदास द्वारा बताई गई गाथाओं के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर कृषि विभाग के एसएमएस डा. चौधरी राम, ग्राम पंचायत प्रधान गोविंद वर्धन, बल्ह सुधार सभा के अध्यक्ष यशवंत गुलेरिया, रामचंद्र सेवा समिति अध्यक्ष देवी रूप सैनी, पिछड़ा वर्ग के संयोजक कैप्टन बिहारी लाल नायक सहित अन्य उपस्थित रहे।


जयंती के दौरान उपस्थित ग्रामीण व पदाधिकारी।

## एक आरोपी से 95 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पुलिस ने 95 ग्राम चरस बरामद कर ग्राम सिउरी, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी निवासी शिशुपाल को गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार आरोपी नशे की तस्करी में संलिप्त है। कार्रवाई के दौरान उसके पास से 95 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जोगिंद्रनगर पुलिस ने आम जनता से आग्रह किया है कि यदि वे नशे से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि को देखें, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# गुरु रविदास के आदर्शों पर करें समाज का निर्माण : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जंवाल ने बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में भाग लिया।

राकेश जम्वाल ने कहा कि संत गुरु रविदास ने समाज को समरसता, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात, भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और लोगों को प्रेम, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया। हमें भी उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए जात-पात से ऊपर उठकर समाज की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संत गुरु रविदास के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने हमेशा दलित, वंचित एवं पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सभी वर्गों की उपेक्षा कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं को ढंग से लागू नहीं कर रही है।

**विरोध** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स कर 700 पदों को समाप्त करने पर विरोध, कहा–

# मांगें न मानी तो सड़कों पर उतरकर करेंगे संघर्ष

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की विशेष बैठक सुकेत सिनेमा परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष केएस जम्वाल की और विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त इंजीनियर्ज, अधिकारियों व कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया।

बैठक के दौरान हिमाचल सरकार द्वारा विद्युत बोर्ड के युक्तीकरण के नाम पर कर्मचारी व इंजीनियर्स के 700 पदों को समाप्त करने का कड़ा संज्ञान लिया गया और इसके विरोध में विद्युत बोर्ड के कर्मचारी, इंजीनियर्स व पेंशनर्स के ज्वाइंट फ्रंट द्वारा जारी संघर्ष को भरपूर समर्थन देने का निर्णय लिया। विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर ने सर्वसम्मति से प्रशासन की ओर से शीघ्र ही ज्वाइंट फ्रंट के पदाधिकारियों को बुलाकर विभाग के कार्यरत कर्मचारियों, इंजीनियर्स और पेंशनर्स में व्याप्त आक्रोश को समाप्त करने की पहल करने को लेकर मुख्यमंत्री को चेताया है।

वहीं फोरम ने मांगें नहीं मानने पर परिवारों सहित सरकार के विरोध में सड़कों पर उतरकर संघर्ष को तेज करने पर विवश होने की चेतावनी दी है।

ईकाई अध्यक्ष केएस जम्वाल व महासचिव सोहन सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को 2016 से संशोधित वेतनमान के अनुरूप उनके लीव एनकैशमैंट, ग्रेच्युटी तथा डीए एवं अन्य एरियर्स का भुगतान नहीं हुआ है। जल्द करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।



बैठक के उपरांत मौजूद विद्युत बोर्ड पेंशनर्स के सदस्य।

## मारपीट मामले में फरार आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी चच्योट स्थित गोहर के न्यायालय में विचाराधीन मारपीट मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मंडी जिला के बालीचौकी क्षेत्र के गांव वसुंगी से गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना औट के हवाले कर दिया है।

आरोपी की पहचान जय चंद पुत्र भूप सिंह निवासी गांव वसुंगी बालीचौकी के तौर पर हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में पुलिस थाना औट में मारपीट का एफआईआर दर्ज किया था। मामले की पुष्टि एसपी मंडी साक्षी वर्मा द्वारा की गई है।

# पांच माह से नहीं मिली विधायक निधि : प्रकाश राणा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

भाजपा विधायक प्रकाश राणा ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीनों से उनकी विधायक निधि जारी नहीं की गई, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य ठप हो गए हैं। राणा ने डीसी मंडी पर भी तीखे सवाल उठाए और सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल की जनता को ठग रहे हैं।

विधायक ने कहा कि सरकार लगातार कर्ज ले रही है, जिससे आर्थिक बोझ पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि सरकार की नीतियां आर्थिक स्थिति को और खराब कर रही हैं, जिससे विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है।(अनंत ज्ञान)


भाजपा विधायक प्रकाश राणा प्रेस वार्ता करते हुए।

### दिल्ली चुनाव जीतने पर पीएम मोदी को बधाई

**प्रकाश** राणा ने हाल ही में हुए दिल्ली विधानसभा में बीजेपी की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता का पीएम मोदी पर अटूट विश्वास दर्शाती है।

### सरकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं, जनता के लिए लड़ूंगा

**प्रेस** वार्ता के अंत में विधायक राणा ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही विधायक निधि जारी नहीं की गई, तो वे इसके खिलाफ बड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि जनता के हित के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

# संत गुरु रविदास की शिक्षाओं को आत्मसात करने की आवश्यकता : मुकेश अग्निहोत्री

## गोंदपुर जयचंद बस्ती में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गोंदपुर जयचंद में संत गुरु रविदास की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर नौजवान सभा गोंदपुर जयचंद द्वारा आयोजित किए गए समारोह में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने अपने जीवनकाल में समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारे के सिद्धांतों को बढ़ावा दिया था। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें एकता, समरसता और सामाजिक न्याय की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती हैं। हमें उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज को संत गुरु रविदास की सकारात्मक शिक्षाओं पर चलने की आवश्यकता है, जिससे आदर्श समाज का निर्माण किया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता से धार्मिक स्थलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में मंदिरों के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास मंदिर भदसाली को 50 लाख रुपए, सलोह के लिए 25 लाख रुपए, धनपुर के लिए 15 लाख रुपए, पंजावर के लिए 15 लाख रुपए, बालीवाल के लिए 15 लाख रुपए, ललड़ी के लिए 25 लाख रुपए और श्रीचरणो मंदिर बडेड़ा के लिए 15 लाख रुपए दिए हैं। इसके साथ, हरोली में संत गुरु रविदास मंदिर की सराय निर्मित करने के लिए 10 लाख रुपए दिए है।


उपमुख्यमंत्री ने गोंदपुर जयचंद में गुरु रविदास की जयंती समारोह में की शिरकत।

उन्होंने कहा कि बाबा सिद्ध जलंधरी के लिए 25 लाख प्रदान किए गए हैं और बीटन की कुटिया निर्माण के लिए 25 लाख रुपए दिए हैं। संत बाबा डांगू वाले को 25 लाख रुपए दिए हैं। सलोह में कुटिया के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि जारी की है। बाबा बाल जी के मंदिर के लिए 25 लाख रुपए जारी किए हैं। बनोडे महादेव मंदिर भडाला के लिए 25 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इसपुर में पांच करोड़ रुपए की लागत से शीतला मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। दमामियो मंदिर की सड़क के लिए 8 करोड़ रुपए जारी किए हैं। दुलैहड़ में रवि दास मंदिर के लिए 25 लाख रुपए जारी किए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने गोंदपुर जयचंद में नवनिर्मित वर्षाशालिका के नजदीक सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है और हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की जनसहभागिता से बाथु में 70 करोड़ रुपए की लागत से सिंचाई परियोजना निर्मित की जा रही है। जल शक्ति विभाग में क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में मंच का संचालन कर रही बेटियों को प्रोत्साहन प्रदान करते हुए 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा उपमुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोंदपुर जयचंद पंचायत के प्रधान अनूप अग्निहोत्री, उपप्रधान करनेल सिंह, डॉ. भीमराव अंबेडकर नौजवान सभा के प्रधान जगमोहन सिंह, उपप्रधान परमजीत सिंह, पुबोवाल के पूर्व प्रधान बाबा संतोष दास व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# न्यूज ब्रीफ

## सूखा पेड़ दे सकता है हादसे का न्योता



विवेक शर्मा, अंब। बढ़ुही बाजार में स्थित एक सूखा पेड़ जो कई वर्षों से खड़ा है, अब लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है। बाजार के बीचों-बीच इस पेड़ की स्थिति इतनी जर्जर हो गई है कि यह कभी भी गिर सकता है। स्थानीय निवासी और दुकानदारों का कहना है कि सूखा पेड़ भारी बारिश या तेज हवाओं के दौरान गिर सकता है, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों और आसपास के दुकानदारों को गंभीर चोटें आ सकती हैं। इस पर वन विभाग के डीएफओ का कहना है कि हमने इस पर मार्किंग कर के सात्वेज अलॉट में डीएम कॉरपोरेशन हमीरपुर को भेज दिया है और वह ही कटवाने की प्रकिया को अंजाम देते हैं। आगे अभी क्या प्रकिया चल रही है, यह डीएम कॉरपोरेशन हमीरपुर ही बता सकते हैं। डीएम कॉरपोरेशन हमीरपुर से बात नहीं जो पाई। (अनंत ज्ञान)

## ठठल में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

अनंत ज्ञान, जोल। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की ठठल पंचायत के मोनू वॉलीबाल आर्मी क्लब द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजयुमो उपाध्यक्ष सुमेश बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सुमेश बिट्टू ने कहा कि खेलें युवाओं और छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशा हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए आवश्यक है कि उनको खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा मंडलों और विभिन्न संस्थाओं को युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं की प्रतिभागिता उनमें सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर नंदपुर के बूथ अध्यक्ष यशपाल, मुकेश कुमार, रमन ठाकुर, सोमनाथ, जोगिंदर पाल राणा, कृपाल सिंह ठाकुर, सुदर्शन पटियाल, उपप्रधान चमन लाल, विनोद कुमार, किशोरी लाल, संजीव कुमार, शुभम कुमार, प्रधान धंदड़ी विजय कुमार, बुद्धि प्रकाश, मनीष कुमार पटियाल, जगदीश राम, विजय, राम सिंह, प्रेम सिंह, हरजीत सिंह, मणि कुमार, पप्पू और पुरुषोत्तम लाल, रजत सोनी और गुरपाल सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## गुरु रविदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

अनंत ज्ञान, संतोषगढ़। स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में जगत गुरु रविदास महाराज जी का 648वां प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। देर शाम चार बजे गुरु रविदास मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान संत ज्ञानानंद जी मौजूद रहे। शहरवासियों ने गुरुजी की पालकी में सुशोभित चित्र के आगे नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद लिया। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इससे पूर्व शनिवार सुबह प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य पर बीते एक सप्ताह से चली आ रही प्रभात फेरियों को विराम दिया गया। युवा श्रद्धालुओं ने मंदिर की भव्य गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा के समक्ष केक काटा। प्रकाश रत्नसागर के पाठ का भोग डाल झंडा रस्म अदा की गई। संत कमलजीत बाबी ने गुरु की महिमा का गुणगान संगत सहित करदो नाम दीवाना, हो रही है तेरी जय जयकार, मोहे न बिसारो जी मैं जन तेरा जैसी शब्द गायन किया। गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ़ के प्रधान एडवोकेट कुलविंद सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में वीरवार को विशेष रूप से दीवी सरकार चंदयानी शरीफ, संत ज्ञानानंद महाराज व प्रसिद्ध गायक मुकेश गोल्डी, रमेश महे व जोनी महे, भाई राजनदीप सिंह आनंदपुर वाले, एंड पार्टी गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में इस बार हर वर्ग ने शामिल होकर एकता और सद्भावना का संदेश दिया है।

# गुरु रविदास की जयंती पर गुरुद्वारा बल्ह खालसा में निशान साहिब रस्म अदा

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद।

राजेश ठाकुर, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा में संत श्री गुरु रविदास जी के 648वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा बल्ह खालसा में विशाल धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवभूमि ग्रुप के सीएमडी राजेंद्र वशिष्ठ मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा निशान साहिब की रस्म अदा की। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के प्रमुख बाबा कमलदास जी महाराज एवं सेवादार राजीव कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर मौजूद रहे।

गुरुद्वारा बल्ह खालसा में इस पावन अवसर पर निशान साहिब की रस्म अदा की गई, जिसे पूरे विधि-विधान और श्रद्धा भाव से संपन्न किया गया। राजेंद्र वशिष्ठ ने निशान साहिब को फहराने की रस्म अदा की और गुरु रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज में समानता, प्रेम और भक्ति का संदेश दिया और हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। गुरुद्वारे के प्रबंधक बाबा कमलदास जी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं मानवता के कल्याण के लिए प्रेरणादायक हैं। उनके उपदेश हमें सच्चाई, मेहनत और सद्भावना के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। सेवादार राजीव कुमार ने बताया कि गुरुद्वारा बल्ह खालसा में 14 फरवरी से गुरु आदि प्रकाश पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। यह पाठ निरंतर 48 घंटे तक चलेगा और 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे भोग डाला जाएगा। इसके बाद कीर्तन दरबार का आयोजन होगा, जिसमें कई प्रसिद्ध रागी जत्थे शब्द-कीर्तन करेंगे।

16 फरवरी को भोग के बाद विशाल कीर्तन दरबार सजाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से गुरु रविदास जी की वाणी का रसपान करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे से अटूट लंगर का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अनुसार, हर वर्ष गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां आकर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। 1990 के दशक से ही गुरुद्वारा बल्ह खालसा में हर गुरुवार और रविवार को श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया जाता है। इस सेवा में गुरुद्वारा के सेवादार और स्थानीय श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। (अनंत ज्ञान)

# संत गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलना हर व्यक्ति का कर्तव्य : विवेक


गुरु रविदास के 648वें जन्मोत्सव पर विवेक शर्मा ने विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने संत गुरु रविदास के 648वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने बसाल, रैंसरी, बॉल डगोली और टक्का गांवों में आयोजित इन कार्यक्रमों में शिरकत की और संत गुरु रविदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

विधायक विवेक शर्मा ने इस दौरान कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन और शिक्षाएं हमें सत्य, अहिंसा और समानता का संदेश देती हैं। उनके बताए मार्ग पर चलना हमारा धर्म है, जिससे समाज में भाईचारे और समरसता का वातावरण बनता है। इन कार्यक्रमों में संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही, उनके जीवन और शिक्षाओं पर आधारित भजन-कीर्तन और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जितेंद्र कुमार, रमेश कुमार, राम कुमार, दलजीत सिंह के अलावा आयोजक मौजूद रहे।

# हिमाचल के डीजीपी पर पूर्व एमएलए ने गंभीर आरोप लगाए

## रायजादा बोले- सरकार को अस्थिर करने की साजिश, केंद्र के इशारे पर कर्मचारियों के घर छापेमारी

अनंत ज्ञान, अंब

हिमाचल प्रदेश के ऊना सदर से पूर्व कांग्रेस विधायक सतपाल रायजादा ने डीजीपी अतुल वर्मा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऊना में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रायजादा ने कहा कि डीजीपी केंद्रीय जांच एजेंसियों के इशारे पर हिमाचल सरकार को गिराने की साजिश कर रहे हैं। रायजादा ने कहा कि डीजीपी ने ऊना में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) के तीन सदस्यों के घरों पर रेड करवाई, जबकि मिला कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि डीजीपी के पास यदि इनपुट थे तो पुलिस के हाथ खाली क्यों रहे।



बता दें कि दो रोज पहले पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने एसआईयू कर्मचारियों के घर की गई छापेमारी की थी। इस दौरान टास्क फोर्स के हाथ कुछ भी नहीं लगा, जबकि एसआईयू सदस्यों पर माफिया के साथ मिलीभगत के आरोप थे। रायजादा ने कहा कि केंद्र के इशारे पर यह सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है। उन्होंने भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, सत्ती उनके होटल व्यवसाय को लेकर लगातार भ्रामक बयान दे रहे हैं। रायजादा ने चेतावनी दी कि अगर सत्ती अपने कारोबार का खुलासा नहीं करते हैं, तो वह खुद उनके व्यवसाय की जांच-पड़ताल कर जनता के सामने लाएंगे।

उन्होंने सत्ती के परिवार पर अवैध खनन में संलिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि इससे जुड़े ऑडियो-वीडियो साक्ष्य लोगों के पास मौजूद हैं। इस विवाद ने हिमाचल की राजनीति में नया मोड़ ले लिया है, जहां एक तरफ भाजपा को सरकार के खिलाफ मुद्दा मिल गया है, वहीं कांग्रेस के नेता भी भाजपा और पुलिस पर हमलावर हो गए हैं। सतपाल रायजादा ने कहा कि डीजीपी द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के इनपुट के आधार पर छापेमारी दर्शाता है कि हिमाचल पुलिस केंद्रीय जांच एजेंसियों के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डीजीपी को यह सार्वजनिक करना चाहिए कि कर्मचारियों के घरों पर की छापेमारी से क्या हासिल हुआ है।

## संत गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हीना पठानिया, बढ़ूही। श्री गुरु रविदास 648वीं जयंती परपंचायत खरयालता (तलमेहड़ा) के श्री गुरु रविदास कमेटी गांव लालशाह और पंचायत जोल के बस स्टैंड में धर्म स्थापना दिवस के अवसर पर गुरु रविदास कमेटी के आयोजकों एवं स्थानीय लोगों द्वारा हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभी जिलावासियों ने संत रविदास के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। भंडारे से पहले झंडा रस्म अदा की गई। इस मौके पर अंबेहड़ा पंचायत के उपप्रधान सतीश कुमार सोनू, समाजसेवी डॉक्टर सोमदत, अमित कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# जीवन में अपने आराध्य का नाम जपना जरूरी : इंद्रेश महाराज


कोटला कलां में बही ज्ञान की गंगा।

अनंत ज्ञान, ऊना

कोटला कलां स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रहे वार्षिक महासम्मेलन में कथावाचक इंद्रेश जी वृंदावन वालों ने कथा में नाम जाप का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने गुरु के प्रति समर्पण भाव इतना हो कि दिनचर्या में नाम जप भी शामिल हो। प्रभु अपने भक्त से संपत्ति नहीं चाहते, लेकिन भक्त का भाव क्या है, यह जरूर परख लेते हैं।

कथा से पूर्व सुबह श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर आश्रम अधिष्ठाता एवं राष्ट्रीय संत बालजी महाराज से आशीर्वाद लिया। इंद्रेश जी ने श्रद्धालुओं को गीता का महत्व बताया। स्वामी गोरा दास ने कहा कि गीता हमें कर्मशील ही नहीं बनाती, अपितु हमें जीवन और सृष्टि के सार का भी बोध करवाती है। महाराज ने कहा कि कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए, यह भी गीता ही हमें सिखाती है।

बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति प्रभु की शरण में जाता है, भगवान उसका बेड़ा पार लगा देते हैं। प्रभु का नाम लेने से सब पाप धुल जाते हैं। इस अवसर पर माधवानंद जी, किशोर कुमार, सुभाष अजीत समेत सभी भक्त मौजूद थे।

# बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के 27 तक मांगे आवेदन

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमाचल प्रदेश मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट के 3 पद भरे जाएंगे। इन पदों में ओबीसी श्रेणी में 1 पद, सामान्य श्रेणी में 1 पद और ईडब्ल्यूएस श्रेणी का 1 पद शामिल है। बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद हेतु आवेदन करने के लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म उपलब्ध है।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि बाइंडिंग मशीन अटेंडेंट पद के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से आठवीं पास और आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी सायं 5 बजे तक अपने फॉर्म मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग हिमाचल प्रदेश में जमा करवा सकते हैं।

# अकादमी की तीन अध्यापिकाओं का सरकारी नौकरी में चयन

विवेक शर्मा, अंब



सर जी अकादमी अंब की तीन अध्यापिकाओं का चयन सरकारी नौकरी में हुआ है। अकादमी के निदेशक अमित शर्मा ने बताया कि मनप्रीत कौर, शालू सरपाल व ज्योत्सना ठाकुर का चयन सरकारी नौकरी के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि मनप्रीत कौर गगरेट की रहने वाली हैं। उन्होंने एचपी सेट और पीजीटी बायोलॉजी की परीक्षा पास करके नौकरी हासिल की है।

इसके अलावा शालू निवासी अंब की निवासी हैं, जिन्होंने पीजीटी मैथ की परीक्षा उत्तीर्ण करके सरकारी नौकरी हासिल की है। इसके अलावा ज्योत्सना ठाकुर पीजीटी हिंदी की परीक्षा पास कर शिक्षा विभाग में नौकरी हासिल की है। उन्होंने बताया कि शालू सरपाल कॉलेज के समय से ही अकादमी में कोचिंग प्राप्त करती थी। उन्होंने पीजीटी मैथ की कोचिंग भी सरजी एकेडमी से ही ली है। मनप्रीत कौर ने 6 महीने तक अकादमी में कोचिंग ली, उसके बाद उन्होंने कोचिंग में बतौर शिक्षिका सेवाएं दी है। सरजी अकादमी के इससे पहले भी कई शिक्षक और छात्र सरकारी नौकरी प्राप्त करके विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन तीनों की सरकारी नौकरी में चयन होने पर अकादमी में खुशी का माहौल है। सभी स्टाफ सदस्यों ने तीनों को शुभकामनाएं दीं।

# श्रीकृष्ण-रुक्मणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को करवाया रसपान

हीना पठानिया, बढ़ूही

उपतहसील जोल की कठोह पंचायत में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं।

श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम कथा वाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ करवाया, वहीं कथा के दौरान व्यास शिव ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बड़े ही सुंदर ढंग से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं बड़ी मनोहारी थीं। भगवान माखन चोरी कर गोपियों को सताते थे। उनके घर शिकायत करने पर माता यशोदा गोपियों को ही डांटती थी। उन्होंने बालरूप में कई राक्षसों का वध किया था। छठे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए।


लोगों को भक्ति का रसपान करवाते आचार्य।

मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे, समस्त ब्रज की गोपियां भगवान श्रीकृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं। कहने लगी कि कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हमसे प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद श्रीकृष्ण एवं रुक्मणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई।

भगवान श्रीकृष्ण -रुक्मणी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आनंद लिया। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती। कथा के दौरान शाम को आरती से पहले भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन से पूरे गांव में धार्मिक माहौल बना हुआ है। कथा को सफल बनाने में भागवत कथा के आयोजक पूरे दिन भर सेवा भाव से लगे हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित

अनंत ज्ञान, हरोली। हरोली पंचायत में बाबा सोम नाथ जी मंदिर गोशाला के प्रांगण में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत आतमा, कृषि विभाग द्वारा विकास खंड हरोली में जन संवेदीकरण कार्यक्रम/किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें हरोली पंचायत व क्षेत्र के 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर रणजीत राणा, जिला ऊना कांग्रेस अध्यक्ष बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

उन्होंने किसानों को रसायनों व खादों के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। परियोजना निदेशक, आतमा, ऊना वीरेंदर कुमार बग्गा ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं को लोगों के समक्ष रखा।

आयोजन

## गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्रों के बच्चों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

# प्रवासी बच्चों की क्षमता परखने के लिए प्रतियोगिताएं अनिवार्य : डोगरा

अनंत ज्ञान, ऊना

संस्था सनराइज शिक्षा समिति ऊना के सचिव महेंद्र डोगरा ने बताया कि जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा कम-उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण ऊना स्थित डाइट देहलां के वित्तीय सहयोग व मार्गदर्शन से स्लम क्षेत्रों में गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्रों में पढ़ रहे प्रवासी बच्चों के लिए खंड स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय प्राथमिक पाठशाला गलुआ ऊना में किया गया।

इसमें 25 केंद्रों के बच्चों ने भाग लिया। इसमें खो-खो, कबड्डी, दौड़, मार्चपास्ट, सैक रेस, म्यूजिकल चेयर, लैमन रेस व सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रुप डांस, सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, कविता, भाषण, कैलीग्राफी इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक, गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र कार्यक्रम संजीव ठाकुर ने की। उन्होंने कहा कि जिला परियोजना अधिकारी नीलम शर्मा व प्रधानाचार्य डाइट राकेश अरोड़ा के मार्गदर्शन समग्र शिक्षा के तहत जिले में 39 केंद्र स्लम क्षेत्र में चलाए जा रहे है, जिसमें लगभग 1400 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।


खंड स्तरीय खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन केंद्रों में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है व उन्हें मुख्यधारा में जोड़ा जाता है। इसी के तहत खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में जगदीश चंद शर्मा समाजसेवी ने शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है और इससे बच्चों का उत्साह और प्रतिभा को बढ़ावा मिलता है।

इससे बच्चों के मनोबल व अनुशासन में वृद्धि होती है और खेलकूद से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस मौके पर संस्था के सचिव महेंद्र डोगरा, प्रबंधक शैली डोगरा, विशेष प्रशिक्षण केंद्रों की अध्यापिकाएं रजनी बाला, मीना कुमारी, मीना शर्मा, गुलशन, रेणु बाला, रजनी शर्मा, सोनिया देवी, सविता कुमारी, सुषमा देवी, अनु बाला, सुनीता देवी, साक्षी शर्मा रीना कौर, सुषमा, ज्योती, ज्योती देवी, नीलम, रीता, रीता देवी, राधिका, प्रवीन, शिखा, मीनाक्षी, मीनाक्षी इत्यादि मौजूद थे।


इन प्रतियोगिताओं में सनराइज ग्रुप 1 (13 केंद्र) दौड़ में कलरूही केंद्र के बच्चों ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान धमांदरी केंद्र के बच्चों ने तथा तीसरा स्थान ऊना केंद्र के बच्चो ने प्राप्त किया व लैमन रेस में झलेड़ा केंद्र के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान बसाल केंद्र के बच्चों ने हासिल किया व तीसरा स्थान लाल सिंगी केंद्र के बच्चों ने प्राप्त किया तथा सैक रेस में कलरूही केंद्र के बच्चों ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान धमांदरी केंद्र के बच्चों ने, तीसरा स्थान शिव वाड़ी केंद्र के बच्चों ने प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में सनराइज ग्रुप 2 (13 केंद्र) दौड़ में बसदेहड़ा 1 केंद्र के बच्चों ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान बसदेहड़ा 2 केंद्र के बच्चों ने, तीसरा स्थान लालू वाल केंद्र के बच्चों ने प्राप्त किया व लैमन रेस में बाथु 1 के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान बाथु 3 केंद्र के बच्चों ने हासिल किया व तीसरा स्थान बाथु 4 के बच्चों ने प्राप्त किया।

इसके अलावा सैक रेस में बाथु 2 के बच्चों ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान बाथु 5 के बच्चों ने तीसरा स्थान टटेहड़ा केंद्र के बच्चों ने प्राप्त किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैलीग्राफी में चिंतपूर्णी 1 व दूसरा स्थान नारी ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान स्थान बसदेहड़ा 1 ने प्राप्त किया तथा ग्रुप डांस में प्रथम स्थान बसदेहड़ा 1, दूसरा स्थान बसदेहड़ा 2, तीसरा स्थान बाथु 2 ने प्राप्त किया तथा सोलो सोंग में बाथु 1 के केंद्र के बच्चों ने प्राप्त किया।

# मां चिंतपूर्णी में स्थानीय लोगों को आधार कार्ड दिखाना हुआ अनिवार्य

विकास शर्मा, चिंतपूर्णी

चिंतपूर्णी में स्थानीय लोगों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। अब स्थानीय लोगों को मंदिर में दर्शन करने के लिए आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, स्थानीय लोगों को मंदिर में दर्शन करने के लिए 7 से 8 बजे का समय रखा गया है।


मां चिंतपूर्णी।

एसडीएम सचिन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी स्थानीय व्यक्ति जिसके पास पार्किंग की व्यवस्था है, वह आधार कार्ड दिखाकर अपना वाहन मंदिर रोड पर ले जा सकता है, लेकिन मंदिर रोड पर वाहन खड़े करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इससे पहले ऐसी व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। चिंतपूर्णी के आसपास क्षेत्र के लोग चिन्हित पंचायत के लोगों को ही यह सुविधा मिल पाएगी। इसके अलावा, होटल में ठहरने वाले श्रद्धालुओं को होटल में बनी पार्किंग के हिसाब से ही अनुमति दी जाएगी।

स्थानीय लोग यदि माता के दर्शन करना चाहते हैं तो लिफ्ट से भी जा सकते हैं। यह नई व्यवस्था स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक होगी और मंदिर में दर्शन करने की प्रक्रिया को भी सुगम बनाएगी। (अनंत ज्ञान)

# देवी चंद को गुर चेला संघ कुल्लू खंड की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

गुर चेला संघ कुल्लू खंड की बैठक का आयोजन बुधवार को ढालपुर में किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारी और सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से गौहरी देवता ढालपुर के गुर देवी चंद को अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि संघ की मांग है कि आने वाले समय में यह गुर चेला संघ को और अधिक मजबूत और व्यापक स्तर पर बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर वह एक मांग पत्र तैयार कर रहे हैं और सरकार से आग्रह करते हैं कि उनकी मांगों पर गौर फरमाया जाए।

संघ का साफ तौर पर कहना है कि देवी-देवता की सेवा में मंदिर में पूजा-आराधना में इनका अधिकतर समय व्यतीत होता है, तो ऐसे में सरकार भी उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए कुछ अपना सहयोग दें, तो बेहतर होगा क्योंकि इन्हें भी अपने परिवार का भरण-पोषण करना है।



# चलती एचआरटीसी बस के दोनों पहिये एक्सल समेत निकले, बड़ा हादसा टला

## चालक-परिचालक सहित 25 यात्री बाल-बाल बचे, 10 दिनों के भीतर यह दूसरी घटना





**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर एचआरटीसी की बस से जुड़ी एक बड़ी घटना सामने आई है। रामपुर डिपो की बस के साथ आनी के निमला के पास एक गंभीर घटना घटी, जब चलती बस के चालक की तरफ के पिछले दोनों पहिये एक्सल समेत अचानक खुल गए।

बस में चालक और परिचालक सहित 25 यात्री सवार थी, जिनकी जान बाल-बाल बची। घटना बुधवार सुबह की है, जब रामपुर डिपो की बस दलाश से शुष होते हुए आनी की ओर जा रही थी। निमला के पास अचानक बस के पिछले दोनों पहिये एक्सल के साथ निकल गए और बस वहीं रुक गई। सौभाग्य से इस घटना में किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई, जबकि पहिये बस से छिटककर आगे जा पहुंचे। गौर रहे कि यह आनी क्षेत्र में पिछले 10 दिनों में बस के टायर खुलने की दूसरी घटना है। (अनंत ज्ञान)

> यह सही है कि बस मंगलवार को ही वर्कशॉप आई थी, ऐसे में पहिये खुलने के क्या कारण रहे इसकी जांच की जा रही है। बस के कलपुर्जों में तकनीकी खराबी भी आ जाती है, जिसके चलते ही शायद बस की डिफरेंशियल ट्यूब टूट गई।
> **अतुल गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी, रामपुर डिपो।**

### मंगलवार को ही वर्कशॉप में बस का हुआ था काम

**एचआरटीसी** के रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने माना कि यह बस बीते कल मंगलवार को रामपुर वर्कशॉप में थी, जो वर्कशॉप से काम करवाकर मंगलवार को दलाश गई थी और बुधवार सुबह सवारियों को लेकर दलाश से वाया शुष होकर आनी आ रही थी, तब निमला के पास यह घटना पेश आ गई। ऐसे में यह जांच का विषय है कि वर्कशॉप में तकनीकी तौर पर क्या कोई कमी रह गई या फिर बस की डिफरेंशियल ट्यूब पुरानी या डिफेक्टिव तो नहीं थी, जिसके टूटने से बस के दोनों पहिये खुल गए। क्षेत्रीय प्रबंधक अतुल गुप्ता ने बताया कि वे घटनास्थल पर जायजा लेने पहुंचे हैं और जल्द ही जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे। वहीं, स्थानीय लोगों का आरोप है कि एचआरटीसी का रामपुर डिपो आनी क्षेत्र में अक्सर पुरानी और खराब स्थिति वाली बसें भेज रहा है। महज डेढ़ सप्ताह पहले भी लुहरी खेगसू मार्ग पर इसी तरह की एक घटना हुई थी, जहां एक चलती बस का अगला पहिया निकल गया था। उस समय भी चालक की सतर्कता के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई थी। यह लगातार होने वाली घटनाएं एचआरटीसी के वाहनों के रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं और यात्रियों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गई हैं।

# विष्णु भगवान के आशीर्वाद से शुरू हुआ फागली पर्व



**शीला कौल, बंजार**

फाल्गुन मास के आरंभ होते ही बंजार घाटी में फागली पर्व का शुभारंभ हो गया है। भगवान विष्णु के आशीर्वाद से आज इस पर्व की शुरुआत हुई।

फागली उत्सव का दौर पूरातन समय से चला आ रहा है। उपमंडल बंजार के गांव चैहणी से इस पर्व की शुरुआत हो गई है। यह पर्व वेहलो, वीणी, बाहू,, देउठा, चेडा, कलवारी, शीली, पेखडी, चेथर गोशाला आदि कई गावों में फाल्गुन संक्रांति से लेकर यह पर्व करीब 3 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। देव समाज से जुड़े लोगों का कहना है कि देवता के गुर की आज्ञा मिलने पर फागली का आगाज किया गया है। उनका कहना है कि मढयालें जो शरूली नामक घास के चोलू (वस्त्र) पहन कर मूंह पर मखौटा लगाकर देवता विष्णु नारायण के सम्मान में साथ नाचते हैं। मढयालें तथा देवता का आपस में देव मिलन होता है। मढयालें गावं के प्रत्येक घर में जाकर लोगों को आशीर्वाद देते हैं। लोगों को धन-धानय, समृद्धि तथा कई प्रकार की भूत वाधा को दूर करते हैं। देव समाज से जुड़े हुए लोग अनिल शर्मा, जगदीश पालसरा, जगदेव पाल सरा, हीरा लाल पाल सरा राजमल, निरत सिंह आदि का कहना है कि इस पर्व में अश्लील गालियां भी दी जाती हैं। इससे क्षेत्र से बुरी आत्माएं कोसों दूर भाग जाती हैं।

उनका कहना है कि प्रति वर्ष उक्त पर्व को बड़े धूमधाम से उपमंडल बंजार में फाल्गुन की संक्रांति से लेकर करीब 3 दिन तक बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं, पर्यटकों की नजर से इसे मास्क फेस्टिवल का नाम भी दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# इस वर्ष ओलावृष्टि की संभावना और मध्यम स्तर की होगी फसल

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू के निरमंड क्षेत्र स्थित देथवा गांव में राई नाग देवता का विशेष गढ़ाई पर्व धूमधाम से मनाया गया।

राई नाग, जो एक प्रमुख गढ़पति देवता हैं, उनका प्रभाव क्षेत्र तिंदर जवागी से लेकर बुशैहर के बोंडा सराहन तक विस्तृत है। राई नाग देवता के मूल देवरा मंदिर में प्रति वर्ष दो महत्वपूर्ण पर्वों (जागरा) का आयोजन पौष और चैत्र में किया जाता है, जिसमें गुर के माध्यम से साल भर का फलादेश सुनाया। हर तीसरे वर्ष विशेष रूप से मगैणी जोत में जाकर काली पूजन का विधान है। मुला देवरा में क्षेत्र के समस्त देवी-देवता शक्ति प्राप्त करने के लिए आते हैं। क्षेत्र के नौ नागों से संबंधित सभी कार्यों के लिए राई नाग देवता स्वयं खेल करके कार्य की अनुमति प्रदान करते हैं। इस वर्ष के पर्व में कई महत्वपूर्ण भविष्यवाणियां की गईं। देवता ने संकेत दिया कि इस वर्ष ओलावृष्टि की संभावना है, साथ ही फसल मध्यम स्तर की होगी। माता अंबिका तो हारी हैं साथ ही राई नाग देवता के गुरु माटी सिम देवता कोट हैं, वे भी इस वर्ष हारे हैं और पांच वीर ढौण के जीतने की भी भविष्यवाणी की गई। राई नाग के गुर देवता के रूप में माटी सिम कोट की पूजा की जाती है। मान्यता है कि निरमंड क्षेत्र की प्रसिद्ध अंबिका माता अगर किसी कारणवश अपनी प्रजा या हारयान से रूष्ट हों, तो वे अपने भाई राई नाग देवता के मूल देवरा मंदिर में प्रवास करने आती हैं। वहीं, देवता माटी सिम का गढ़ाई पर्व आज कोट मंदिर में होगा। यह पर्व स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लोगों की आस्था और विश्वास को दर्शाता है।



**देथवा गांव में राई नाग देवता का विशेष गढ़ाई पर्व**

# खुले देवी-देवताओं के मदिरों के कपाट, दर्शनों को उमड़ी भीड़

## फाल्गुन मास की संक्रांति को कुल्लू में 400 से अधिक देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से धरती पर लौटे

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू में फाल्गुन मास की संक्रांति पर देवी-देवताओं के मंदिरों कपाट खुल गए हैं। ऐसे में जिला कुल्लू में देवी-देवताओं के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के भीड़ उमड़ पड़ी है।

कुल्लू के उपमंडल बंजार में भी देवी-देवताओं के सम्मान में फागली उत्सव शुरू हो गया है, जो कि तीन दिन तक चलेगा। जिला कुल्लू की उझी घाटी में भी स्वर्ग प्रवास से देवी-देवता वापस लौट आए हैं और बुधवार को देवी-देवताओं ने अपने गुर के जरिए आगामी समय को लेकर भविष्यवाणी भी की। फाल्गुन मास की संक्रांति को कुल्लू में 400 से अधिक देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से धरती पर लौटे। देवी-देवताओं के स्वर्ग प्रवास पर जाने के बाद कई देवालयों के कपाट एक महीने से तो कई दो महीने से बंद थे। कई देवी-देवता पिछले साल दिसंबर में पौष मास की संक्रांति को तो कई जनवरी में मकर संक्रांति को स्वर्ग प्रवास पर गए थे।

फाल्गुन मास की संक्रांति को देवालयों के कपाट खुलते ही देवी-देवता धरती पर लौटे। पौष मास की संक्रांति पर जिला कुल्लू के देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर चले गए थे कुछ देवता माघ मास की संक्रांति पर वापस लौट आए थे। अब कुछ देवता फाल्गुन मास की संक्रांति पर लौट आए हैं। देवी-देवताओं के वापस लौट आने से अब ग्रामीण क्षेत्रों में मेले व त्योहार भी शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा चैत्र मास की संक्रांति पर भगवान बिजली महादेव सहित कुछ अन्य देवता धरती पर वापस लौटेंगे और गुर के माध्यम से साल भर की भविष्यवाणी की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### कंगना ने किए देवता कार्तिक स्वामी के दर्शन

**देव** सेनापति देवता कार्तिकेय स्वामी के सिमसा स्थित मंदिर के कपाट खुल गए हैं। माघ संक्रांति पर मंदिर के कपाट बंद हुए थे। बुधवार को मंदिर के कपाट खुलते ही मंडी की सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत भी दर्शन करने मंदिर पहुंचीं। मंदिर के समीप ही कंगना का निवास है। माघ संक्रांति को देवता कार्तिक स्वामी के मंदिर के कपाट बंद हो गए थे। मंदिर के प्रांगण में देव परंपराएं निभाई गईं। देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सांसद कंगना ने सोशल मीडिया पर मंदिर के फोटो साझा किए हैं। कंगना ने लिखा कि मेरे घर का नाम भी मैंने कार्तिकेय स्वामी के नाम पर रखा है। ये मंदिर मेरे घर के बिलकुल सामने है और ऐसी मान्यता है कि पार्वती और शिव पुत्र कार्तिकेय स्वामी ने इस स्थान पर तपस्या की थी। आदिकाल से चली आ रही ये प्राचीन सनातनी परंपरा हमें धर्म और जीवन का मूल्य सिखाती है। देवता सबकी रक्षा करें। देवता कार्तिकेय स्वामी के पुजारी रविंद्र शर्मा ने बताया कि मंदिर के कपाट खुल गए हैं। मंदिर में देव परंपराओं का निर्वहन करते हुए फागली मनाई गई। देवता ने अपने गुर के माध्यम से भविष्यवाणी भी की। देवता ने आशीर्वाद दिया है कि यह वर्ष सुख-समृद्धि भरा रहेगा।

# लला मेमे की स्मृति में देवसदन में आज लगेगा रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**दो सौ यूनिट रक्तदान कर समाज की सेवा की जाएगी**

लाहौल-स्पीति के आध्यात्मिक गुरु लला मेमे की स्मृति में हर साल की भांति इस बार भी आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गौर रहे कि लला मेमे के शिष्यों द्वारा प्रति वर्ष उनकी पुण्यतिथि से दो दिन पहले कुल्लू के देवसदन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है।

इसी कड़ी में आज भी रक्तदान शिविर होगा, जिसमें आईटीबीपी, एसएसबी, बीआरओ, पुलिस और होमगार्ड के जवानों से लेकर स्थानीय नागरिक और छात्र रक्तदान कर असंख्य लोगों की जीवन रक्षा के लिए रक्तदान करेंगे। फाउंडेशन के रक्तदान शिविर के संयोजक प्रेम लाल और अध्यक्ष मंगल मनेपा ने बताया कि वार्षिक रक्तदान शिविर की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं और इस वर्ष कुल्लू हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से दो सौ यूनिट रक्त दान कर समाज की सेवा की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से आज के दिन इसी स्थान पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें आसपास के परिवार पारंपरिक व्यंजन और चाय आदि की दिन भर व्यवस्था करते हैं। मनेपा ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन करेंगे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्य चिकित्सक डॉ. नागराज शिविर में रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाएंगे। लला मेमे फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. प्रेमदीप लाल, डॉ. चंद्र मोहन परशीरा और निर्मल चंद ने सभी युवाओं से आग्रह किया कि वह रक्तदान शिविर में भाग लेकर किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जीवन रक्षा करने के लिए देवसदन पहुंचे।




# गाड़ागुशैणी में मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के गाड़ागुशैणी में सत्र 2024- 25 में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में राजकीय महाविद्यालय गाड़ागुसैन पीटी एके प्रधान तेज राम मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

इसके पश्चात कॉलेज के स्टूडेंट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें कुल्लवी नाटी और शिमला नाटी आकर्षण का केंद्र रही। इस समारोह में गाड़ागुशैणी कॉलेज में शिक्षा, खेल तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिक्षा में बीए प्रथम वर्ष में भवानी प्रथम, यशवनी द्वितीय और प्रेमलता ने तृतीय स्थान पर रहे, बीए द्वितीय वर्ष में पूजा देवी प्रथम, अच्छरी देवी द्वितीय और सुष्मिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। बीए तृतीय वर्ष में राजकुमारी प्रथम अनु कुमारी द्वितीय और डिंपला ने तृतीय स्थान हासिल किया। इन सभी स्टूडेंट्स को इनकी शानदार उपलब्धियों के लिए समानित किया गया। इसके अतरिक्त सांस्कृतिक क्षेत्रों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियो को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राजकीय महाविद्यालय पनारसा के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाटरमैन ऑफ इंडिया और रमन मैगसेसे पुरस्कार विजेता डॉ. राजेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

व्याख्यान का विषय जल, महिलाएं, कल्याण और जलवायु एक सतत भविष्य था। डॉ. राजेंद्र सिंह ने जल संकट, जल संरक्षण, महिलाओं की भूमिका और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल संकट एक वैश्विक समस्या बनता जा रहा है और इसके समाधान के लिए समुदाय आधारित जल प्रबंधन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वन संरक्षण और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि वे परिवार और समाज के जल प्रबंधन में एक अहम योगदान देती हैं। व्याख्यान के दौरान डॉ. सिंह ने अपने अनुभव साझा किए और विभिन्न राज्यों में जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों की सफलता के बारे में बताया। उन्होंने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपने समुदायों में इस दिशा में ठोस कदम उठाएं।

उन्होंने कहा कि यदि जल प्रबंधन को सही तरीके से लागू किया जाए, तो न केवल जल संकट से निपटा जा सकता है, बल्कि इससे संपूर्ण समाज का कल्याण भी संभव है। इस अवसर पर पनारसा कॉलेज के साथ-साथ कुल्लू कॉलेज के विद्यार्थियों और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसरों ने भी भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना और जल संरक्षण की दिशा में उन्हें प्रेरित करना था। राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर रतन नेगी ने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान छात्रों को न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

# मनाली में पर्यटकों को पैकेज देने का फिर गर्माया मामला

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों को पैकेज देने का मामला फिर गर्माया है। कोट-बूट का कारोबार करने वाले स्की पैकेज भी बेच रहे हैं, जिसका स्थानीय कारोबारी विरोध कर रहे हैं।

**कोट बूट वाले दे रहे स्की पैकेज स्थानीय कारोबारी कर रहे विरोध**

अब यह मामला पुलिस स्टेशन पहुंच गया है। बुधवार को पर्यटन स्थलों के पर्यटन कारोबारियों ने पलचान में बैठक कर समस्या के समाधान को लेकर चर्चा की। पर्यटन कारोबारियों के प्रतिनिधियों एटीवी बाइक, स्नो स्कूटर, जिप लाइन, फोटोग्राफर, स्की एंड ट्यूब, बंजी जंपिंग, जाइंट स्विंग एंड जोरबिंग बाल व लोकल ड्रेस एसोसिएशन के अध्यक्षों ने आज पलचान में बैठक आयोजित की। इस बैठक में पर्यटन से जुड़े कारोबारियों ने भी भाग लिया। अधिकतर पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि बिचौलियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैकेज के नाम पर ही कुछ लोग पर्यटकों को लूट रहे हैं। इन पर्यटन कारोबारियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि किसी को भी पैकेज बेचने की अनुमति न दी जाए। सभी एसोसिएशन के अध्यक्षों ने कहा कि पर्यटन स्थलों में किसी भी कारोबारी को काम करने से नहीं रोका जाएगा। सभी मिल जुलकर काम करेंगे और पर्यटकों को अतिथि देवो भव की तर्ज पर सेवाएं देंगें, लेकिन किसी भी व्यक्ति या बिचौलिए को पैकेज बेचने नहीं देंगे। इन लोगों का कहना है कि जो भी व्यक्ति पर्यटन विभाग द्वारा निर्धारित रेट से अधिक पैसे लेगा, उसकी विभाग में शिकायत की जाएगी। डीएसपी हैड क्वाटर राजेश कुमार, जो डीएसपी मनाली का कार्यभार देख रहे हैं उन्होंने बताया कि सभी कारोबारियों को मिलजुल कर काम करने की सलाह दी गई है।

**आयोजन** स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# ढालपुर में खेलों के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



नगर परिषद कुल्लू की ओर से बुधवार को ढालपुर के खेल मैदान में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इन खेलों के माध्यम से नगर परिषद कुल्लू के द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के तहत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए आयोजिय इस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-8 की पार्षद शालिनी राय भारद्वाज और वार्ड नंबर-11 की पार्षद अमीना महंत राजगौर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में किया। सनद रहे कि गत दिनों मुख्यमंत्री के द्वारा इस अभियान को पूरे प्रदेश में लागू किया गया है, जिसके तहत नगर परिषद कुल्लू भी स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के तहत दिए गए बिंदुओं पर कार्य करने में जुट गई है। ढालपुर मैदान में आयोजित चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए इस खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कुल्लू नगर परिषद में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। नगर परिषद कुल्लू के वार्ड नंबर-11 की पार्षद अमीना राजगौर ने बताया कि समृद्ध शहर स्वच्छ शहर अभियान के तहत अब लोगों को खेलों के माध्यम से भी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि नगर परिषद को लोग पूरी तरह से स्वच्छ बनी रह सके। इसके अलावा यहां पर आम जनता को भी संदेश दिया गया कि वह अपने घरों से निकलने वाले कूड़े को अलग-अलग तरह से निस्तारण के लिए भेजें, ताकि नगर परिषद को भी कूड़ा निष्पादन में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वहीं, पार्षद शालिनी रॉय भारद्वाज ने भी शहर की जनता से क्लीन कुल्लू, ग्रीन कुल्लू अभियान में सहयोग देने की और खुले में कूड़ा-कचरा न फेंकने, सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग देने की अपील की।

## स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर अभियान की हैंडीक्राफ्ट बाजार से शुरुआत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान गति पकड़ने लगा है। नगर परिषद के हर वार्ड में स्वच्छता व अन्य विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

बुधवार को नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं ने भी अपना योगदान दिया। इस दौरान रामबाग हैंडीक्राफ्ट बाजार से इस अभियान की शुरुआत की गई। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष मनोज लारजे ने कहा कि यह अभियान 9 अप्रैल तक चलेगा। नगर परिषद के सभी सात वार्डों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकायों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबंधन के लिए विभिन्न पहल की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने शिमला से इस अभियान की शुरुआत की है और इस अभियान के तहत सभी शहरी निकायों में पार्किंग, पार्क व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से हिमाचल को ई-गवर्नेंस और नागरिक सशक्तिकरण का मॉडल राज्य बनाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में पेयजल को स्वच्छ बनाने के लिए विश्व स्तरीय तकनीक का उपयोग करने की योजना तैयार की गई है। इसको लेकर अभी शिमला शहर में पायलट आधार पर प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है, जिसमें ओजोन और यूवी तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मनोज लारजे ने कहा कि स्वच्छता ही समृद्ध शहर का आधार है और स्वच्छता सुनिश्चित बनाने के लिए शत-प्रतिशत जन सहभागिता अनिवार्य है। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित बनाने के लिए कचरे का समुचित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक है। इस दिशा में स्वच्छ शहर-समृद्ध शहर कार्यक्रम महत्वपूर्ण है।

## वैदिक मंत्रों की ध्वनि से गूंजा स्कूल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में प्रत्येक अध्यापक ने अपने-अपने हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन यज्ञ में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। वैदिक मंत्रों की शुभ ध्वनि से गूंज विद्यालय उठा। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें संगीत विभाग के अध्यापकों ने भक्ति भाव से आर्य समाज भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों ने छात्रों को उनके आदर्शों को अपनाने एवं उन्हें संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए का प्रण किया। इस अवसर पर विकास वहल द्वारा ऋषि लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य आरएस राणा ने स्वामी दयानंद सरस्वती के योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जीवन समाज सुधार और वैदिक संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए समर्पित था।

# आनी में 144 टीमों का महासंग्राम शुरू, नाइट हंटर्स ने जीता पहला मैच



**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी में रॉयल क्रिकेट कप का भव्य शुभारंभ हुआ।

प्रदेशभर से आई 144 टीमों की भागीदारी वाले इस पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट का उद्घाटन सदर पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह और उपप्रधान सुभाष ठाकुर ने किया। पंचायत मुहान के प्रधान संतोष ठाकुर भी इस अवसर पर मौजूद रहे। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हुए खेलों की ओर प्रेरित करना है। युथ क्लब के अध्यक्ष संदीप के नेतृत्व में आयोजन समिति ने इस प्रतियोगिता की व्यवस्था की है। उद्घाटन मैच में नाइट हंटर्स और एचपी-95 की टीमें आमने-सामने थीं। एचपी-95 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट पर 134 रन बनाए।

जवाब में नाइट हंटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 ओवर में ही 6 विकेट खोकर 135 रन बनाकर मैच जीत लिया। नाइट हंटर्स के बल्लेबाज मोती राम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में युथ क्लब के सचिव नवीन ठाकुर, विकास गर्ग, विजय सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट से पंचायत स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### बागा, कंधर, बेरल में आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत पंचायत बागा, कंधर, बेरल के अंतर्गत आने वाले गांवों में बिजली आपूर्ति 13 फरवरी को सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि बिजली आपूर्ति को बाधित करने का कारण रखरखाव कार्य है। उन्होंने लोगों से इस कार्य में सहयोग की अपील की है।

### महिलाओं को स्त्री रोग से संबंधित सलाह दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दानोघाट पंचायत में हंस फाउंडेशन मेडिकल मोबाइल यूनिट अर्की की टीम 3 द्वारा आयोजित गायनी और ईएनटी शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका जिंदल और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अभिमन्यु ने अपनी विशेषज्ञता से लोगों की सेवा की। इस शिविर में महिलाओं को स्त्री रोग से संबंधित सलाह दी गई और उनका चेकअप किया गया। इसके अलावा कान, नाक, गले के रोगों के लिए भी विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जनरल ओपीडी और आवश्यक टेस्ट भी किए। इस मौके पर पंचायत दानोघाट की प्रधान मंजू देवी, उपप्रधान टेक चंद, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एमएमयू 1 और एमएमयू 3 की टीम ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सरयांज में 100 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की उपमंडल की पंचायत सरयांज में हंस फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इस शिविर में ईएनटी और स्त्री रोग से संबंधित विशेष चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ सामान्य ओपीडी सेवाएं भी प्रदान की गईं। शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अभिमन्यु और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका जिंदल ने मरीजों को परामर्श और उपचार दिया। ईएनटी सेवाओं में कान की सुनने की क्षमता, संक्रमण और साइनस संबंधी समस्याओं की जांच की गई, जबकि स्त्री रोग सेवाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच और मातृ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा डॉ. आशीष ने सामान्य ओपीडी में बुखार, खांसी, त्वचा संक्रमण, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियों का उपचार किया।

### नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानून बनाएं

**अनंत ज्ञान, अर्की।** देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा और राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के संस्थापक एवं अध्यक्ष रूमित सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जिस प्रकार से दिन-प्रतिदिन युवा चिट्टे की चपेट मे आ रहे हैं व चिट्टा तस्करों का जाल बढ़ता जा रहा है, वह चिंताजनक है। इन तस्करों को कानून और पुलिस का कोई डर नहीं है। यहां तक कि पुलिस प्रशासन और नेताओं के नाम मीडिया के माध्यम से उजागर हो रहे हैं इसलिए निष्पक्ष व कड़ी कार्रवाई की उम्मीद इनसे कैसे की जा सकती है। रूमित ने कहा कि हमें इन तस्करों के खिलाफ न मुकदमा चाहिए न जेल, इन तस्करों का सीधा एनकाउंटर, चिट्टा तस्करों का हुक्का पानी बंद, सरकारी सुविधाएं बंद, आईपीसी-302 के तहत कार्रवाई की जाए व इनकी संपत्ति पर सीधा बुलडोजर चलाया जाए। प्रदेश की सरकार और मुख्यमंत्री सदन में नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानून बनाएं, अगर सरकार और प्रदेश प्रशासन ये कार्रवाई नहीं कर सकता, तो देवभूमि क्षत्रिय संगठन सवर्ण मोर्चा टीम तैयार है।

### राष्ट्र के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें 56 स्वयंसेवी हिस्सा ले रहे हैं। इस विशिष्ट शिविर के शुभारंभ दिवस पर कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य जगमोहन सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य ने माता सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि महोदय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना हमें समाज से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

### परवाणू में खड़ी कार में अचानक लगी आग

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** परवाणू के समाजसेवी सतीश बेरी की कार में मंगलवार देर रात आग लग गई, जिससे कार का पिछला हिस्सा व टायर पूरी तरह जल गया। घटना रात करीब 12 .15 बजे की हुई, जिसका पता लगते ही सतीश बेरी अपने परिवार के साथ आग बुझाने पहुंचे। उनके साथ आस पड़ोस के लोग भी उनकी मदद के लिए आए और आग बुझाने लगे तथा अग्निशमन दल के आने से पहले आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन दल ने कार को खोलकर उसमें पानी मार कर बची आग को बुझा दिया। इस घटना की सूचना सतीश बेरी ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। सतीश बेरी ने बताया कि जब उन्होंने देखा तो कार की छत पर आग लगी हुई थी और जब तक गाड़ी के पास पहुंचे गाड़ी के पिछले हिस्से में आग पकड़ गई थी। सतीश बेरी द्वारा शहर के विभिन्न मुद्दों पर नगर परिषद के पार्षदों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत विभिन्न विभागों को की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों से जान माल का खतरा होने की शिकायत भी पुलिस विभाग को पहले ही दी गई है। ऐसे में इस घटना के पीछे कौन है इसका पता पुलिस विभाग द्वारा जल्द लगाया जा रहा है। इस बारे में परवाणू थाना प्रभारी प्रताप ठाकुर ने बताया कि पुलिस द्वारा मौके की जांच की गई तथा कुछ नमूने लिए गए, उन्हें जांच के लिए जुन्गा भेजा जाएगा।

### ओपीएस का कोई विकल्प मंजूर नहीं : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश नई पेंशन योजना कर्मचारी संघ जिला सिरमौर अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने ओपीएस के स्थान पर यूपीएस के विकल्प की चर्चा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों ने लंबे संघर्ष के बाद पुरानी पेंशन को पाया है। अतः इसमें किसी भी प्रकार का संशोधन उन्हें स्वीकार्य नहीं है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर मंथन करना भी कर्मचारियों को गंवार नहीं क्योंकि इससे प्रदेश के कर्मचारी पुनः दो वर्गों में विभाजित हो जाएंगे। हिमाचल सरकार ने अपनी पहली गारंटी के अनुरूप हिमाचल के अधिकतर विभागों में पुरानी पेंशन स्कीम को कर्मचारियों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए बहाल किया है इसलिए इस योजना पर किसी भी विकल्प पर मंथन करना कर्मचारी वर्ग से धोखा होगा। वर्तमान समय में जब बिजली विभाग जैसे कुछ सरकारी विभागों के कर्मचारी आज भी पुरानी पेंशन योजना से मरहूम हैं तथा लंबे समय से अस्थायी सेवा के उपरांत नियमित हुए बहुत से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पेंशन के लिए नियमित सेवाकाल की अवधि को कम करने की आशा है।

# घटते-बढ़ते तापमान व पानी की अशुद्धता से वायरल की चपेट में आए सोलन के लोग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जनवरी और फरवरी के दौरान मौसम में घटते-बढ़ते तापमान और पानी की अशुद्धता से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। यही कारण है कि सोलन अस्पताल में डायरिया के बाद वायरल के चलते सर्दी खांसी, गला खराब, छाती जाम और बुखार के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। चिकित्सकों के मुताबिक टाइफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डिसेंट्री होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी-जुकाम, सिर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 रोगी पहुंच रहे हैं। इसका मुख्य कारण मौसम का बदलाव है। इन दिनों सुबह-शाम ठंड और दिन को अधिक तापमान चल रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह हुई बारिश से पानी और पर्यावरण में बैक्टीरिया पनपने से जल जनित बीमारियां लोगों को जकड़ रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### दूषित पानी का सेवन खतरनाक

**बारिश** का पानी जल स्रोत में मिलने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टाइफाइड और डायरिया की चपेट में आने लगे हैं। यही कारण है कि इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। जिले के सबसे बड़े अस्पताल सोलन में इन दिनों ओपीडी में इजाफा हुआ है। इसमें श्वास सहित जल जनित बीमारियों के रोगियों की संख्या अधिक है। आमतौर पर सर्दियों में अस्पताल में औसतन 1 हजार रोगियों की ओपीडी होती है, जबकि इनदिनों यह संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। इसमें आंशिक वायरल के रोगी भी काफी संख्या में सामने आ रहे हैं। वहीं राहत की बात है कि सोलन सहित आसपास के अलग-अलग क्षेत्रों से डायरिया के रोगी अस्पताल में एडमिट है पर पानी को शुद्ध किए और उबाले बगैर उपयोग करने पर आप पीलिया और डायरिया की चपेट में आ सकते हैं।

### क्या कहना है एमएस का



**सोलन** अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एमपी सिंह का कहना है कि बदलते मौसम में डायरिया, टाइफाइड, वायरल, हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि पानी को उबालकर पिएं, पानी को 3 दिन से ज्यादा एक जगह इकट्ठा न होने दें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर ही बीमारी से बचा जा सकता है।

### हल्के में न लें वायरल को

**वायरल** से लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

### ये करें उपाय

**आपातकालीन** जल आपूर्ति के समय बोतलबंद पानी या छानने के बाद उबाल कर की पानी पीना चाहिए। यदि आपके पास बोतलबंद पानी नहीं है, तो पानी उबालें। उबालना रोगजनक बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ को मारने के लिए पर्याप्त है। यदि पानी गंदला है, तो इसे जमने दें और इसे एक साफ कपड़े, कागज के उबलते पानी के तौलिये या कॉफी फिल्टर के माध्यम से छान लें। पानी को कम से कम एक मिनट तक उबालें। पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा होने दें और इसे ढक्कन वाले साफ कंटेनर में रखें। पानी में स्वास्थ्य केंद्रों और आशा वर्कर्स से क्लोरीन की गोलियां उचित मात्रा में पानी में घोलने से भी बीमारियों का खतरा टल जाता है।

# संत शिरोमणि रविदास के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने वार्ड नंबर-10 चोहरीघाटी में जाकर महान योगी एवं परम ज्ञानी संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती कार्यक्रम के मौके पर उनकी प्रतिमा के आगे अपना शीश नवाजा और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संत समाज के शिरोमणि का आशीर्वाद प्राप्त किया। शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संत रविदास के आदर्शों पर चलकर हमें समानता, प्रेम और मानवता का संदेश फैलाना है। उनकी शिक्षाएं हमें सच्चाई और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास समानता और स्वच्छता के प्रबल समर्थक रहे।

इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए गए रास्ते पर चलते हुए ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने की प्रतिज्ञा ली व समाज में भाईचारा का भाव बना रहे तथा देश व प्रदेश खुशहाल बने इसकी कामना की। इस मौके पर पूर्व सांसद प्रो. वीरेंद्र कश्यप, पुरुषोत्तम गुलेरिया, शैलेंद्र गुप्ता, तरसेम भारती, विवेक डोभाल, शशि इंद्र अहलूवालिया, अनिल विशाखा, नेहा ठाकुर, पूजा आदि मौजूद रहे।

## सीढ़ियों से गिरकर मजदूर की मौत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की तहसील के कंधर गांव में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे 66 वर्षीय मजदूर रोशन लाल की सीढ़ियों से गिरने के कारण मौत हो गई। रोशन लाल पंचायत घर की पुरानी सीढ़ियां तोड़ते समय अचानक फिसलकर नीचे गिर गया। इस दौरान उनके ऊपर पुराना लैंटर गिर गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए शालुघाट स्थित अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना के समय रोशन लाल के साथ अन्य मजदूर भी काम कर रहे थे, जिन्होंने हादसे के बारे में बताया। पुलिस ने मामले की जांच धारा-194 बीएनएसएस के तहत जारी रखी है। मामले की पुष्टि डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने की है।

## बद्दी में कांट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन एंड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होगा स्थापित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के दवा उद्योगों को गुणवत्ता नियंत्रण और नियामक सेवाओं में सहायता प्रदान करने के लिए बद्दी में कांट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन एंड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है।

इस सेंटर की स्थापना का मकसद एशिया के फार्मा हब हिमाचल के दवा उद्योगों को अनुसंधान और विकास, गुणवत्ता नियंत्रण तथा नियामक सेवाओं में सहायता प्रदान करना है। यह केंद्र दवा उद्योगों को एक ही छत के नीचे आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे उन्हें अपनी प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नवाचार में मदद मिलेगी। यह केंद्र हिमाचल ड्रग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन (एचडीएमए) और मोहाली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर) के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित किया जाएगा।

**केंद्र के औषधि विभाग ने 20 करोड़ की धनराशि की स्वीकृत**

इस केंद्र के लिए केंद्र सरकार के औषधि विभाग द्वारा 20 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है, जबकि राज्य सरकार भूमि के रूप में इसके निर्माण में अपना सहयोग देगी। जानकारी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में दवा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल की जा रही है।

केंद्रीय औषधि विभाग हिमाचल दवा निर्माता संघ और नाइपर मिलकर बद्दी में कांट्रैक्ट रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करेंगे। बता दें कि हिमाचल के दवा उद्योग कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनमें गुणवत्ता पूर्ण दवा निर्माण, दवा सैंपल फेल होना, तकनीकी स्तर पर पिछड़ना और नियामकीय जैसी चुनौतियां शामिल हैं।

# धूमधाम से मनाई गुरु रविदास की जयंती

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़ में गुरु रविदास की 648वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। गुरु की जयंती को लेकर नालागढ़ के रविदास मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा गुरु रविदास के जन्मोत्सव को लेकर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समुदाय के हजारों श्रद्धालु तथा गुरु रविदास की सुंदर पालकी सजाई गई। इस अवसर पर पटाखे व खूब आतिशबाजी चलाई गई। इस उपलक्ष्य में अनेक धार्मिक प्रोग्राम व भंडारे का आयोजन किया गया। गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में समुदाय के लोगों द्वारा गुरु रविदास जी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। आपको बता दें कि आज भी गुरु रविदास मंदिर नालागढ़ में अटूट लंगर की व्यवस्था की गई है। आयोजकों द्वारा क्षेत्र के लोगों से अपील की गई है कि इस लंगर में बढ़-चढ़कर भाग लें और गुरुजी का प्रसाद ग्रहण करें। गुरु रविदास सभा नालागढ़ के सदस्य पारस बैंस ने कहा कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़ में गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उसके साथ-साथ शोभायात्राएं भी निकल गईं।




### अर्की में भी प्रकाशोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान, अर्की।** गुरु रविदास समाज सुधार सभा अर्की द्वारा संत गुरु रविदास महाराज का 648वां प्रकाशोत्सव बीआर अंबेडकर भवन अर्की वार्ड नं-7 में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर चंडीगढ़ से आए रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी से पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। पंचायत चम्यावल के प्रधान सीडी पंवर ने गुरु रविदास महाराज के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास जी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात-पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। इस मौके पर सभा के प्रधान विजय भाटिया, सचिव सोनू वर्धन, उपप्रधान नरेश कुमार बंसल, सभा के पूर्व प्रधान ज्ञान दास बंसल, तारा चंद, वीरेंद्र भाटिया, हेतराम करड़, सूरत राम, अधिवक्ता पार्वती देवी, सावित्रीदेवी, दयावंती, सीमा, दसोदा, जानकी देवी आदि मौजूद रहे।

## पाइनग्रोव में शिक्षकों की सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

# एनईपी-2020 की विशेषताओं बारे बताया




**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में शिक्षकों की सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पांच विभिन्न स्कूलों के 58 प्रतिभागी शामिल हुए।

सत्र का उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को एनईपी-2020 के प्रमुख सिद्धांतों और कार्यान्वयन रणनीतियों से परिचित करवाना था। संसाधन व्यक्तियों, रवि शर्मा (टीजीटी अंग्रेजी, आर्मी पब्लिक स्कूल, डगशाई) और हरप्रीत सिंह (पीजीटी भौतिकी, डीएवी मॉडल स्कूल, चंडीगढ़) ने इंटरैक्टिव सत्र, प्रस्तुतियां और समूह चर्चा आयोजित की।

कार्यशाला में एनईपी-2020 की मुख्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें योग्यता-आधारित शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा का एकीकरण, आधुनिक मूल्यांकन रणनीतियां और कक्षा शिक्षण को उन्नत करने के लिए एआई टूल का उपयोग शामिल है। प्रतिभागियों को नवीन शिक्षण पद्धतियों और अनुभवात्मक शिक्षा के महत्व के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। सभी शिक्षकों को दृष्टिकोण साझा करने और सर्वोत्तम प्रथाओं पर सहयोग करने में सक्षम बनाया गया। कार्यशाला पेशेवर विकास के लिए एक मूल्यवान मंच साबित हुई, जिसने शिक्षकों को एनईपी-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

## पार्किंग को लेकर विवाद, दोनों पक्षों के खिलाफ शिकायत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की की पंचायत धुंदन के गोहर गांव में निजी पार्किंग को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। मामले में पुलिस थाना दाड़लाघाट में क्रॉस एफआईआर पंजीकृत की गई है और जांच जारी है। जानकारी के अनुसार नागेश कपिल ने शिकायत दर्ज करवाई कि जब वह दिन के समय अपनी निजी पार्किंग में गाड़ी लगाने गया, तो वहां पहले से एक अज्ञात वाहन खड़ा था, जिससे उसे मजबूरन अपनी गाड़ी घर के पास खड़ी करनी पड़ी। शाम को जब वह दोबारा पार्किंग में गाड़ी लगाने गया, तो उसी समय गांव का युवक राहुल अपनी गाड़ी पार्क कर रहा था। नागेश के मना करने पर राहुल ने गाली-गलौज की, मारपीट की और उसे व उसके परिवार को धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वहीं, राहुल कपिल ने भी नागेश कपिल के खिलाफ शिकायत देते हुए आरोप लगाया कि जब वह गांव के पास सड़क किनारे गाड़ी खड़ी कर रहा था, तो नागेश ने उसे रोक दिया और गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो नागेश ने उसके साथ मारपीट की। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

## नाहन के वार्ड-2 की बजाय वार्ड 12 में बनेगा मेडिकल कॉलेज भवन

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और अन्य संस्थाओं द्वारा जारी किए गए बयान पर विधायक अजय सोलंकी ने पलटवार किया।

मामले को लेकर विधायक नाहन में मीडिया से परिचित हुए। विधायक सोलंकी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज को नाहन से कहीं और शिफ्ट नहीं किया जाएगा। केवल मेडिकल कॉलेज की एक्सपेंशन को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। इसमें केवल मेडिकल कॉलेज भवन को नाहन के वार्ड नंबर-2 से शिफ्ट कर वार्ड नंबर-12 में स्थापित किया जाएगा। इसको लेकर वार्ड नंबर-12 में 161 बीघा भूमि का भी चयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए क्षेत्रीय अस्पताल इसी स्थान पर रहेगा और मेडिकल कॉलेज को एक्सपेंड किया जा रहा है। कुछ लोगों द्वारा मेडिकल कॉलेज को लेकर राजनीति कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है, जो कि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जो पैसा मेडिकल कॉलेज को लेकर यहां पर भवन बनाने में खर्च किया जा चुका है, उन भवनों का भी सही इस्तेमाल किया जाएगा। नाहन शहर को एक एमसीएच केंद्र और नर्सिंग कॉलेज की भी मंजूरी मिली है और इस भवन का इस्तेमाल इन दोनों संस्थानों के संचालन के लिए भी किया जा सकता है।

# अरुणाचल उत्सव में छाई सिरमौर की संस्कृति



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

आसरा संस्था जालग द्वारा भारत लोक संगीत अरुणाचल उत्सव में सिरमौर की विशुद्ध लोक सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन किया गया। अरुणाचल सरकार द्वारा 9 से 11 फरवरी तक नामसाई में आयोजित किए गए तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव के समापन दिवस पर हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा सिरमौरी नाटी के दल को सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए भेजा गया।

यह जानकारी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर जोगेंद्र हाब्बी ने दी। उत्सव में भारतवर्ष के कई राज्यों के कलाकारों के अलावा भूटान, थाईलैंड आदि देशों के नृत्यों का भी भरपूर दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। हिमाचल प्रदेश भाषा एवं संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार तथा सांस्कृतिक दल के साथ विभाग के सहायक निदेशक बिहारी लाल शर्मा की देखरेख में आसरा संस्था के कलाकारों द्वारा उत्सव के समापन अवसर पर सिरमौरी नाटी की विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां दी गई। अरुणाचल उत्सव के समापन पर मुख्यातिथि अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री चोउना मेन थे। आसरा संस्था के कलाकारों ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार डॉ. जोगेंद्र हाब्बी के नेतृत्व में महाभारत काल से संबंधित सिरमौर जनपद के आदिकालीन ठोडा नृत्य, दीपक, रिहाल्टी गी, मुजरा, परात तथा रासा आदि नृत्य विधाओं की प्रस्तुति देकर इस उत्सव में आए हजारों दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

## 24 को होंगे झूले, प्लॉट और लाइटों के टेंडर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक होली मेले के आयोजन की तैयारियों को लेकर नगर परिषद कार्यालय में विशेष बैठक नप चेयरपर्सन निर्मल कौर की अध्यक्षता में रखी गई, जिसमें एसडीएम और कार्यकारी अधिकारी का पद संभाल रहे गुंजीत चीमा भी विशेष रूप से रहे। यह बैठक होली मेले की तैयारियों को लेकर रखी गई, जिसमें आगमी टेंडर रखने को लेकर चर्चा की गई। कार्यकारी अधिकारी गुंजीत सिंह चीमा ने कहा कि होली मेले को लेकर 24 तारीख को झूले, प्लॉट, लाइटों के टेंडर होने हैं। मेले में क्या बेहतर और सुधार किया जा सकता है इस पर विशेष चर्चा रही। बैठक में चेयरपर्सन सहित वाइस चेयरमैन ओमप्रकाश कटारिया, पूर्व चेयरपर्सन एवं वर्तमान पार्षद सीमा चौधरी, राजरानी सैनी, दीपक मलनहंस, दीपा शर्मा, मीनू गुप्ता, ममता सैनी समेत मनोनीत पार्षद और जेई, वरिष्ठ लेखाकार बारु राम शर्मा, डॉ. रोहताश नांगिया, मधुकर डोगरी, रविंद्र पाल सिंह, अंजना भंडारी और राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## ई-ऑक्शन से मनपसंद नंबर लेने के लिए न्यूनतम बोली पांच लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले में वाहनों की नई पंजीकरण संख्या को परिवहन विभाग ने अधिसूचित किया है। कोई भी व्यक्ति ई-ऑक्शन के माध्यम से च्वाइस का नंबर हासिल कर सकता है।

परिवहन विभाग ने इसे अधिसूचित करते हुए ई-ऑक्शन में लोगों को बोली लगाने के लिए कहा है। नई सीरीज (एचपी 64 डी-0001) से शुरू होगी। इसमें न्यूनतम बोली पांच लाख रुपए की रखी गई है, जो भी व्यक्ति नंबरों के लिए आवेदन करेगा उसका पंजीकरण दो हजार रुपए में होगा और यह राशि नॉन रिफंडेबल होगी। प्रतिभागी द्वारा बोली के न्यूनतम मूल्य की 30 प्रतिशत राशि, जो एक लाख 50 हजार रुपए बनती है, उसे पहले जमा करवानी होगी। यह राशि सफल बोलीदाता के अतिरिक्त अन्य को असफल रहने पर पांच दिनों के अंदर वापस कर दी जाएगी। आवेदनों का पंजीकरण 15 फरवरी शाम पांच बजे तक होगा। रविवार के दिन पंजीकरण नहीं किया जाएगा। आवेदक केवल ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। बोली

**तीन दिन में जमा करवानी होगी बकाया राशि**

की शुरुआत बोली के न्यूनतम मूल्य यानी पांच लाख रुपए की 20 प्रतिशत राशि एक लाख रुपए की बढ़ोतरी के साथ होगी। बोली के लिए प्रारंभिक राशि छह लाख रहेगी। इसके पश्चात बोली न्यूनतम मूल्य पांच लाख की दस प्रतिशत राशि, जो कि 50 हजार होगी उसके साथ ही बढ़ सकती है।

ई-ऑक्शन का परिणाम रविवार शाम पांच बजे घोषित किया जाएगा। परिवहन विभाग के मुताबिक सफल बोलीदाता को बकाया राशि तीन दिन के भीतर 19 फरवरी तक जमा करवानी होगी। उसके उपरांत ही उसे नंबर आवंटित किया जाएगा। अगर सफल आवेदक किसी कारण विशेष पंजीकरण चिन्ह लेने में असमर्थ रहता है, तो उसके द्वारा जमा करवाई गई 30 प्रतिशत अग्रिम राशि जो डेढ़ लाख बनती है, वापस नहीं होगी। सरकारी कोष में यह राशि जमा होगी तथा यह नंबर दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को भी नहीं दिया जाएगा।

**मुकाबला** दो महीनों से चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

# महादेव पाहल ने सुपर स्ट्राइकर को 5 विकेट से हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, अर्की**

बसंतपुर के मस्तराम शाह क्रिकेट खेल मैदान में पिछले दो महीनों से चलने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस समापन पर मुख्यातिथि पंचायत बसंतपुर के वार्ड सदस्य धनीराम मौजूद रहे।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला महादेव 11 पाहल व सुपर स्ट्राइकर 11 बसंतपुर के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बसंतपुर ने 12 ओवर में 75 रन बनाए और महादेव पाहल ने 11.3 ओवर मे 5 विकेट से मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच पाहल के खिलाड़ी धीरज और सिरीज पाहल के राहुल को मिला। विजेता टीम पाहल को ट्राफी व 31000 रुपए नकद व उपविजेता टीम बसंतपुर को 15000 रुपए नकद व ट्रॉफी दी गई। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में सभी को नशे से दूर रहने तथा आपस में मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह जो खेल मैदान बनाया गया है। यह नशे से दूर रहने और खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए बनाया गया है, ताकि पंचायत बसंतपुर के युवा नशे से दूर रहे। उन्होंने अपनी ओर से आयोजन कमेटी के लिए 11000 देने की घोषणा की इस अवसर पर खेल समिति के अध्यक्ष पवन कुमार, श्यामलाल, विनोद कुमार, मस्तराम, राजीव, मनू आदि मौजूद रहे।




## न्यूज ब्रीफ

### 13 फरवरी को शाम की जलापूर्ति बंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** किसी टेलीकॉम एजेंसी द्वारा क्षतिग्रस्त 40 आई/डी राइजिंग मेन की तत्काल मरम्मत के कारण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा वीरवार को शटडाउन की अनुमति दी गई है। शटडाउन के दौरान, वाटर वर्क्स मनीमाजरा और वाटर वर्क्स सेक्टर 26 में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। उपरोक्त शटडाउन के कारण सेक्टर 32 से मनीमाजरा क्षेत्र और सेक्टर 26, चंडीगढ़ द्वारा पोषित क्षेत्र में कोई पंपिंग नहीं होगी। 1 से 12, 19, 20-ए और बी, 21-बी, 26 से 30, बापूधाम कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र पीएच-1 और संजय कॉलोनी, चंडीगढ़ तदनुसार, जल आपूर्ति समय की अनुसूची निम्नानुसार होगी। सुबह की सप्लाई 3.30 बजे से प्रातः 9 बजे तक होगी और शाम को 6 बजे रात्रि 8 बजे तक पानी की आपूर्ति नहीं होगी।

### छात्रों के लिए मुफ्त बस पास सुविधा जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन विभाग द्वारा 5 जुलाई 2024 से पूर्ववर्ती सरकार के 60 किलोमीटर व रिहायती बस पास सुविधा को बढ़ाते हुए हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, राज्य के बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से संबंधित सभी स्कूल, कालेज व संस्थानों के सभी विद्यार्थियों को 150 किलोमीटर तक के लिए मुफ्त बस पास सुविधा प्रदान की हुई है। विभाग द्वारा इस सुविधा में कोई भी बदलाव नहीं किया गया है तथा यह सुविधा पूर्व की तरह लागू है।

### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के दौरे को लेकर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा कार्यालय, सेक्टर 33, चंडीगढ़ में राकेश भल्ला, संयोजक, यूनियन बजट सेल द्वारा सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं भाजपा गुजरात प्रदेश अध्यक्ष के दौरे के उपलक्ष्य में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय टंडन ने भाजपा चंडीगढ़ की ओर से केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। महापौर हरप्रीत कौर बबला ने पाटिल को पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर पाटिल ने बबला को उनके हालिया चुनाव में जीत के लिए बधाई दी और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने जल शक्ति मंत्रालय के तहत उन्नत सिंचाई परियोजनाओं और प्रभावी जल प्रबंधन प्रणालियों के माध्यम से कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि ये पहल किसानों को फसल उत्पादकता और जल उपलब्धता में सुधार कर महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करेंगी।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 252 पर पहुंच गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बहुत खराब' तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में औसत से 1.6 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने दिन में तेज हवाएं चलने तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

### गहलोत ने हाईकोर्ट से अपनी अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को उस प्रावधान को चुनौती देने वाली अपनी याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस ले ली, जिसके तहत मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के मंत्रियों को विदेश यात्राओं के लिए केंद्र से राजनीतिक मंजूरी लेनी होती है। गहलोत अब बिजवासन क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं। उनके वकील ने न्यायमूर्ति सचिन दत्ता से कहा कि उनके मुवक्किल अपना मामला वापस लेना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिका को वापस लिए जाने के कारण खारिज किया जाता है।

### मणिपुर में तीन उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के अलग-अलग अभियानों में कथित तौर पर जबरन वसूली में शामिल तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित पीपुल्स रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ कांगलीपाक (पीआरईपीएके पीआरओ) संगठन से जुड़े दो उग्रवादियों को नामदुलोंग खुमान लम्पक मेन स्टेडियम सड़क पर गिरफ्तार किया गया।

### राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र का निधन



**लखनऊ।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का आज लखनऊ के एसजीपीजीआई में निधन हो गया। अस्पताल ने इसकी पुष्टि की है। उन्हें 3 फरवरी को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था और स्ट्रोक आने के बाद वह न्यूरोलॉजी वार्ड एचडीयू में थे। पीजीआई निदेशक डॉक्टर आरके धीमान के मुताबिक, डॉक्टरों निगरानी में लगातार उनका इलाज चल रहा था। ब्रेन स्ट्रोक के अलावा सत्येंद्र दास को कई अन्य बीमारियां भी थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर शोक जताया और कहा कि देश के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। वहीं, अमित शाह, नड्डा सहित अन्य नेताओं ने शोक जताया है।

# गुरु रविदास ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई : टंडन

## गुरु रविदास की गिनती भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में होती थी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



संत रविदास के जन्म के दौरान हमारे देश में रूढ़िवादिता, अंधविश्वास, आडंबर और धर्म व जातिपाति को लेकर काफी भेदभाव था। उन्होंने समाज से इन कुरीतियों को खत्म करके आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए भक्ति आंदोलन के मार्ग को अपनाया। उनकी गिनती भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में होती थी। यह बात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने कही।

टंडन ने गुरु रविदास जयंती पर सेक्टर 39 की गवर्नमेंट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उनके साथ निगम महापौर हरप्रीत कौर बबला, वरिष्ठ उप महापौर जसबीर सिंह बंटी, स्थानीय पार्षद गुरबख्श कौर रावत, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दविंदर सिंह बबला आदि भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह कनेर और महामंत्री बाबू लाल राम ने बताया कि माघ पूर्णिमा के पावन दिवस पर हर वर्ष गुरु रविदास की जयंती होती है। इसी दिवस के उपलक्ष्य में एसोसिएशन द्वारा श्री सुखमणि साहिब के पाठ का आयोजन किया गया था, जिसमें उपरोक्त सभी गणमान्य लोगों के साथ-साथ अन्य सैकड़ों लोगों ने पवित्र श्री गुरु ग्रन्थ साहिब पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया था।

इस मौके पर संबोधित करते हुए संजय टंडन ने सभी को सर्वप्रथम इस पावन अवसर की बधाई प्रदान की और कहा कि गुरु रविदास ने भक्ति मार्ग को अपनाकर भगवान की भक्ति को सर्वश्रेष्ठ बताया और निष्काम प्रेम तथा सेवा पर बल दिया। उन्होंने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई और अपने काव्य के माध्यम से लोगों को झूठे ढोंग, आडंबरों और रूढ़िवादिता से निकलने की शिक्षा प्रदान की। उनकी शिक्षाओं से हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व को बढ़ाना चाहिए।

इस मौके पर महापौर हरप्रीत कौर बबला ने सभी लोगों को बधाई प्रदान करते हुए कहा कि गुरु रविदास ने अपना जीवन सादगी और लोगों को जागरूक बनाने के लिए व्यतीत किया। उन्होंने विभिन्न काव्यों के माध्यम से झूठ पर प्रहार किया और लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षकों का उन्हीं के क्षेत्र के स्कूलों में होगा तबादला : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को इसी वर्ष लागू किया जाएगा। प्रदेश के 14 हजार सरकारी स्कूलों के 22 लाख विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत प्रदेश के करीब एक लाख शिक्षकों का टीचर ट्रांसफर पॉलिसी के तहत 31 मई 2025 तक ट्रांसफर करना सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रदेश के सरकारी स्कूलों के 22 लाख विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को और बेहतर करने का है प्रयास**



उन्होंने आगे बताया कि शिक्षकों को अपने जिले के ब्लाक के स्कूलों में तरजीह दी जाएगी, ताकि सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और बेहतर हो सके। पदों का रेशनेलाइजेशन का काम शुरू कर दिया गया है, जिसे 7 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले चरण में पीएमश्री व माडल संस्कृति स्कूलों में और इसके बाद अन्य सभी स्कूलों में शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाएगा।

शिक्षा मंत्री बुधवार को यहां स्कूल एजुकेशन के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रदेश के 1497 पीएमश्री, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी व हाई स्कूलों की लैब, कमरों, चारदीवारी बनाने कार्यों की समीक्षा की गई। इन स्कूलों में बजट जारी करके मार्च 2026 तक कार्य को पूरा करना सुनिश्चित किया जाएगा। स्कूलों में कंप्यूटर लैब, अटल टिंगरी लैब, वोकेशनल लैब व ओपन जिम की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों में खिलाड़ियों को बेहतर खेल के मैदान व खेल उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी प्रिंसिपल को पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी जाए कि स्कूल में खेल के मैदान की क्या स्थिति है, कौन से स्कूल में किस खेल के खिलाड़ियों ने कितने पदक जीते हैं, साथ में पीटीआई व डीपीई ने कितने खिलाड़ियों को तैयार में करने में योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि कमजोर प्रदर्शन वाले शिक्षकों पर नजर रखी जाएगी। वे स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा साइंस लैब बनाई जाएंगी, ताकि हमारे होनहार विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का मनवा सकें। इसी तरह से आर्ट क्राफ्ट के बच्चों की प्रतिभा को भी निखारा जाएगा। बैठक में स्कूल एजुकेशन के प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंकज अग्रवाल व निदेशक सेकेंडरी एजुकेशन जितेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महामंडलेश्वर संजनानंद गिरी ने चंडीगढ़ में चतुष्पथ धर्म यात्रा का किया शंखनाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कामाख्या शक्तिपीठ की उपासिका व निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी संजनानंद गिरी ने चडीगढ़ में आज आगामी अखिल भारतीय चतुष्पथ धर्म यात्रा में शामिल होने हेतु पंजाब व हरियाणा की जनता का आह्वान किया।



इस अवसर पर यूज्य महामंडलेश्वर संजनानंद गिरी ने मां कामाख्या व इस महान यात्रा का महात्म्य बतलाया कि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु वर्तमान में धर्म के प्रति लोगों में फैल रही अलग-अलग व्याख्याओं व गलत धारणाओं के निवारण व एक नूतन धर्म जन जागरण हेतु चतुष्पथ यात्रा के आयोजन का निर्णय किया है। ज्ञात हो कि सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माधिकारी आदि शंकराचार्य भगवान ने चतुष्पथ यात्रा करके नवधर्म जागरण किया था, स्वामी जी के अनुसार उपरोक्त याचा आगामी मार्च से शुरू होकर तकरीबन दो माह तक चलेगी, संपूर्ण यात्रा को दो चरणों में आयोजित किया गया है?

यात्रा की शुरुआत महामंडलेश्वर संजनानंद के मूल स्थान कामाख्या पीठ से शुरू होकर जोधपुर तक और चतुष्पथ यात्रा का द्वितीय चरण रामेश्वरम से शुरू होकर कश्मीर के लाल चौक पर जाकर संपूर्ण होगा। उपरोक्त यात्रा के मध्य में हिंदुस्तान के लगभग सभी प्रमुख शहरों में महामंडलेश्वर संजना नंद गिरी धर्म को लेकर विभिव आयोजन व व्याख्यानों को संबोधित करेगी। यात्रा के मीडिया सलाहकार दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि समूचे भारतवर्ष में प्रतिष्ठित लोग व कार्यकर्ता स्वामी जी के निर्देशन में तैयारियां कर रहे हैं।

# ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए खेल एक बड़ा माध्यम : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित कुश्ती तथा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हम सभी के लिए बड़ा अवसर है। उत्तराखंड के सभी लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी का बहुत धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें मेजबानी का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल गेम्स के सभी आयोजन बहुत अच्छे हो रहे हैं। अन्य प्रदेशों के जो खिलाड़ी आए हैं, वह भी एक अच्छा अनुभव देवभूमि से लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी खेल सुविधाएं विकसित हुई हैं और खिलाड़ियों ने भी बड़ा अच्छा प्रदर्शन करके राज्य का मान-सम्मान बढ़ाया है। पदक तालिका में भी हम टोप टेन में शामिल हैं, जबकि गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में हम 25 वें स्थान पर थे।

उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में बड़ी उपलब्धि मिल रही है। अब हमारी देवभूमि खेल भूमि के रूप में स्थापित होगी और यहां के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, ऐसे खिलाड़ियों को अच्छा स्थान मिलेगा, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खाली होते हैं तो बच्चों के नशे एवं ड्रग्स की लत की तरफ आकर्षित होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए खेल एक बड़ा माध्यम बनने वाला है। 15 फरवरी से शुरू होने वाली शारदीय कांवड़ यात्रा पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ यात्रा हमारे लिए बहुत बड़ा आयोजन है, राज्य सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा पर भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी। चार धाम यात्रा भी प्रारंभ होने वाली है, उसकी भी तैयारी कर रहे हैं।

## देश-विदेश

### हेराफेरी के आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव बोले

# पोल डाटा सिस्टम मजबूत है कुछ गलत नहीं हो सकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**मुख्य** चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि मतदान डाटा की प्रणाली मजबूत है और इसमें मौजूद सुरक्षा बिंदु सुनिश्चित करते हैं कि कुछ भी गलत नहीं हो सकता।

लोकसभा और विधानसभा चुनावों में डेटा में हेराफेरी के आरोपों के बीच उनकी यह टिप्पणी आई है। लोकसभा 2024 एटलस को लांच करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव ने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों सहित लाखों अधिकारी डाटा फीड करते हैं। उन्होंने कहा कि एक डिजाइन के रूप में कुछ भी गलत नहीं हो सकता है, क्योंकि सिस्टम लाल झंडे दिखाता है।

उन्होंने कहा कि इससे चुनाव आयोग को अत्यधिक विश्वास होता है कि कुछ भी गलत नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अगर कोई गलती करता है, तो सिस्टम उसे स्वीकार नहीं करेगा।

### केंद्र ने यूपीएस लागू होने की कोर्ट को दी जानकारी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को अधिसूचित कर दिया है। इससे न्यायिक अधिकारियों की पेंशन संबंधी चिंताएं दूर हो सकती हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई 12 सप्ताह के लिए टाल दी है। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए और पीठ को एकीकृत पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने केंद्र के वकीलों की दलीलों को सुना। पीठ ने कहा कि अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि यूपीएस न्यायिक अधिकारियों सहित सभी कर्मचारियों की पेंशन संबंधी चिंताओं को दूर कर सकती है।

# मुफ्त की योजनाओं के ऐलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा- इससे लोग काम नहीं करेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने चुनावों से पहले मुफ्त में चीजें देने की घोषणाओं की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि लोग काम करने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें मुफ्त में राशन और पैसे मिल रहे हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि दुर्भाग्यवश, मुफ्त की इन सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए ही धनराशि मिल रही है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए आश्रय की व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जाएगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल को केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी इलाकों में गरीबी को मिटाने के लिए प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रही है।

### शीना बोरा हत्या मामला : आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को नहीं मिली विदेश जाने की इजाजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शीना** बोरा हत्या मामले में आरोपी इंद्राणी मुखर्जी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने मुखर्जी को विदेश जाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस एम एम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इंद्राणी मुखर्जी की याचिका पर निचली अदालत को यह निर्देश दिया कि वह एक साल के भीतर इस मामले की ट्रायल को पूरा करे। हालांकि, कोर्ट ने इंद्राणी को विदेश जाने की अनुमति देने के अनुरोध पर कोई राहत नहीं दी। इंद्राणी मुखर्जी ने इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने उनकी विदेश जाने की याचिका खारिज कर दी थी।

### यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ प्राथमिकी

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने शहर की यात्रा के दौरान सुरक्षा मुहैया कराए जाने संबंधी दावे को लेकर यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि यादव को कोई आधिकारिक सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। यूट्यूबर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया है।

# एयरो इंडिया 2025 : एयरोस्पेस ने प्रदर्शित किए आधुनिक हथियार व भविष्य की टेक्नोलॉजी

**एजेंसी, बेंगलुरु**

अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की ओर से एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2025 में भविष्य की टेक्नोलॉजी और आधुनिक हथियार दिखाए गए। अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी के स्टॉल, एयरो इंडिया के 15वें संस्करण में प्रमुख आकर्षक केंद्रों में से एक थी, जहां आधुनिक हथियार और भविष्य की डिफेंस टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया गया है। अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के स्टॉल पर मुख्य आकर्षण व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम था, जिसे कंपनी ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर विकसित किया है।



# राष्ट्रपति मुर्मू 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में होंगी शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगी। इनके अलावा राजनीति, व्यापार, कला और समाज सेवा के क्षेत्र की कई प्रभावशाली महिलाएं उपस्थित रहेंगी। 14 से 16 फरवरी तक आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 60 से अधिक वक्ता और 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

पिछले लगभग दो दशकों में अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन में 115 देशों से 463 प्रतिष्ठित वक्ता और 6,000 से अधिक प्रतिनिधि एक साथ एक मंच पर आए हैं। इस वर्ष सम्मेलन में राष्ट्रपति के अलावा, कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, श्रम और रोजगार मंत्रालय एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की राज्य मंत्री शोभा, कॉमनवेल्थ की महासचिव पेट्रीशिया स्कॉटलैंड, जापान के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी आकी आबे, प्रसिद्ध फिल्म निर्देशिका अश्विनी अय्यर तिवारी, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियां हेमा मालिनी और शर्मिला टैगोर, बॉलीवुड स्टार सारा अली खान और सोनाक्षी सिन्हा सहित उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

### भारत-म्यांमार सीमा पर जब्त की 173.73 करोड़ की 'मेथामफेटामाइन' गोलियां

**आइजोल।** मिजोरम के चंफाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा पर 173.73 करोड़ रुपए मूल्य की 'मेथामफेटामाइन' की गोलियां जब्त की हैं। असम राइफल्स ने यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स और मिजोरम पुलिस ने संयुक्त रूप से नौ फरवरी को जोखावथर में एक सीमा चौकी पर 57.9 किलोग्राम 'मेथामफेटामाइन' जब्ती की। संयुक्त टीम ने अवैध खेप ले जा रहे संदिग्ध व्यक्तियों को देखा और उन्हें रोक लिया। हालांकि, संदिग्ध सामान छोड़कर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने 173.73 करोड़ रुपए मूल्य की खेप जब्त कर ली है और मामले की जांच की जा रही है।

# सेंसेक्स 122 अंक गिरकर 76,171 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** बुधवार को दिन के निचले स्तर 75,388 से 783 अंक संभला। यह 122 अंक की गिरावट के साथ 76,171 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी निचले स्तर 22,798 से 247 अंक की रिकवरी देखने को मिली। यह 26 अंक की गिरावट के साथ 23,045 स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स के रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.74 फीसदी की गिरावट रही। एशियाई बाजार में कोरिया के कोस्पी में 0.37 फीसदी की तेजी रही। हांगकांग के हैंगसेंग में 2.64 फीसदी की तेजी और चीन के शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में 0.85 फीसदी की तेजी रही। 11 फरवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,486.41 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 4,001.89 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### सैनिकों पर दिए बयान के मामले में राहुल गांधी तलब

**लखनऊ।** लखनऊ की एक अदालत ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कथित तौर पर भारतीय सैनिकों के लिए मानहानिकारक बयान देने के मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को तलब किया है।



अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम एल) आलोक वर्मा ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की है। इससे पहले सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की थी।

# पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत कांग्रेस में शामिल



**एजेंसी, कोलकाता**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने चार साल बाद कांग्रेस में वापसी कर ली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष शुभंकर सरकार की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए।

अभिजीत ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ संघर्ष के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। अभिजीत मुखर्जी 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे, लेकिन तृणमूल में उन्हें कोई खास जिम्मेदारी नहीं मिली। पार्टी ने उन्हें न तो लोकसभा का टिकट दिया और न ही विधानसभा चुनाव में उतारा। पिछले कुछ महीनों से वह तृणमूल में अपनी भूमिका को लेकर असंतोष जता रहे थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एक्शन को लेकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज कुहनेमन का होगा बायोमीट्रिक टेस्ट

**सिडनी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान अंपायरों द्वारा गेंदबाजी एक्शन की शिकायत किए जाने के बाद आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमन की बायोमीट्रिक जांच होगी। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने कहा कि कुहनेमन की शिकायत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से की गई है और



अगर गेंदबाजी एक्शन अवैध पाया जाता है तो उन पर प्रतिबंध लग सकता है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा,''श्रीलंका के खिलाफ गॉल में दूसरे टेस्ट के दौरान मैच अधिकारियों द्वारा की गई शिकायत की जानकारी ऑस्ट्रेलियाई टीम को दी गई है। हम पूरे मामले में मैट का सहयोग करेंगे।''

### ई-स्पोर्ट्स पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करना स्वागत योग्य

**नई दिल्ली।** ई-स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार कार्यक्रम में शामिल करने के खेल मंत्रालय के फैसले का स्वागत करते हुए ईएसएफआई ने कहा कि इससे जमीनी स्तर पर खेल में भागीदारी बढ़ेगी। मंत्रालय ने 51 खेलों की सूची जारी की है, जिसके खिलाड़ी नकद पुरस्कारों के पात्र होंगे। इनमें ओलंपिक खेल, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में शामिल सारे खेल हैं। इसमें मलखंब, ई-स्पोर्ट्स और खोखो को भी रखा गया है। भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ के निदेशक और एशियाई ई-स्पोर्ट्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा,''यह भारतीय ई-स्पोर्ट्स के लिए ऐतिहासिक पल है। ई-स्पोर्ट्स पदक विजेताओं और उनके कोचों को नकद पुरस्कार के रूप में सरकार से मान्यता मिलना इन खेलों के लिए बड़ा कदम है।''

### धवन सहित चार खिलाड़ी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के प्रतियोगिता दूत नियुक्त

**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान और दुबई में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुधवार को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धवन के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों को प्रतियोगिता दूत नियुक्त किया है, उनमें पाकिस्तान के सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी शामिल हैं। यह चारों खिलाड़ी प्रतियोगिता के दौरान इस टूर्नामेंट को लेकर कॉलम लिखेंगे और मैचों में भी उपस्थित रहेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में विश्व की सर्वश्रेष्ठ आठ टीम भाग लेंगी। धवन ने जारी विज्ञप्ति में कहा, ''चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना विशेष एहसास है तथा आगामी टूर्नामेंट का दूत के रूप में लुत्फ उठाना बड़ा सम्मान है। यह अपनी तरह की खास प्रतियोगिता है जिससे मेरी कई यादें जुड़ी हैं।''

### नाशरा स्टाइल को लेकर दिखती हैं अलग

**पाकिस्तान।** नाशरा संधू का जन्म पाकिस्तानी के लाहौर में हुआ है। वह फिलहाल पाकिस्तान टीम की स्पिन गेंदबाज हैं। इस महिला क्रिकेटर ने बहुत कम समय में अलग पहचान बनाई है। वह मैदान पर अपने स्टाइल को लेकर सबसे अलग दिखती हैं।



### टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका के पिता का निधन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के पिता गिरीश बत्रा का यहां दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मनिका के पिता का मंगलवार को निधन हुआ और उसी दिन इंद्रपुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी प्रार्थना सभा वीरवार को रखी गई है। मनिका भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने महिला युगल में रजत और मिश्रित युगल में कांस्य भी जीता था।

# भारत ने किया क्लीन स्वीप, इंग्लैंड से जीती सीरीज

## तीसरे और अंतिम वन-डे में दी 142 रन से करारी शिकस्त, गिल की सेंचुरी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंग्लैंड ने पहले बॉलिंग चुनी। भारत ने पचास ओवर में 356 रन बनाए और इंग्लैंड को 357 रनों का टारगेट दिया था। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में सिर्फ 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड से एक भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, आदिल रशीद ने 4 विकेट लिए।

इससे पहले भारत की ओर से ओपनर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। शुभमन गिल ने सातवां वनडे शतक ठोंका। उन्होंने 102 गेंदों में 14 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली। विराट कोहली (52) और श्रेयस अय्यर (78) ने अर्धशतकीय पारी खेली। कोहली ने 55 गेंदों का सामना करने के बाद 7 चौके और छक्का जमाया। वहीं, अय्यर ने 64 गेंदों में 8 चौके और 2 छक्के मारे।

गिल ने कोहली के साथ 116 और अय्यर के संग 104 रनों की पार्टनरशिप की। केएल राहुल ने 40 रन बनाए। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने 17, वॉशिंगटन सुंदर ने 14 और अक्षर पटेल ने 13 रनों का योगदान दिया। कप्तान रोहित शर्मा महज 1 रन ही बना सके। इंग्लैंड के लिए स्पिनर आदिल रशीद ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। मार्क वुडे ने दो जबकि साकिब महमूद, जो रूट और गस एटकिंसन के खाते में एक-एक विकेट आया। दोनों टीमों का आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले यह आखिरी मैच था।




शतक लगाने के बाद खुशी व्यक्त करते शुभमन गिल।

### शुभमन गिल का करियर का सातवां शतक

**भारतीय** टीम के उपकप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और वनडे करियर का अपना सातवां शतक जड़ा। गिल इस सीरीज में शानदार फॉर्म में रहे और उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपनी फॉर्म साबित की। गिल का आईसीसी टूर्नामेंट से पहले इस फॉर्म में होना भारत के लिए अच्छा संकेत है। शुभमन ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शतक लगाया। गिल ने इस मैदान पर सभी प्रारूप में शतक लगाया है और वह दुनिया के पांचवें ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने एक ही स्थल पर हर प्रारूप में सैकड़ा जड़ा है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित क. सॉल्ट ब. वुड | 01 | 02 | 0/0 |
| गिल ब.रासिद | 112 | 102 | 14/3 |
| कोहली क. सॉल्ट ब. रासिद | 52 | 55 | 7/1 |
| अय्यर क. सॉल्ट ब. रासिद | 78 | 64 | 8/2 |
| राहुल ब. महमूद | 40 | 29 | 3/1 |
| पांड्या ब. रासिद | 17 | 09 | 0/2 |
| पटेल क. बैंटन ब. रूट | 13 | 12 | 2/0 |
| वॉशिंगटन क. ब्रुक ब. वुड | 14 | 14 | 1/0 |
| राणा क. बटलर ब. एटकिंसन | 13 | 10 | 1/1 |
| अर्शदीप (रन आउट) | 02 | 02 | 0/0 |
| कुलदीप (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 13 | | |
| **कुल : (50 ओवर)** | **356/10** | | |

**विकेटपतन :** 1-6, 2-122, 3-226, 4-259, 5-289, 6-307, 7-333, 8-353, 9-353., **गेंदबाजी :** महमूद 10-0-68-1, वुड 9-1-45-2, एटकिंसन 8-0-74-1, रूट 5-0-47-1, राशिद 10-0-64-4, लिविंगस्टोन 8-0-57-0.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शॉल्ट क. पटेल ब. अर्शदीप | 23 | 21 | 4/0 |
| डकेट क. रोहित ब. अर्शदीप | 34 | 22 | 8/0 |
| बैंटन क. राहुल ब. यादव | 24 | 29 | 0/0 |
| रूट ब. पटेल | 24 | 29 | 2/0 |
| ब्रुक ब. राणा | 19 | 26 | 1/1 |
| बटलर ब. राणा | 06 | 09 | 0/0 |
| लिविंगस्टोन स. राहुल ब. सुंदर | 09 | 23 | 1/0 |
| एटकिंसन ब. पटेल | 38 | 19 | 6/1 |
| रासिद ब. पांड्या | 00 | 05 | 0/0 |
| बुड क. अय्या ब. पांड्या | 09 | 07 | 2/0 |
| महमूद (नाबाद) | 02 | 04 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | **12** | | |
| **कुल : (34.2 ओवर)** | **214/10** | | |

**विकेटपतन :** 1-60, 2-80, 3-126, 4-134, 5-154, 6-161, 7-174, 8-175, 9-193, 10-214.

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 5-0-33-2, राणा 5-1-31-2, सुंदर 5-0-43-1, पटेल 6.2-1-22-2, पांड्या 5-0-38-2, यादव 8-0-38-1.

## सावन बने भारत के 'गोल्डन ब्वॉय'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

5000 मीटर और 10,000 मीटर दौड़ में तोड़े राष्ट्रीय रिकॉर्ड

जोगिंद्रनगर उपमंडल के युवा धावक सावन बरवाल ने उत्तराखंड के गंगा स्टेडियम में चल रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों के दौरान, जोगिंद्रनगर के युवा धावक सावन बारवाल ने अपनी जबरदस्त गति और मेहनत से भारतीय एथलेटिक्स में एक नई मिसाल कायम की। सावन ने 5000 मीटर और 10,000 मीटर की दौड़ में दो नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किए हैं, जिससे वह अब 'गोल्डन ब्वॉय ऑफ इंडिया' के रूप में पहचाने जा रहे हैं।



सावन ने 5000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए 13.45 सेकंड में दौड़ पूरी की, जो कि 10 साल पुराने 13.54 सेकंड के रिकॉर्ड से 9 सेकंड बेहतर है। यह रिकॉर्ड उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के दौरान अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से तोड़ा और एक नई ऊंचाई हासिल की। इससे पहले, यह रिकॉर्ड राष्ट्रीय स्तर पर 10 साल से कायम था।

सावन के कोच गोपाल ठाकुर ने कहा कि सावन ने पिछले कुछ वर्षों में अथक मेहनत की है और इसका परिणाम हमें आज देखने को मिला है। उनका यह सफलता का सफर कई सालों से चल रहा था, और आज उन्होंने दो रिकॉर्ड तोड़कर भारत के एथलेटिक्स को गर्व महसूस कराया। हम विश्वास करते हैं कि वे साल 2026 एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रभाकरण की नियुक्ति पर केंद्र और एआईएफएफ से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा जिसमें आरोप लगाया गया है कि महासंघ के महासचिव के रूप में अनिलकुमार प्रभाकरण की नियुक्ति राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने दिल्ली फुटबॉल क्लब के निदेशक रंजीत बजाज की याचिका पर केंद्रीय खेल मंत्रालय, एआईएफएफ के साथ-साथ प्रभाकरण को नोटिस जारी करके दो सप्ताह के अंदर जवाब देने के लिए कहा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने प्रभाकरण को पद से हटाने की मांग की और कहा कि उन्हें महासचिव पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता था क्योंकि उन्हें पहले एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में चुना गया था। एआईएफएफ ने पिछले साल जुलाई में केरल के रहने वाले प्रभाकरण को अपना महासचिव नियुक्त किया था।




## सोलन ने चंबा को एक पारी और 13 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

सीनियर जिला तीन दिवसीय प्रतियोगिता के तहत चंबा का मुकाबला सोलन के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला में हुआ। चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 172 रन बनाए, अभिषेक ने 29, ऋषि ने 25, चंचल ने 33 रन बनाए।

विपिन ने घातक गेंदबाजी से 11 विकेट झटके

सोलन के विपिन शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को आउट किया। नोनिहाल ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, पारस और मोहम्मद सोहराब ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। सोलन की टीम ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट खोकर 405 रन बनाए और पारी को घोषित कर दी। दीपेंद्र राणा ने 78 रन, अनिरुद्ध ठाकुर 116 रन नाबाद, राहुल 137 रन, विपिन ने नाबाद 28 रन बनाए। प्रशांत ने दो, रिपाक ने एक, रोहित नारंग ने दो, ऋषि महाजन ने एक एक विकेट लिया। चंबा की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट खोकर 220 रन बनाए, जिसमें विकास ने 22, अभिषेक ने 50, रोहित नारंग ने 35 और रिपाक ने नाबाद 30 रन बनाए। विपिन ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके। पारस धानिक ने 2, नोनिहाल ने एक खिलाड़ी को आउट किया, सोलन ने चंबा को एक पारी 13 रन से हराकर टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## सेंट जॉर्ज क्रिकेट मैदान पर संगीत और क्रिकेट का अनूठा संगम है ब्रास बैंड

**गक्बेरहा।** कोई पेट्रो डीजल मैकेनिक है तो कोई हार्बर पर काम करता है तो कोई सेल्समैन है, लेकिन हर मंगलवार और वीरवार की शाम को अढ़ाई घंटे ये सभी मिलकर संगीत का रियाज करते हैं। ऐसा संगीत जो यहां के ऐतिहासिक सेंट जॉर्ज पार्क क्रिकेट मैदान की विरासत बन चुका है।

समंद्र के किनारे बसा दक्षिण अफ्रीका का खूबसूरत शहर (जिसे पहले पोर्ट एलिजाबेथ कहा जाता था) यूं तो शांत और सुस्त सा दिखता है, लेकिन इस अनूठे ब्रास बैंड की सुरलहरियों से देश के सबसे पुराने क्रिकेट मैदानों शुमार सेंट जॉर्ज पार्क में जबर्दस्त ऊर्जा और आनंद का संचार होता है। वर्ष 1994 से अब तक (2003 विश्व कप को छोड़कर) हर क्रिकेट मैच में यह बैंड मौजूद रहा है। आम तौर पर क्रिकेटप्रेमियों को मैदान पर डीजे का तेज शोर वाला संगीत सुनने की आदत है, लेकिन यहां उन्हें कैलिप्सो, जैज या आर्केस्ट्रा सुनने को मिलता है।

एक जैसे कपड़ों में बैंड के बीस से अधिक संगीत के साधक सदस्यों को मैदान के ओल्ड स्टैंड पर लकड़ी की बनी सीटों पर तुरही, ड्रम या टुबा बजाते हुए देखा जा सकता है। घास पर आराम से पसरे दर्शक, अपनी मिनी क्रिकेट किट से पीछे क्रिकेट खेलते बच्चे और बैंड की धुनें इस मैदान पर क्रिकेट देखने के अनुभव को खास बनाती हैं। वर्ष 1998 में बैंड से जुड़े अर्ल स्मिथ ने भाषा से कहा,''यह बैंड 1994 में इस मैदान को अलग माहौल देने के लिए पहली बार बजाया गया और प्रबंधन को यह पसंद आया जिसके बाद उन्होंने संस्थापकों से करार किया। इसके बाद से 2003 विश्व कप को छोड़कर हर मैच में यह बैंड बजा है।''

## चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान बने स्टीव स्मिथ

**सिडनी।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी, जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वनडे विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा,''हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है।'' गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही वनडे सीरीज भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे।



## मकाऊ को हराकर भारत बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, किंगदाओ (चीन)**

भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप डी के शुरुआती मुकाबले में बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हरा दिया। पिछले सत्र में दुबई में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम अब क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। दूसरे और आखिरी ग्रुप मैच में वीरवार को उसका सामना कोरिया से होगा।



मिश्रित युगल टीम सतीश कुमार करुणाकरण और राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता आद्या वरियाथ ने लोक चोंग लियोंग और वेंग चि एंग के खिलाफ पहला मैच 21-10, 21-9 से जीता। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पांग फोंग पुइ को 21-16, 21-12 से हराया। मालविका बंसोड ने महिला एकल में हाओ वाइ वान के खिलाफ 21-15, 21-9 से जीत दर्ज की। चिराग शेट्टी और एम आर अर्जुन ने पुरुष युगल मुकाबले में चिन पोन पुइ और कोक वेन वोंग को 21-15, 21-19 से हराया। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने एंग वेंग चि और पुइ चि वा को 21-10, 21-5 से मात दी।

**असमंजस** | कोच गौतम गंभीर का फलसफा रहा है कि जितना अधिक जोखिम, उतना ही अच्छा फल

# चैंपियंस ट्रॉफी टीम के चयन में लिया जोखिम क्या भारत के आएगा काम?

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कोच गौतम गंभीर का फलसफा रहा है कि जितना अधिक जोखिम, उतना ही अच्छा फल, लेकिन चोट के कारण करिश्माई तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के बाद क्या यह रणनीति भारत के लिए कारगर साबित होगी? इस सवाल का जवाब सीधा नहीं है, चूंकि अंतिम 15 को चुनते समय काफी जोखिम लिया गया। दुबई जाने वाली टीम में पांच स्पिनर रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती होंगे।

बुमराह की जगह हर्षित राणा ने ली है, जबकि अधिक अनुभवी मोहम्मद सिराज को युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और हरफनमौला शिवम दुबे के साथ रिजर्व में रखा गया है जो टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगे। भारत के मैच दुबई में होने हैं जहां आम तौर पर वनडे क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को अधिक कामयाबी मिली है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर 2009 के बाद से 58 वनडे खेले जा चुके हैं, जिसमें तेज गेंदबाजों को पांच से कम की इकॉनामी दर से 466 विकेट मिले हैं। स्पिनरों को 334 विकेट मिले हैं और उनकी किफायत दर 4.2 रही है।




एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा,''दुबई में पिच से गेंदबाजों को शारजाह की तुलना में अधिक मदद मिलती है। तेज गेंदबाजों को यहां कामयाबी मिलती रही है जिसकी वजह से पाकिस्तान ने टीम में अधिक तेज गेंदबाज चुने हैं हालांकि उन्हें यहां ज्यादा मैच नहीं खेलने हैं।'' पांच स्पिनरों को लेकर जाने की रणनीति भी समझ से परे हैं हालांकि, चक्रवर्ती को उनके शानदार फॉर्म के कारण चुना गया। वह इसी मैदान पर हालांकि टी20 विश्व कप 2021 में नाकाम रहे थे।

चैंपियंस ट्रॉफी में लीग चरण में भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से खेलना है और इनमें से कोई चक्रवर्ती को पहले नहीं खेला है। जडेजा और अक्षर का खेलना लगभग तय है और चक्रवर्ती के खेलने पर कुलदीप को बाहर रहना पड़ सकता है।

रोहित शर्मा का कहना है कि पुरानी गेंद से उतने प्रभावी नहीं होने के कारण सिराज को बाहर रखा गया। राणा ने टी20 में पदार्पण करके छठे गेंदबाज के तौर पर 33 रन देकर तीन विकेट लिए थे। वनडे में उन्होंने मैच के तीन चरणों में तीन स्पैल डाले।

### कमर की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए बुमराह




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कमर की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी पुष्टि की। चयन समिति ने पाकिस्तान में 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बुमराह की जगह हर्षित राणा को टीम में शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने वरुण चक्रवर्ती को भी टीम में शामिल किया है। वह यशस्वी जायसवाल की जगह लेंगे, जिन्हें शुरुआत में घोषित टीम में शामिल किया गया था। हाइब्रिड मॉडल समझौते के तहत भारत टूर्नामेंट के अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा।

## अफगान स्पिनर गजांफर चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर

**काबुल।** अफगानिस्तान के युवा आफ स्पिनर एएम गजांफर कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और आईपीएल दोनों से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे को 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिये टीम में शामिल किया गया है।



बीस वर्ष के खरोटे बाएं हाथ के स्पिनर हैं और पिछले साल पदार्पण के बाद से सात वनडे और छह टी20 मैच खेल चुके हैं। गजांफर को पिछले साल अफगानिस्तान के जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक्स पर लिखा,''एएम गजांफर चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उन्हें कमर के निचले हिस्से में फ्रेक्चर हुआ है। उन्हें जिम्बाब्वे दौरे पर चोट लगी थी और वह कम से कम चार महीने बाहर रहेंगे।'' आईपीएल 21 मार्च से 25 मई तक होना है, जिसमें गजांफर को मुंबई इंडियंस के लिए खेलना था। अफगानिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में पहला मैच कराची में 21 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से खेलना है।